लोकनायक

मुरलीधर व्यास

स्मृति ग्रन्थ

बालचद साँड
वास्ते लोकनायक मुरलीधर व्यास स्मृति ग्रन्थ
प्रकाशन समिति, कलकत्ता

लोकनायक

मुरलीधर व्यास

स्मृति ग्रंथ

स भवानी शकर व्यास 'विनोद'

संस्करण अक्टूबर 1990

मूल्य एक सौ एक रुपये मात्र

प्रकाशक
बालचंद सोढ
वास्ते लोकनायक मुरलीधर व्यास स्मृति ग्रंथ प्रकाशन समिति कलकत्ता

सम्पर्क
द्वारा संगीता टेक्सटाइल्स एजेंसी
178 महात्मा गांधी रोड (पांचवी मंजिल)
कलकत्ता 700 007

वितरक
जगदीप बिस्सा
शिव ट्रेड हाउस
न्यू सकुलर मार्केट बीकानेर 334 001

आवरण व सज्जा
अमित भारती

मुद्रक
सोखला प्रिण्टर्स
चन्दन सागर बीकानेर

Loknayak Murli Dhar Vyas Smriti Granth
(Biography edited by B S Vyas) Rs 101 00

अपना कुछ भी नहीं

लोकनायक मुरलीधर व्यास का स्वर्गवास हुए अब 19 वर्षों से अधिक का समय बीत चुका है। उनकी मृत्यु के तत्काल बाद जिस पीढ़ी ने जन्म लिया, उसमें से अधिकांश ने आम चुनावों में अपने प्रथम मताधिकार का प्रयोग भी कर लिया है यानी एक पूरी वयस्क पीढ़ी समाज के सामने आ चुकी है। इस पीढ़ी ने मुरलीधर व्यास को काया रूप में कभी नहीं देखा। हाँ, उनके बारे में बहुत कुछ सुना है और उनकी मूर्तियों से प्रेरणा भी ली है। इस पीढ़ी के सामने भी यदि आदर्श नेता की बात उछाली जाए तो पहला नाम जो जुबान पर आएगा वह मुरलीधर व्यास का ही होगा। पुरानी पीढ़ी के लोगों ने तो व्यासजी को अपने सुख दुख के साथी के रूप में खूब देखा परखा था दीन दलितों के लिए जूझते देखा, विधान सभा में गरजते देखा, जनसभाओं में हुंकारते देखा, आन्दोलनों में गिरफ्तार होते हुए देखा, केस पकड़ कर घसीटे जाते और लाठियाँ खाते हुए भी देखा। 1948 से 1971 तक के 23 24 वर्षों का परिदृश्य उनकी स्मृति-पटल में आज भी इतना सजीव और मार्मिक है कि मृत्यु की घटना या उसके बाद के 19 वर्ष भी उसे विस्मृति की ओर नहीं धकेल सकते।

लोग कहते, 'यह व्यक्ति गरीबी में रहा, गरीबी में जीया और गरीबी में मरा लेकिन मन से कभी गरीब नहीं रहा। मानवीय मूल्यों की अपार सम्पत्ति का खजाना हमेशा उसके पास रहा। जब तक जीया, चर्चित रहा। आज भी 'जीवित' नेताओं से कहीं अधिक चर्चित है।'

लोकनायक व्यास को देश के कर्णधारों का सान्निध्य मिला। बचपन में महात्मा गाँधी के वर्धा आश्रम के निकट के नवजीवन विद्यालय में पढ़ते समय उन्होंने गाँधीजी के खूब दर्शन किये, उनके प्रवचनों को सुना। वहाँ आने वाले नेताओं—सुभाष, नेहरू, विनोबा, जाकिर हुसैन, श्री मन्नारायण आदि से प्रभावित हुए और फिर राष्ट्रीय नेताओं के निकट सम्पर्क में आते गये। उनकी प्रतिभा को पहचानने वालों में प्रमुख थे—आचार्य नरेन्द्र देव, जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया, अरुणा आसफ अली, प्रेम भसीन, अशोक महता, नाथ प, एन जी गोरे और समरगुहा आदि। साथी थे—चन्द्रशेखर मधु दण्डवते, सुरेन्द्र मोहन, समरेन्दु कुन्दु एवं अनेक ऐसे नेता जो आज की राजनीति के दिव्य नक्षत्र हैं। अपने दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के तो वे जीवन पर्यन्त सदस्य रहे। राजस्थान विधान सभा में विरोधी दल के नेता के रूप में उन्होंने जो दस्तावेजी कार्य किये, वे अब इतिहास का अंग बनने जा रहे हैं।

इन सभी कार्यों को करते हुए भी उन्होंने न तो मन में कटुता रखी और न वैयक्तिक विद्वेष को ही अपने जीवन का अंग बनाया। मूल रूप में वे 'राजनेता' थे ही नहीं। उनके जीवन का अध्याय तो संवेदना की स्याही से लिखा हुआ था। वे एक नाट्य लेखक और रंगकर्मी थे, कवि, कलाकार और पत्रकार थे, अच्छे वक्ता, और व्याख्याकार थे और सबसे ऊपर वे एक श्रेष्ठ इंसान थे। उनका फक्कड़पन भी लुभावना था। एक साथ कई ध्रुवों पर संघर्ष करते हुए भी वे 'अजेय' थे। प्रखर विरोधी के भी मन से मित्र थे अतः अजातशत्रु थे।

इस ग्रंथ में मेरा कोई विशेष अवदान नहीं है। मैंने तो सैकड़ों-हजारों लोगों की भावनाओं को पिरोया भर है। कईयों की भाषा और भावों को यथावत् उद्धृत किया है। उनके पत्रों, चित्रों और दस्तावेजों को आधार बनाया है। मौखिक साक्षात्कारों और अनौपचारिक वार्ताओं के आधार पर घटनाओं के तिथिक्रम को व्यवस्थित रूप दिया है। इसके अलावा मेरा कोई योग नहीं है इस ग्रंथ में। हाँ, यह चेष्टा अवश्य रही है कि किसी भी व्यक्ति का न तो चरित्र हनन हो, न उस पर व्यक्तिशः लांछन लगाया जाए। बात जब मुरलीधरजी की करनी है तो दूसरों को लांछित करने या हेय सिद्ध करने का अधिकार हमें किसने दिया? अपनी ओर से ऐसा प्रयास मैंने कभी नहीं किया। जो कुछ लिखा, उद्धृत किया या संकलित किया वह सब पत्रों, दस्तावेजों और साक्षात्कारों के मूल शब्दों पर आधारित है।

अब रही धन्यवाद की बात। स्व. मुरलीधर व्यास स्मृति ग्रंथ प्रकाशन समिति के अनथक प्रयासों से यह ग्रंथ सामने आया है। व्यासजी के शिष्यों का इसमें विशेष अवदान है। सैकड़ों लोगों ने मौखिक वार्ताओं, साक्षात्कारों, संस्मरणों और दस्तावेजी सामग्रियों से हमें सहयोग दिया है। ये सब धन्यवाद के पात्र हैं। साथ ही उन सभी ज्ञात, अज्ञात व्यक्तियों के प्रति भी हम कृतज्ञ हैं जो मुरलीधरजी के व्यक्तित्व के सम्मोहन से जुड़े हुए हैं और चाहते हैं कि ऐसा ग्रंथ तत्काल सामने आए जो उनके 'नेता' के अमरत्व को रेखांकित कर सके।

ऐसे ग्रंथों में कमियाँ होती हैं और आगे भी रहेंगी। मुरलीधरजी जैसे लोकनायक पर जितनी बातें कही जाती हैं उनसे कहीं अधिक अनकही रह जाती हैं। जो व्यक्ति लोगों के आख्यानों और संस्मरणों में जीवित हो, उसके व्यक्तित्व और कृतित्व पर 200 तो क्या 2000 पृष्ठ भी लिखे जाएँ तो भी कुछ न कुछ तो ऐसा रहेगा जो लिखने से रह गया हो। ऐसी कमियाँ हमें और अधिक लिखने के लिए उत्प्रेरित करती हैं तथा और अधिक ग्रंथ सामने आते हैं। यही तो हमें अभीष्ट है।

यह कहना मेरी अतिरिक्त विनम्रता नहीं कि ग्रंथ में जो भी कमियाँ हैं वे मेरी अपनी हैं। एक इच्छा अवश्य है कि सुधी पाठक कमियों की ओर ज्यादा ध्यान न देकर भावना की ओर देखेंगे।

—सम्पादक

अनुक्रम

न।—
के अन्वषी है,
के पथिक हैं और
पर चलत हुए
के लिए तैयार रहते हैं।

बिम्ब-बिम्ब चैतन्य

लोकनायक मुरलीधर व्यास का नाम लेते ही जो बिम्ब बनता है वह आस्था, विश्वास एवं निष्ठा के व्यक्तित्व का बिम्ब है। बीकानेर की जनता के लिए व्यासजी समाजवादी आंदोलन के प्रतीक भी थे और पर्याय भी। इससे थोड़ा आगे बढ़कर कहें तो उनका नाम सत्य और ईमानदारी का निर्भीकता और त्याग का सेवा और परोपकार का पर्याय था। वे उन लोगों के लिए भी आस्था का केन्द्र थे जिन्होंने समाजवाद का नाम शायद पहली बार सुना था। लोग उनकी बातों से आश्वस्त होते थे क्योंकि वे जानते थे कि व्यासजी जो कुछ कहते हैं वह सच ही होता है। वे राजनीति में सत्य के पक्षधर थे अतः साफ सुथरी और बेबाक राजनीति करते थे। छल छद्म दुराव और दोगलेपन की राजनीति उन्हें रास नहीं आती थी।

आज राजनीति का जो विकृत रूप हमारे सामने आया है व्यासजी उससे एकदम अलग थे। उनकी बातों में न तो राजनीतिक क्षुद्रता की गंध आती थी और न वे राजनीति के घटिया खेल खेलते ही थे। उनके लक्ष्य स्पष्ट विचार सुलझे हुए तथा साधन पवित्र थे। एक चरित्रवान राजनेता के रूप में उन्होंने राजनीति में ईमानदारी चारित्रिक निष्ठा एवं सत्य के अध्याय जोड़े। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्होंने राजनीति को विश्वसनीय बनाया।

व्यासजी का एक पारंपरिक समाज में कार्य करना था। वे उसकी सीमाओं रूढ़िगत आस्थाओं और दुर्बलताओं को जानते थे। वे जानते थे कि शताब्दियों तक सामन्ती व्यवस्था में रहने वाले लोगों में कुछ बंधी बंधाई धारणाएँ होती हैं। देवपूजा सामन्तपूजा और पुरानी मान्यताओं की अंधश्रद्धा उनके रक्त में घुल मिल गई है। ऐसे समाज को समाजवादी विचारधारा की ओर ले जाना लोक जागृति के लिए जन जन को जुझारू संघर्ष के लिए तैयार करना और फिर अधिकारों के प्रति निरन्तर सचेष्ट बनाये रखना एक बहुत ही कठिन कार्य था। व्यासजी ने इस कठिन कार्य में भी सफलता प्राप्त की। वे पारम्परिक समाज में जागृत लोक चेतना के केन्द्र बन गये।

यह बात नहीं कि बीकानेर के लोग संघर्ष करना जानते ही नहीं थे। राज सत्ता के समर्थन के साथ साथ राजतन्त्र के विरोध की समानान्तर धारा भी यहां चलती रही

की। इस विचारधारा के प्रतीक थे बाबू मुक्ताप्रसाद जिन्होंने सार्वजनिक व लोक कल्याण कार्यों से चेतना का श्रीगणेश किया था। उन्होंने औषधालय, वाचनालय, प्याऊ तथा शिक्षण संस्थान सरीखी संस्थाओं के माध्यम से जन कल्याण के कार्य किए तथा युवा शक्ति को जोड़कर उसे जागरूक बनाया। असहाय और निर्धन जनों के मुकदमों की निःशुल्क पैरवी करना, राष्ट्रीय नायक वीरों की जयंतियाँ मनाना और इस प्रकार स्वतन्त्रता आन्दोलन की पृष्ठभूमि तैयार करना उनका लक्ष्य था। जागरूक राज्य सत्ता ने उन्हें निर्वासित कर दिया। आजादी की मशाल को जलाए रखने का कार्य फिर भी जारी रहा। यह संग्राम एवं रघुवरदयाल गोयल जैसे अनेक लोगों ने उस लोक चेतना को जीवित बनाए रखा। पर यह सब स्वतन्त्रता प्राप्ति से पहले की कहानी है।

स्वातन्त्र्योत्तर काल में मूल्यों की तरह रिश्तों में भी परिवर्तन आया। सामन्ती राज तो चला गया पर सामन्ती संस्कार फिर भी बने रहे। बाबू मुक्ताप्रसाद जैसे पुरोधा और योद्धा अब नहीं थे। जो रह गए उनमें से कुछ सत्ता पक्ष की ओर उन्मुख हो गए और कुछ संन्यास की ओर। एक जबरदस्त रिक्तता थी। एक ऐसी रिक्तता जो भटकाव को जन्म देती है। स्वभाव से सत्ता की ओर रहने वाला पारम्परिक समाज ऐसे समय में सहज ही भटकाव में आ सकता है। ऐसा भी लगा था पर तभी उसकी तंद्रा एक झटके के साथ टूट गई और वह झटका देने वाले थे स्वर्गीय लोकनायक मुरलीधर व्यास।

व्यासजी को लोगों ने सहज रूप में तत्काल ही स्वीकार लिया हो—ऐसी बात भी नहीं थी। लोगों ने उनकी 'विलक्षणता' को देखा परखा, कभी विस्मय किया तो कभी सन्देह। विस्मय इस बात का था कि जो व्यक्ति सादे व्यवहार में इतना सहज, सरल और साधारण हो वह सत्ता के फौलादी पंजों को तोड़ने में कैसे सक्षम हो सकता है? और सन्देह इस बात का था कि वर्षों से आये इस अपरिचित अनजाने व्यक्ति का साथ देना कहाँ तक ठीक रहेगा? फिर जब सन्देह निर्मूलित होने लगा तो विश्वास अंकुरित हुआ। विश्वास से आस्था और आस्था से अनुसरण की प्रवृत्ति जगी और अनुसरण भी इस हद का कि जिस भी आन्दोलन का आह्वान होता हजारों हजारों लोग स्वतः ही उमड़े पड़ते थे। विस्मय से अनुसरण तक की यह लम्बी यात्रा बीकानेर के इतिहास के लगभग दो युगों की यात्रा है।

व्यासजी इतने सरल स्वभाव के थे कि साधारण से साधारण आदमी भी उन्हें अपना समझता था और इतने असाधारण थे कि सत्ता के शक्तिशाली केन्द्र भी उनसे संकोच करते थे। विचारों के इतने प्रखर थे कि सैकड़ों प्रलोभन भी उन्हें डिगा नहीं

मक्त थे और व्यक्तिगत सम्द था म स्तन मधुर भी थे कि विराधियो के प्रति भी उनके मन म काई कटुता नहीं थी। अपने विरोधी विचारधारा के व्यक्तियो के घरेलू समाराहा म बिना झिझक के आ-जा सकते थ पर मचा पर या विधान सभा म उनकी बखिया उधेडने म भी सबस आगे रहत थे। ये बिंदु परस्पर विराधाभास के लग सकते हैं पर उनका समग्र व्यक्तित्व इन्ही सब से मिलकर बना था। लोक व्यवहार म मक्खन की तरह कामल दिखने वाला यह व्यक्ति भ्रष्टाचार के आरोप लगाते समय वज्र से भी अधिक कठोर दिखाई देता था।

वे एक राजनीतिक दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी क सदस्य थे—पर दल के 'टलटल' से फिर भी दूर थे। दल की भीतरी गुटबंदिया म उनका कोई विश्वास नहीं था। उनम सगठन कौशल की अद्भुत क्षमता थी। जिन लागो ने उन पर व्यक्ति वादी होने का आरोप लगाया वे भी जानते है कि जितने अधिक राजनीतिक कार्यकर्त्ता व्यासजी ने दिये उतने वे सब मिल कर भी नहीं दे सकते। व्यासजी द्वारा तैयार किये हुए कार्यकर्त्ता आज भी विभिन्न दलो सगठनो एव सस्थाओ म सक्रिय रूप स कार्यरत हैं। उन्होंने ऐस ठोस कार्यकर्त्ता तैयार किय जो न आदोलना म डरते हैं न जल जाने से न डर कर समझौता करते हैं और न सच्चे माग स विचलित ही होते हैं। राजनीतिक चेतना के लिए जिस मानव शक्ति की जरूरत होती है वह व्यासजी न दी उसे आदालित भी किया और उद्वेलित भी। उस खराद पर चढ़ाया अग्नि परीक्षा म तपाया और खरा सोना बनाया।

व्यासजी का युग राजस्थान म सत्ता म सक्रिय सघर्ष का युग था। उ होने आन्दोलनो की एक शृखला सी चलाई। वे मानते थ कि आदोलन जनशक्ति का और अधिक प्रखर करते हैं उसम और अधिक आत्म विश्वास भरते हैं। गृह निकासी आन्दोलन गोवा आन्दोलन जामसर जिप्सम मजदूरो का आन्दोलन दूध निकासी आदोलन तो मुख्य हैं ही टेके ताग वालो ठेले वाला सरकारी कर्मचारियो विद्यार्थियो रेल्वे कर्मचारियो टक्सी और टक वाला कारखानो के मजदूरो मध्य-अल्प आय व्यापारियों साधारण उपभोक्ताओ से लेकर वकीलो व अन्य बुद्धिजीवियो तक को उन्होने आन्दोलित किय गया। सत्ता पर समझ गया कि व्यासजी के रहते हुए वह भ्रष्ट आचरण नहीं कर सकता और यदि भ्रष्ट आचरण करते पकड़ा गया तो फिर विरोध की सशक्त आवाज और आन्दोलन की तीखी धार स नही बच सकता।

व्यासजी कठिन परिस्थितियो म भी अविचलित रहते थ। घटनाओ का दबाव उन्हें भटका नहीं सकता था। उनके बच्चो की रोटी पर कई बार बिलावो की नजर थी पर उन्होंने कभी समर्पण नहीं किया। भूख की आच न उनको और अधिक

रूप बनाया। हजारों बेघर लोगों के हकों की रक्षा करने वाले व्यासजी अपने लिए एक छोटा सा घर भी नहीं बना सके। हर बच्चे की शिक्षा के लिए लड़ने और जेल जाने वाले व्यासजी अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का प्रबंध तक नहीं कर पाये थे। जिसका एक पग घर में और एक जन मंच के लिए बेताब हो उससे भला और क्या अपेक्षा की जा सकती है?

विधान सभा में वे चाहे अकेले हों अथवा विरोधी सदस्यों के साथ विरोध करते। वे नेता ही रहे। वे अकेले ही राज्य सत्ता को हिलाने में काफी थे जब और विरोधी दल भी साथ देते तब तो उनकी शक्ति स्वतः ही कई गुणा हो जाती थी। विधान सभा में उनकी सिंह गर्जना अध्यक्ष तक एवं पुलिस आरक्षक इस तरह छाये रहते कि मंत्रिगण मंत्री रूप में उपेक्षा करने की हिम्मत तक नहीं कर सकते थे। राजस्थान भर के समाचार पत्रों ने उनके वक्तव्यों को हमेशा सुविधा के साथ छापा। प्रदेश के सभी लोगों ने उनमें एक सफल लोकनेता की झलक देखी। क्रांतिधर्मी लोगों ने उनको रहनुमा माना और साधारण जनता मजदूरों और मध्यम श्रेणी के लोगों ने उनको समीप के रूप में लिया।

व्यासजी आत्मीयता, सहृदयता एवं अपनत्व के प्रतीक थे। उनकी मधुर मुस्कान, स्निग्ध वाणी, सहजता और प्रेम भावना विरोधियों को भी दिल जीत सकती थी। लोक सेवा उनके जीवन का एक मात्र ध्येय था और लोक जागरण उनका अभीष्ट। अपने सेवापरक और निष्ठापूर्ण जीवन से वे अपने आप में एक संस्था बन चुके थे। वे एक मिसाल थे जिसे आने वाले कई युग अपने सामने रखा करेंगे। व्यासजी ने व्यक्तियों को वर्गों, धर्मों अथवा संकुचित विचार वीथियों में बांट कर नहीं देखा। धर्म निरपेक्षता उनके लिए श्वास की तरह स्वाभाविक प्रक्रिया थी तो लोकतंत्र हृदय के स्पंदन की तरह जरूरी तथ्य। जुल्मों का प्रतिकार करने में वे सदैव अग्रणी रहते थे पर व्यक्ति के कुकर्मों से घृणा करते हुए भी स्वयं व्यक्ति से घृणा नहीं करते थे। वे उत्पीड़ित एवं दलित लोगों के त्राता थे। हर आंख का आंसू पोंछने में तत्पर रहने वाले और हर पीड़ित के हिमायती थे। ऐसे व्यक्ति शताब्दियों में जाकर पैदा होते हैं और जब कभी सामने आते हैं—आने वाली कई शताब्दियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं।

उगते सूरज की साख

व्यासजी न जीवन के कुल 53 बस त ही देखे । जितनी अनुभव यात्रा उ होने इस छोटे से जीवन म की उतनी बिरल लाग ही कर पाते हैं। वे कवि कलाकार रगकर्मी नाटक लेखक व्यायामविद शिक्षक समाजसेवी एव राजनेता तो थे ही मानव मूल्या के पापक और त्यागवृत्ति वाले अपरिग्रही मत भी थे। परिव्राजक क रूप म उन्हाने गाव गाव की परिक्रमा की, प्रदेशा म घूम घूम कर भारत दर्शन किया तथा विदेशो की यात्रा भी की। गरीब की झोपडी मे लेकर राज प्रासादा तक उनकी पहुच थी। जहा मजदूर से मिलन व खुद दौड कर जात थ, मिल मालिक को उनस मिलन क लिए स्वय आना पडता था।

महात्मा गाधी जस महान नेताओ क सम्पक म तो वे बचपन म ही आ गय थे। उनको सुभाषचद्र बोस जयप्रकाश नारायण एव राममनोहर लोहिया जसे क्रातिकारी नेताओ का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। एक दशक तक बीकानेर नगर का राजस्थान विधान सभा म प्रतिनिधित्व किया तेईस वर्षो तक प्रतिपक्ष व सघष की राजनीति को सम्बल दिया प्रा तीय स्तर पर दल के अध्यक्ष और म त्री रह तथा राष्ट्रीय कायकारिणी क सदस्य भी बन रह। गौरव मण्डित होकर भी व पूणत सहज सरल निस्पह निरभिमानी एव सब सुलभ थ। त्याग उनका मूल म त्र था तो फक्कडपन उनका स्वभाव। वे मुस्कानें लुटाते थ प्रेम से दिल जीतते थ और विरोधिया तक का अपना बनाने म सिद्ध हस्त थ। 53 वष की उम्र वस तो बहुत छोटी है पर ऐसी विशाल अनुभव सम्पदा को देखत हुए मानव का महानता को आकन क लिए म पर्याप्त है।

व्यासजी का जन्म 4 जुलाइ 1918 का हिंगनघाट नगर म हुआ। यह महा राष्ट्र राज्य क वधा जिल म स्थित है। मध्यम श्रेणी के ब्राह्मण कुल म जन्म लेकर समाजवाद की अलख जगान वाल इस महान नेता का शशव हिंगनघाट म ही बीता। पिता श्री सूरजकरण जी व्यास स जहा उन्होन सकल्प की दढता आर सिद्धान्त प्रियता सीखी वहा माता श्रीमती कस्तूरी देवी स पारम्परिक सस्कार भी प्राप्त किय। पाचवी कक्षा उत्तीण करन क बाद व्यासजी हिंगनघाट स वधा आ गय। छठी स मट्रिकुलशन तक की शिक्षा उ होन मारवाडी विद्यालय वधा म ही

प्राप्त की। यहा उन्हे हास्टल म रहना पडता था—घर स दूर परिजना स दूर ममता क स्नेहिल वातावरण स दूर पर व्यासजी ने जल्दी ही अपन आपको होस्टल क वातावरण म ढाल लिया। नन्हें नन्हें बालका के रूप म उन्हें नय नय मित्र मिले—हम उम्रा का समूह मिला और शीघ्र हा घर जसा वातावरण बन गया। होस्टल क जीवन का सबस बडा सुख यह था कि वहा महात्मा गाधी क दशनो का लाभ सहज म ही मिल जाता था। इसी नव भारत विद्यालय क पास स्थित महिला आश्रम म महात्मा गाधी रहा करत थ। विद्यालय एव छात्रावास पर महात्मा गाधी की विचारधारा का प्रखर प्रभाव था। सारे छात्र खादी के वस्त्र पहनत तथा दश प्रम क गीत गुनगुनाया करत थ। काग्रस सेवा दल क बडे सदस्या की नकल करत हुए व भी अपने छाटे–छाटे सवा दल बनात ब दे मातरम् गात झण्डे को सलामी दते तथा माचपास्ट किया करत थ। इस लघु समार क रचाव म व्यास जी का बडा भारी यागदान था।

गाधीजी वर्धा म भी रहत थे और इसी कारण वर्धा देश विदेश के आकषण का केद्र स्वत ही बन गया। देश क प्राय सभी प्रख्यात नता शिक्षाविद एव समाज सुधारक वहा आते और महात्माजी से मत्रणा किया करत थ। उनम पडित नहरू आचाय कृपलानी जमनालाल बजाज पट्टाभि सीतारामय्या विनोबा भावे काका साहब कालेलकर किशोर लाल मश्रुवाला श्रीयुत् श्री कृष्णदास जाजू कुमारप्पा एव आय नायकम् आदि प्रमुख थ। एक बार सुभाष बाबू भी वहा आय थ उ होन हिन्दी म भाषण दिया था। व्यासजी क जीवन का स्वत ही एक दिशा मिलती जा रही थी। उनका बीज– व्यक्तित्व विकासमान अकुरण की ओर बढन लगा था।

विद्यालय और छात्रालय (छात्रावास) म वड बडे नेताआ क भाषणा का आयाजन किया जाता। काग्रस क गम और नम दल वाल नेताआ के अतिरिक्त समाजवादी विचारका क भाषण भी हाते। व्यासजी उन विचारका क भाषण सुनते, अपनी बालबुद्धि स उनका मूल्याकन करत तथा उनम से जो अनुकूल हाता उसे अपनी विचारधारा का अग बना लेत। यह क्रम निर तर चलता रहा। विद्यालय म उन्हे श्री दामलेजी व छात्रालय म श्री भिडे का माग दशन प्राप्त हुआ। व्यासजी विद्यालय क ता कप्तान थ ही छात्रालय म भी व वर्षों तक कप्तान रहे। विद्यार्थी साथियो म वे इतन अधिक लोकप्रिय थ कि उनक स्थान पर किसी अय का कभी नही चुना गया। जब तक व छात्रालय म रह कप्तान ही बन रहे। श्री गणश शुक्ल भिडे छात्रालय क अधीक्षक थ। उनकी इच्छा थी कि चुनाव हो तथा नया कप्तान बन पर छात्र व्यासजी के अतिरिक्त किसी और को चाहते ही नहा थ। अत कोई परिवतन नही हा सका। कप्तान क रूप म उ होने कभी

किसी छात्र की शिकायत नहीं की। उनकी स्वयं की कार्य प्रणाली ऐसी थी कि शिकायत का अवसर आ ही नहीं सकता था। छात्र स्वतः ही अनुशासित थे अतः स्वतः स्फूर्त प्रेरणा से कार्य करते थे। अधिकारीगण भी आश्वस्त थे कि व्यासजी के रहते अनुशासन की कोई समस्या नहीं आ सकती।

अपने सुगठित शरीर एवं आकर्षक व्यक्तित्व से उन दिनों भी वे लोगों को प्रभावित करते थे। छात्रालय में रहते हुए उन्होंने लाठी व तलवार चलाने का अभ्यास किया। कुश्ती में दक्षता प्राप्त की तथा तैरने में कुशलता हासिल की। वे हर कार्य विशिष्ट योग्यता की सीमा तक किया करते थे। लाठी चलाते समय वे अकेले होते तथा बीस पच्चीस छात्र सामने होते। सबको छूट थी कि वे व्यास जी पर लाठियों का मनचाहा वार करें पर व्यासजी थे कि चक्रावार लाठी चलाकर सबको परास्त कर देते थे। जब साइकिल चलाने की कला सीखी तो उनमें भी विशिष्टता का प्रदर्शन ही किया। वे एक साथ 14-14 छात्रों को बिठा कर साइकिल चला सकते थे। आगे पीछे की खूंटियोंपर आगे पीछे के मडगाडों पर हैण्डल पर कंधों पर एक दूसरे के सहारे से खड़े बैठे 14 छात्र एक ही साइकिल पर चलते तथा ऊपर बैठे छात्र जयहिन्द बोलते। बड़ा ही रोचक दृश्य बनता था।

व्यासजी कुश्ती के भी शौकीन थे। भिन्न भिन्न प्रकार के दावपेच सीखना नियमित दंड बैठकें लगाना अखाड़े में साथियों को ललकारना आदि उनका नियमित क्रम था। एक बार उनकी कुश्ती अपने से दुगुने वजन और डील डौल के लड़के से रख दी गई। लड़का हिंगनघाट का ही था। वर्धा में आयोजित इस कुश्ती ने आकर्षण और कुतूहल का एक ऐसा वातावरण बनाया कि सैकड़ों लोग कुश्ती देखने एकत्रित हो गये। लोग सोचते थे कि व्यास जी अवश्य हारेंगे क्योंकि कुश्ती जोड़ की नहीं थी। बराबरी की जोड़ होती तो बात और थी पर यहां तो दुगुने वजन और डील-डौल का पहलवान सामने था। कुश्ती शुरू हुई और ज्यों ज्यों दाव पेच होने लगे लोगों का विस्मय भी बढ़ने लगा। व्यासजी अनेक दाव पेचों में सिद्धहस्त थे। अतः मौका पाकर उन्होंने विपक्षी पहलवान को ऐसा उठा कर फेंका कि लोग देखते ही रह गये। इस कुश्ती से व्यासजी का आत्म विश्वास और अधिक बढ़ गया। आगे जाकर जीवन में उन्हें कई क्षेत्रों में कई भारी भरकम पहलवानों से जूझना पड़ा तथा लोग जानते हैं कि व्यासजी ने कभी मैदान नहीं छोड़ा।

मेला म उनका विनोद स्थान सभ्य ही बना रहा । अन्य बातो के अलावा वे एक अत्यन्त ही कुशल तराक और फुटबाल के उत्तम खिलाडी भी थ । पानी म घण्टा तरना एक छोर स दूसरे छोर तक तरते हुए निकल जाना ऊचाई स पानी म कूदना शवासन की मुद्रा म बिना हिले डुले काफी समय तक पानी म पड रहना आदि उनके लिए बायें हाथ का खल था । फुटबाल म भी उन्होन अपनी टीम की कप्तानी की थी ।

व्यासजी को सर्वाधिक प्रेरणा अपने गुरुओ से मिली । सौभाग्य स उन दिनो नव भारत विद्यालय राष्ट्रीय गतिविधियो का केन्द्र बना हुआ था । उसके प्रधानाचाय थ श्री ई डब्ल्यू आयनम् जो विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टगोर के सचिव भी रह चुके थे । श्री नायकम् मूलत श्रीलका के निवासी थ । अपने नाम के आग आय नाम लगाकर व आय नायकम् बन गये थे । उन्होने एक बगाली महिला आशा देवी स शादी की । श्री नायकम् जहा भी भाषाओ के ज्ञाता थे श्रीमती आशा नायकम अग्रेजी व संस्कृत म दक्ष थ होने के साथ साथ संगीत के क्षत्र म भी विशेष योग्यता रखती थी ।

जिन अन्य महिलाओ न व्यासजी को अत्यधिक प्रभावित किया उनम सरला बेन एव शाता बेन प्रमुख थी । य दोनो विदेशी महिलाए महात्मा गाधी के आश्रम म रहती और अतिरिक्त समय म नव भारत विद्यालय म अध्यापन भी करती थी । सरला बेन वाणिज्य एव बाल क्रीडाओ के कालाश लेती थी । शाता बेन जो मूलत जमन महिला थी बच्चो को हाकी खेलना सिखाया करती थी । इस तरह श्री आय नायकम श्रीमती आशा आय नायकम सरला बेन शाता बेन छात्रालय के अधीक्षक श्री गणश हरि भिडे एव विद्यालय म श्री दामले जस समर्पित व्यक्तियो के कुशल नतत्व एव अध्यापन म व्यासजी का विकास हुआ । देश के नताओ के निरतर सम्पर्क स उनकी चेतना को सदव स्फूर्ति मिलती रही तथा समाजवादी एव क्रातिधर्मी नेताओ के ओजस्वी भाषणो का उन पर अमिट प्रभाव पडा । बचपन की एसी प्रयोगशाला म स निकला यह किशोर एव नक्षत्र की तरह चमत्कृत हुआ जिसका मूल श्रेय नव भारत विद्यालय के वातावरण को ही है ।

शिक्षा मण्डल की व्यवस्था श्रीयुत् श्रीकृष्णदास जी जाजू अध्यक्ष श्री जमनालाल जी बजाज की देख रेख म करत थ । नव भारत विद्यालय उसी का अग था । त्याग मूर्ति श्री बजाज खोज खोज कर प्रतिभा सम्पन्न लोगो को उस विद्यालय म लाया करत थ । उन्ही दिनो श्रीयुत् श्री म नारायण अग्रवाल मारवाडी शिक्षा मण्डल के मत्री बन कर आये । अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारो स श्री अग्रवाल ने भी छात्रो को

अत्यधिक प्रभावित किया । वे एक प्रमुख शिष्य गान्धी के । [illegible]
में वे विदेशों में भी व्याख्यान कर चुके थे । [illegible]
की शादी सेठ जमनालाल बजाज की द्वितीय पुत्री [illegible]
का आयोजन गांधीजी के वर्धा आश्रम के निकट [illegible]
गया । सारा प्रबंध स्वयं सेवकों के हाथों में था । [illegible]
श्री मुरलीधर व्यास ही थे ।

इस शादी का वर्धा के जन जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव [illegible] । [illegible]
पर्दे बिना घूंघट के और बिना किसी आडम्बरी [illegible] । [illegible]
वातावरण में वर-वधू ने परस्पर मालाओं का आदान प्रदान किया [illegible] महात्मा
गांधी का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

सेठ जमनालाल बजाज एक समर्पित भावना के व्यक्ति थे । [illegible] का
भवन उन्होंने ही बनवाया था तथा सारी व्यवस्था का भार उनके कंधों पर [illegible] ।
बजाज परिवार से व्यासजी का घनिष्ठ सम्बन्ध हो गया । सेठ जमनालालजी [के]
पुत्र रामकृष्ण बजाज तो व्यासजी के सहपाठी ही थे । व्यासजी के [illegible]
प्रसंगों में वे व्यासजी के साझीदार थे ।

इधर व्यासजी का विद्यार्थी काल चल रहा था और दूसरी ओर देश में आजादी
के आन्दोलन का दौर दिन दिन तेज होता जा रहा था ।

1937 से 1942 तक का समय भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास का
तीव्र आन्दोलनकारी समय था । 1937 में ही अनेक राज्यों में कांग्रेसी सरकारों
का गठन सम्भव हुआ । कुछ अन्य राज्यों में मुस्लिम लीग की सरकारें भी बनी ।
अत्यन्त ही सीमित अधिकारों एवं निरंकुश ब्रिटिश [illegible] के अधीन कार्य
करने वाली ये सरकारें अधिक समय तक नहीं टिक [सकीं] । अन्त उनका विघटन
हुआ । एक बार फिर आन्दोलन ने जोर पकड़ा । बीच-बीच में समझौते भी होते रहे ।
इसी दौरान द्वितीय महायुद्ध छिड़ गया । अंग्रेजों ने महात्मा गांधी का समर्थन
चाहा ताकि भारतीय सैनिक युद्ध में भेजे जा सकें । महात्मा गांधी ने स्वतन्त्रता
प्राप्त करने की शर्त पर समर्थन देना स्वीकार किया [illegible] अंग्रेजों के विश्वास
घात से वे इतने अधिक तिलमिला उठे कि उन्होंने 9 अगस्त 1942 को अंग्रेजों
भारत छोड़ो की ऐतिहासिक घोषणा कर [दी] । [illegible] जेलों में ठूंस दिये
गये-लाठी चार्ज आंसू गैस और गोलियों की [illegible] एक बार पुन
प्रदर्शित की गई ।

इस एतिहासिक विप्लवी युग म श्री मुरलीधर व्यास 1936 स 1941 तक नव भारत विद्यालय के छात्र रहे। देश म ऐसी युग परिवतनकारी घटनाएँ घटती रहें और व्यासजी जस सवेदनशील छात्र अप्रभावित रह यह कस हो सकता था। गाधीजी का जादू तो उन पर था ही वे समाजवादी विचारका स भी बहुत प्रभावित थ। इस बहुआयामी प्रभाव न भी उनक व्यक्तित्व म भिन भिन सोपान जोड़े।

1937 म श्री आय नायकम् क प्रयत्ना स नव भारत विद्यालय म एक अखिल भारतीय बुनियादी शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता श्री प्रफुल्लचन्द्र राय न की। उसम मुख्य अतिथि का दायित्व निर्वाह किया डाक्टर जाकिर हुसन न जो कालान्तर म भारत के राष्ट्रपति बन। महात्मा गांधी द्वारा उद्घाटित इस सम्मेलन न देश म प्रचलित शिक्षा प्रणाली क समानान्तर बुनियादी शिक्षा प्रणाली का प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव के अनुसार विद्या मन्दिर की स्थापना की गई। नई तालीम सघ का गठन हुआ। भारत क प्राय सभी शीष नता इस अवसर पर उपस्थित थ जिनम पंडित नहरू सरदार पटल और मौलाना आजाद मुख्य थ।

नयी शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य था कि शिक्षा सवसुलभ हो—अनिवाय प्राथमिक शिक्षा सभी का प्राप्त हो शिक्षित लोग देहाता म जाकर अन्य लोगा का शिक्षित करें—वे जीवन को स्वावलम्बी बनाने म समथ हा तथा श्रम के प्रति निष्ठा प्रतिष्ठापित हो सक। व्यासजी न भी इसी शिक्षा प्रणाली का ग्रामीणो म प्रचार प्रसार किया।

व्यासजी के जीवन पर श्री आय नायकम् क चरित्र का गहरा प्रभाव पडा। श्री नायकम् नवभारत विद्यालय का शान्ति निकतन जसा शिक्षा क द्र बनाना चाहते थ। उन्होन प्रधानाचाय बनत ही स्कूल म बत का प्रचलन बन्द कर दिया। विद्यालय का समय परिवतन करके प्रात कालीन पारी म व्यायाम अनिवाय कर दिया। जल्दी उठन नियमित काय करने के आदश स्वय क उदाहरण व आचरण स स्थापित किय तथा विद्यार्थियो म राष्ट्रीय भावना का सचार किया। विद्यार्थी व्यायाम के पश्चात नींबू और चना का सवन करत। सारी व्यवस्था किशोर छात्र मुरलीधर व्यास के कन्धा पर थी। नायकम् चाहत थ कि इस विद्यालय के छात्र आगे जाकर नौकरी के चक्कर म नही पडें। स्वावलम्बन से अपना स्वय का धन्धा शुरू कर सकें। इसी उद्देश्य की पूर्ति क लिए उ होने विद्यालय म मिट्टी क खिलौने बनान सिलाई करने बढई का काय करने साबुन बनाने कागज बनान आदि कई

उद्योगा का प्रशिक्षण दिया । भूगोल और इतिहास का ज्ञान सिनेमा स्लाइडस की विधि से देने का प्रयोग भी किया जाता । स्लाइडस के माध्यम से खेती करन की नवीन विधियां का भी ज्ञान दिया जाता ।

उन्ही दिना इस विद्यालय म स्पन के श्री फिशर भी आये जो द्वितीय महायुद्ध मे अपन दश की नीति स नफरत करने के कारण भारत आ गये थे । वे खेलकूद के प्रभारी थे । व गाधीजी क पास आश्रम म रहते तथा छात्रो को खेलकूद की विशिष्ट शिक्षा देते थ । श्री फिशर प्रत्यक काय अपन हाथ से करत । व्यासजी पर उनका भी अनुकूल प्रभाव पडा । आगे जाकर अमरावती म जो प्रशिक्षण उन्हाने लिया उसके पीछे श्री फिशर जसे व्यक्तियो की प्रेरणा ही थी ।

कालान्तर म नवभारत विद्यालय के भवन म गोविन्दराम सक्सरिया वाणिज्य महाविद्यालय आ गया । विद्या भवन अन्यत्र स्थानान्तरित हो गया । स्वावलम्बी विद्यालय मारवाडी विद्यालय आदि अनक स्कूल एक अन्य स्थान पर सवश्री दामल एव गणश हरि भिडे आदि की स्वतन्त्र कमटी के अधीन सचालित हाते रह । जो आज भी चल रह है ।

श्री गणेश हरि भिड तो अधीक्षक थ ही । श्री नबदा प्रसाद केवलिया उप अधीक्षक एव प्रधानाध्यापक बनाये गये । आजकल श्री केवलिया वर्धा म शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय के प्रधानाचाय हैं । व्यासजी क सहपाठियो म रामकृष्ण बजाज, नबदा प्रसाद केवलिया, बलीराम वनमाली गोपीकृष्ण टावरी अयोध्या प्रसाद धाडक नथमल व्यास, विठठल व्यास एव लक्ष्मण सिंह यादव के नाम उल्लेखनीय है । स्वर्गीय श्री बलीराम वनमाली वर्धा म वाणिज्य महाविद्यालय क प्रधानाचाय रह चुक हैं । श्री गोपीकृष्ण टावरी नागपुर के प्रसिद्ध एडवोकेट रहे हैं । श्री लक्ष्मण सिंह यादव न व्यासजी क साथ कई बार अखाडो म जोर किया था । कुश्ती के शौकीन श्री यादव आजकल वर्धा म रहते हैं । वर्धा के इन साथियो म एक उल्लेखनीय नाम सीमान्त गाधी खान अब्दुल गफ्फार खान के पुत्र वलीखान का भी है । वलीखान का व्यासजी स बडा ही आत्मीय सम्बन्ध रहा । यह सम्बन्ध वलीखान क पाकिस्तान चल जान क बाद भी बना रहा ।

खेलकूद के क्षत्र म व्यासजी की अभिरुचि प्रारम्भ स ही थी । उनके शरीर म इतनी स्फूर्ति और शक्ति थी कि व बाहु स बधी हुई साकल का जोर लगाकर तोड देत थ । उन्हान कई बार शारीरिक क्रियाओ के रोमांचक प्रदर्शन भी किये । रिंग बनाकर उसम आग लगाना और धधकती आग म कूद कर पुन निकल आना उनके लिए बहुत ही आसान काम था ।

विद्याध्ययन के बाद उ ग्गा अमरावती म सल्कूर का विनय प्रशिक्षण प्राप्त किया। हनुमान व्यायामशाला अमरावती म व्यलेस्टिग के प्रशिक्षण म शिक्षारवय तर अर्जित सलकूर कौशल म और अधिक विकास हुआ। आग जाकर उ हान स्टोर होम (स्वीडन) म इण्टरनेशनल समर काम हुए स्वडिश जिम्नास्टिक्स म भी भाग लिया। उनकी विरत यात्रा का विस्तृत वृत्ता त आग के अध्याय म है।

कार्यकारी जीवन म प्रवश करन पर व्यासजी न सवप्रथम सोरनराम रामप्रसाद मिल्स लिमिटेड म सहायक टाइम कीपर के रूप म काय करना शुरू किया। यह सन 1941 की बात है। रुचि का काय न हान स व वहां अधिक समय नहीं टिक सके और उस छोडकर अध्यापक बन गय। उ होन कुछ दिना अरोला म अध्यापन किया। बाद म विद्या मदिर वर्धा म अध्यापक बन। उ ह तत्कालीन प्रधानाध्यापक श्री प्रभुदयाल अग्निहोत्री क नतृत्व म काम करन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्री अग्निहोत्री हि दी क उद्भट विद्वान ह। व भोपाल विश्वविद्यालय के उपकुलपति भी रह चुके हैं।

1942 म व्यासजी न अपन ज म स्थान हिंगनघाट म भी अध्यापन का काय किया। उनके द्वारा स्थापित राजस्थानी मण्डल उन दिना काफी लोकप्रिय हुआ। छात्र छात्राओं क अतिरिक्त वयस्क नागरिक भी लाठी सीखन यहां आया करत थ।

एक ही जीवन क्रम म भिन्न भिन्न रुचियां के कई अध्याय साथ साथ चलते रह। सभी अपन आप म विकासमान भी बन रह। यह बात विस्मयजनक भले ही हो पर सत्य है। व्यासजी का जीवन इसी विभिन्नता व सर्वविकास प्रक्रिया का एक ज्वलन्त उदाहरण है। शारीरिक शिक्षा म श्रव्य न ही कुशल व्यक्ति साहित्य जगत म भी उसी कौशल एव सृजनशीलता का निवाह कर—यह कम ही देखन को मिलता है। व्यासजी के जीवन म बहुआयाम स्पष्ट प्रतीत होता था। कवि नाटककार कथालेखक एव स्तम्भलेखक के रूप म उ होन अपन क्षेत्र म प्रसिद्धि प्राप्त की। उनके कई नाटकों का मचन भी किया गया। उनम सर्वाधिक चर्चित नाटक था भारत माता' जिसन हिंगनघाट व वर्धा के जन जीवन म तहलका मचा दिया। 1942 के आन्दोलन के दिनों म यह नाटक हिंगनघाट म खेला गया। भारत की आजादी व क्रान्ति का आह्वान करन वाला यह नाटक तत्कालीन सत्ता के लिए असह्य बन गया। नाटक म भारत माता का बेडियों म जकडा हुआ दिखाया गया तथा क्रान्तिकारी पुरुष व नारी पात्रों न अपने सवादों म विदेशी सत्ता को उखाड फेंकने का आह्वान किया। नाटक नगर भर म चर्चा का विषय बन गया, गुप्तचर लोग उसके मूल लेखक व पार्श्व प्रणेता को खोजने म लग गय। व्यवस्था न उस नाटक को प्रतिबंधित कर दिया। नाटक स्वय व्यासजी का ही लिखा हुआ

था। उ होन अपने विद्यार्थी जीवन म कई नाटक मचित किय जिनम जयद्रथ वध नतवीर कण वीर अभिम यु गरीब किसान और गोरा व भारत माता आदि प्रमुख थ। गरीब किसान और गोरा भी यासजी का लिखा हुआ नाटक था। कण अभिम यु अथवा अजुन के रूप म यासजी की भूमिका सदव सराहनीय रहती थी।

1942 का वष जहा पूरे देश के लिए चेतना का शखनाद था वहा व्यासजी के मानस पर भी परिवतनकारी सिद्ध हुआ। इसी वष वे गाधीजी के आह्वान पर जेल गय। फिर तो जल जान का सिलसिला कुछ एसा बना कि जीवन भर जेल यात्राए जसे उनके स्थायी टाइमटेबुल का अग ही बन गई। अन्य बातों के अतिरिक्त व्यासजी पर यह आरोप भी था कि व ट्राटेस्की व बोल्शेविक पार्टी के कागज पत्र रखते है। गाधी जी क हैंडबिल्स बाटत हैं तथा प्रतिबधित गतिविधियों म भाग लेत हैं। जल यात्रा न उनके मनोबल को और अधिक प्रखर किया—अग्रेजों के विरुद्ध उनकी घृणा और अधिक तीव्र व घनीभूत बन गयी।

रगकर्मी क रूप म व्यासजी चाहत तो फिल्मों के सवाद लेखक व गीतकार भी बन सकते थ, पर ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने भारत माता नाटक पर आधारित एक फिल्मी कहानी भी लिखी। प्रसिद्ध अभिनेता किशोर साहू ने जब उस कहानी को पढा तो व इतने प्रभावित हुए कि उस कहानी को पृथ्वीराज कपूर को दिखाया। किशोर साहू चाहत थ कि व्यासजी फिल्म क्षत्र म आ जायें और पृथ्वी थियेटर म काय करना शुरू कर दें। बाद म अन्य क्षेत्र भी खुलत चल जायगे। स्वय पृथ्वी राज कपूर ने पृथ्वी थियेटर म काय करने का प्रस्ताव व्यासजी स किया था। राष्ट्रीय चेतना स जुडे होने क्राति म विश्वास करन सक्रिय राजनीति म आकर अग्रेजी सत्ता के विरुद्ध प्रचार करत रहने आदि की धारा इतनी प्रबल प्रखर थी कि उसके आग फिल्मी जीवन का यह प्रस्ताव टिक नहीं सका। घर वाले भी इसक लिए सहमत नहीं थ। व्यासजी के साथियों न भी विरोध किया।

फिल्म जीवन व्यासजी जसे जीवट और सघषशील व्यक्तित्व के लिए सचमुच ही कम उपयुक्त रहता ? उनके सादगी भर जीवन को देखकर तो सोचा ही नहीं जा सकता कि फिल्मी जीवन के प्रति उनक मन म कोई स्थान भी रहा होगा। अन्तत एक सजग और जुझारू लोक नता क रूप म वे राजनीति के पटल पर जीवन पयन्त छाय रहे।

प्रथम आम चुनाव से पहले

आजादी के शंखनाद के साथ ही साथ भारतीय जनमानस में एक नयी चेतना का सचरण हुआ। लोगों ने स्वतन्त्रता की आरती उतारी नवराष्ट्र के निर्माण के लिए नये संकल्प लिये तथा हुतात्माओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए शपथ लेकर देश को आगे बढ़ाने के दृढ़ निश्चय दोहराये। देश आजाद हुआ। पर राजस्थान में अभी भी रियासती शासन प्रणाली चल रही थी। राजाओं के शासन का अन्त नहीं हुआ था। सामन्ती सरकार राजतन्त्र के प्रति दृढ़ लगाव व निपट भाग्यवाद के सहारे जीने वाले अनपढ़ लोग अब भी आशा लगाये हुए थे कि बीकानेर में राजगद्दी बनी रहेगी। 15 अगस्त 1947 से 30 मार्च 1949 तक का समय राजस्थान के लिए ऐतिहासिक उथल पुथल का काल सिद्ध हुआ। दोनों तिथियाँ अपने आप में महत्वपूर्ण थी। जहाँ 15 अगस्त 47 को हम अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने में सफल हुए वहीं 30 मार्च 1949 को राजस्थान के निर्माण के साथ रियासती सत्ता की टिमटिमाती अंतिम ज्योति भी बुझ गई। लोग सदियों की दासता से मुक्त हुए।

लोकनायक मुरलीधर व्यास लोक चेतना के इसी बदलाव के ऐतिहासिक काल में बीकानेर आये। 1948 में बीकानेर आते ही वे सर्वप्रथम पुष्करणा विद्यालय में अध्यापक बने। उनके एक शिष्य श्री सत्यनारायण पुरोहित के अनुसार एक अध्यापक के रूप में श्री मुरलीधर व्यास बीकानेर की पुष्करणा स्कूल में आये। अध्यापक अनेक आये और चले गये लेकिन श्री व्यास ने अपनी अमिट छाप वहाँ के विद्यार्थियों पर छोड़ी। शाला के समय में जितना ध्यान छात्रों के अध्यापन कार्य पर देते थे उतना ही ध्यान वे शाला के अतिरिक्त समय में छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा देने में दिया करते थे। वे अध्यापक के वेश में सचमुच एक राष्ट्र निर्माता थे।

यह है पुष्करणा स्कूल के एक विद्यार्थी की भावना। जैन स्कूल के छात्र भी व्यासजी से अत्यन्त प्रभावित थे। पुष्करणा विद्यालय की सेवा के बाद जब वे जैन विद्यालय में अध्यापक बने तो उन्होंने अपने व्यक्तित्व के प्रभाव से अपने शिष्यों में राष्ट्रीय भावना का सचरण किया। शारीरिक अध्यापक होने के कारण

व शरीर सौष्ठव पुष्टता स्वास्थ्य एव उत्कृष्ट खेल भावना पर तो जोर देते ही थे, खेल खेल में ही राष्ट्रीय विचारों का आविर्भाव भी करते थे। प्रत्येक क्रीड़ा का अंतिम चरण 'जयहिन्द' के नारे के साथ समाप्त होता था। क्रीड़ा की चरम स्थिति में छात्र 'भारत माता की जय' का जयघोष भी किया करते थे।

व्यासजी के एक समर्पित शिष्य एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री बालचन्द साड के अनुसार व्यासजी का सम्पर्क कई स्मृतियों को जीवन्त बनाये रखने वाला अनुभव था। याद आते हैं उन पाठशाला के वे दिन जब हम स्वर्गीय लोकनायक श्री मुरलीधर जी व्यास के शिष्य होने का सौभाग्य मिला था। हृष्टपुष्ट शरीर तेजस्वी मुखमंडल और भुजदण्ड वाले एक व्यक्ति को जब हमने खादी के चोले, धोती हाथ से सिली बनियान और चप्पलें धारण किये हुए देखा तो बरबस आकर्षित हो गये। उनकी मधुर मुस्कान मृदु व्यवहार और निष्कपट आचरण ने हमको इतना प्रभावित किया कि हमारे मन में सहज रूप से ही शिष्य भाव जागृत हो गया और लगा कि जैसे एक सच्चा गुरु मिल गया है। वे हमें आजादी के संघर्षों की कहानियां सुनाते देश भक्ति की बातें बताते और समाज के प्रति हमारे कर्त्तव्यों की चर्चा करते। समय बीतता गया और उसके साथ ही उनके प्रति छात्रों के मन में अंकुरित आस्था का पौधा भी बड़ा होने लगा।

आस्था का यह पौधा ही कालान्तर में एक विशाल वटवृक्ष बन गया जिसके नीचे शिष्य परम्परा पुष्पित और पल्लवित होती रही। श्री सत्यनारायण पुरोहित और श्री बालचन्द साड ने व्यासजी को केवल अध्यापक के रूप में नहीं वरन राष्ट्रीय भावना भरने वाले एक महान तपस्वी के रूप में भी याद किया है। खेलकूद अथवा अध्यापन तो साधन मात्र थे व्यास जी का साध्य तो राष्ट्रीय भावनाओं का प्रचार प्रसार ही था। भारत माता के प्रति उनके हृदय में जो अनन्य श्रद्धा थी वह उन्होंने अपनी विदेश यात्रा में जहाज के डेक पर से लिखे एक पत्र में भी व्यक्त की थी। उन्होंने यह पत्र अपने एक निकटतम सम्बन्धी श्री शिवकिसन बिस्सा को जुलाई 1949 में लिखा था।

पत्र का आंशिक उद्धरण इस प्रकार है
आज मैं यह पत्र तुम्हें जल जवाहर में बैठे बैठे लिख रहा हूं। इस समय हमारा स्टीमर अदन को पार करके लाल सागर से होता हुआ पोर्ट सय्यद बन्दरगाह की ओर जा रहा है।

'हम लोग 8 जुलाई को स्टीमर पर बैठे थे। जिस समय हम स्टीमर पर बैठे उस

समय सब साथियो के हृदय में आनन्द एवं उल्लास की लहरें हिलोरें ले रही थी। अन्यान्य दशों के नर नारी डेक पर अपने अपने सज्जनों को विदाई देने उपस्थित थे। हमारा दल एक विशेष प्रकार की वर्दी पहने डेक पर आया था। हम सबकी एक प्रकार की वेशभूषा डेक पर उपस्थित समस्त महानुभावों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। एकाएक सीटी हुई। लौह शृंखलाओं से बधा हुआ स्टीमर मुक्त हुआ और धीरे धीरे मन्द गति के साथ किनारे से विलग होकर सागर की लहरों में डोलता हुआ आगे बढ़ने लगा। हम सब साथियों ने वन्देमातरम् गीत एक स्वर में गाते हुए मातृभूमि से विदा ली। सचमुच विदाई का दृश्य अत्यन्त ही रोमस्पर्शी था। एक ओर विश्व दर्शन की अभिलाषा हृदय को आह्लादित कर रही थी तो दूसरी ओर मातृभूमि एवं स्वजनों का वियोग हृदय में एक गुमसुम सी वेदना भर रहा था।

व्यास जी ने लिंगियान्ट टीम आफ इण्डिया के तत्वावधान में लिंगियान्ट आरगनाइजिंग कमेटी स्टोकहोम द्वारा आयोजित शिविर में भाग लेने जाते समय में ये विचार व्यक्त किये थे। जो व्यक्ति मातृभूमि से विदाई से उसके हृदय की उत्कृष्ट राष्ट्र भावना का छोर कहाँ मिल सकता है? ईश्वर ने भी व्यास जी की भावनाओं के साथ न्याय किया तथा अपने शेष जीवन में उन्हें कभी भी मातृभूमि के वियोग की चरम पीड़ा नहीं उठानी पड़ी।

ऊपर तीनों दृष्टान्त एक बात की ओर इंगित करते हैं—व्यासजी चाहे अध्यापक हों अथवा प्रशिक्षणार्थी प्रथम पंक्ति के राजनेता हों अथवा समाज सेवी उनके हृदय का छलछलाता राष्ट्र प्रेम हर घड़ी हर पल हर स्थिति में सामने आता था।

व्यास जी के बीकानेर आगमन को न तो आकस्मिक घटना माना जा सकता है और न संयोग ही कहा जा सकता है। उनका पारिवारिक परिवेश इस नगर से ही जुड़ा हुआ था। व्यास जी का यज्ञोपवीत संस्कार यहीं हुआ। उनके दोनों चाचा सब श्री नाभन्तजी व्यास एवं किसन दत्त जी (जीवनदत्त जी व्यास के पिताजी) यहीं पर रहे। उनकी दादी का स्वर्गवास बीकानेर में ही हुआ। उनके व उनके बड़े भाई वंशीलाल जी के ससुराल भी यहीं पर थे। यह पारिवारिक कड़ी ही उन्हें बीकानेर खींच लाई। उनके पिता श्री सूरजकरण जी दत्तक पुत्र होने के कारण हिंगनघाट रहने लगे थे। यही कारण था कि मूलतः राजस्थानी होते हुए भी मुरलीधर जी एवं उनके तीनों भाई बचपन में हिंगनघाट में रहे।

बीकानेर में वे रोजगार के लक्ष्य से नहीं वरन सेवा भावना से आये। उन्होंने न तो कभी नौकरी पर अधिक ध्यान दिया और न परिवार के भरण पोषण को ही

सर्वोच्च प्राथमिकता दी। लगभग 24 वर्षो तक यहा रहने पर भी वे अपने लिए कोई मकान तक नही बना सके। किरायेदार के रूप म वे जगह जगह घूमते रहे कभी दफ्तरिया के चौक म रहे ता कभी बागडियो के मोहल्ले म रहे, कभी बेनीसर कुए पर स्थित किसी मकान म निवास किया तो कभी सुथारा की बडी गुवाड म आ गये। एक ही मोहल्ले मे दो दो तीन-तीन मकान उन्हें बदलने पडे थ। नगर के निवास स्थानो का यह यायावरीय जीवन यह परिव्रजन यह बार बार का बदलाव असुविधापूर्ण अवश्य था पर एक सेवाभावी फक्कड वृत्ति के व्यक्ति के लिए इसके अतिरिक्त और कोई चारा भी तो नही था।

व्यासजी के जीवन से जन स्कूल के प्रसग भी अविछिन्न रूप से जुडे हुए हैं। जन स्कूल के कायकाल न उनके जीवन को दो नये मोड दिये। एक तो वे उसी अवधि मे लोकनेता के रूप म प्रकट हुए और दूसरे उन्होने शिष्यो के रूप म एक ऐसा समूह पाया जो जीवनभर उनके साथ पाव से पाव मिलाकर चलता रहा। ये दोनो बिन्दु अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जन स्कूल म जब वे आये थे उस समय और बातो से अधिक एक अध्यापक थे। पर जन स्कूल स जब उन्होने विदा ली तो वे और बातो से अधिक एक लोकनेता बन चुके थे। अध्यापक स लोकनेता बनने तक की यह अल्पावधि की यात्रा ही उनके जीवन की अत्यन्त मुखर एव निर्णायक मोड सिद्ध हुई पर इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह थी कि उनका लोकनेता स्वरूप उनके अध्यापक स्वरूप का साथ लेकर चलता रहा। व नेता होते हुए भी गुरु गरिमा स सदा मण्डित रहे। उनके शिष्य उन्हें आज भी सच्चे गुरु की तरह ही याद करते हैं।

जब शिष्यो की बात छिड ही गई तो व्यासजी के बारे म किसी शिष्य की दृष्टि से ही बात को आगे बढाया जावे। व्यासजी के कई समर्पित शिष्य हैं—उनम से एक है श्री बालचन्द साड। स्मृतियो के वातायन को खोलते हुए श्री बालचन्द साड ने व्यासजी के व दिन याद किये जब वे जन स्कूल म शारीरिक शिक्षक थे तथा बच्चो को खेल खेल म राष्ट्रीय विचारधारा से जोडते रहते थ। श्री साड के शब्दो म उन दिनो के बिखरे बिखरे प्रसग इस प्रकार हैं— क्या भूलू क्या याद करू वाली स्थिति आ गई है। उस समय हम बच्चे तो थे ही स्वाभाविक रूप से हमारी रुचि खेलकूद कबड्डी साइकिलिंग अखाडेबाजी तरन आदि मे थी। सौभाग्य से श्री व्यासजी शारीरिक शिक्षा के अध्यापक थ। उनकी प्रेरणा स इन सभी क्षेत्रो म नय नये आयाम खुलने लगे। हमारी रुचि देशभक्ति के गीत नाटक और कविता क प्रति भी बढने लगी।

एक दृश्य याद आ रहा है—साइकिलिंग म निपुण व्यासजी एक साथ 13 बच्चो

को साइकिल पर चढ़ाकर साइकिल चला रहे हैं। अगले चक्के की खूटियों से हैण्डल पर पांव रखकर मैं व्यासजी के कंधे पर बैठ गया हूं। इसी प्रकार दूसरा बच्चा दूसरे कंधे पर बैठ गया है। दो बच्चे आगे की खूटियों पर और दो पिछली खूटियों पर–उनके हाथ व्यासजी के कंधों पर हमारे पांव आगे वाले बच्चे के कंधों पर–जहाज जैसा दृश्य है। एक बच्चा पीछे मडगार्ड पर और एक उसके कंधे पर खड़ा होकर हमारे कंधों पर हाथ रखे है। एक बच्चा साइकिल के हैण्डल पर और एक उसके कंधे पर हाथ फैलाये बैठा है। एक साइकिल के डंडे पर और एक अगले मडगार्ड पर हमारे हाथों को पकड़े हुए। तेरहवां बच्चा हमारे पांवों पर बैठा है। व्यासजी के कंधों पर बैठे हम दोनों के हाथ खुले हैं– व्यासजी साइकिल चला रहे हैं और हम सलामी दे रहे हैं। उपस्थित जन समुदाय की तालियों की गड़गड़ाहट से आकाश गूंज रहा है। याद आ रहा है कि वह दृश्य जैन पाठशाला के वार्षिक उत्सव का था।'

इसके साथ ही एक और दृश्य याद आ रहा है—हम कई बच्चे साइकिल चला रहे हैं—धीरे धीरे धीरे —स्लो साइकलिंग प्रतियोगिता। व्यासजी हमारे साथ साथ चल रहे हैं। सबसे पीछे रहने वाला बच्चा विजयी घोषित हुआ है।

उसी वार्षिकोत्सव का एक दूसरा दृश्य भी सजीव हो उठा। मैं और मेरे साथी बच्चे हाथों में जलती मशाल लिये प्रदर्शन कर रहे हैं। कभी वृत्ताकार होकर घूमर नृत्य जैसे और कभी साथिया (स्वास्तिक) जैसा दृश्य दर्शकों को बड़ा पसन्द आ रहा है। तालियों और वाह वाह की आवाजों से हमारे प्रदर्शन की सराहना हो रही है जो वास्तव में हमारे गुरु की प्रशंसा ही है। इस मशाल प्रदर्शन को बीकानेर की राजकीय फोर्ट हाई स्कूल के प्रांगण में व्यासजी ने हमसे प्रस्तुत करवाया था और काफी सराहना भी हुई थी।

व्यासजी उन दिनों हमें तैरना भी सिखाते थे। उनके साथ हमने तैरने का बहुत अभ्यास किया। वे बहुत ही कुशल तैराक थे। वे कभी पानी के अन्दर मछली की तरह तैरते कभी पानी की सतह पर सांस खींचकर शवासन की मुद्रा में किसी बच्चे को अपने सीने पर बिठाकर तैरते। वे ऊंचे स्थान से पानी में कूदने का अभ्यास भी कराते थे। मुझे अच्छी तरह याद है अभी कुछ ही साल पहले की बात है व्यासजी एक दिन मेरे (पुत्र) राजू को अपने सीने पर बिठाकर उसी शवासन की मुद्रा में काफी देर तैरते रहे। कोलायत के तालाब में यह दृश्य देखकर मैं तो घबरा सा गया था पर व्यासजी निश्चिन्त राजू (राजेन्द्र साड) को लिए हुए तैरते रहे।

उन दिनों की याद करते हुए व्यासजी के निर्देशन में खेले 'वीर अभिमन्यु' नाटक का एक दृश्य सामने आ रहा है। मैं अभिमन्यु की भूमिका में एक जोशीला संवाद बोल रहा हूं—दूसरे बच्चे भी बड़े जोशीले संवाद बोल रहे हैं। हम सभी हाथों में चमकीला रंग की हुई लकड़ी की तलवारें लिए हुए हैं। व्यासजी द्वारा निर्देशित यह नाटक बहुत ही पसन्द किया गया। मुझे याद है कि मैंने व्यासजी द्वारा निर्देशित कई नाटकों में हास्य कलाकार (कामेडियन) की भूमिका भी निभाई थी। उनमें से एक था 'भला भई गप्पी मेरा नाम'—बोल थे– चींटी चढ़ी पहाड़ पर नौ मन काजल सार। हाथी लीने हाथ में और उठ लिये फनकार। भला भई गप्प सुनो भाई सप्प सुनो भाई गप्पी मेरा नाम।'

नाटक के दृश्य के साथ यह भी याद आ रहा है कि व्यासजी हम उन दिनों कई कविताएं भी सुनाते थे। उनमें से कुछ उनकी स्वरचित थीं तो कुछ साथी कवियों की रचनाएँ भी थीं। एक कविता की पंक्तियां इस प्रकार हैं—

युग मुक्त कंठ से कहे मैं भी बदल गया,
तुम पृष्ठ क्यों नहीं खोलते इतिहास का नया ?
हर शब्द पंक्ति में लिखा नूतन विधान है
ज्वालामुखी लिए हुए हर नौजवान है।'

उन्हीं दिनों खेलकूद नाटक आदि के साथ व्यासजी हम लाठी चलाना भी सिखाते थे। दूसरे पर वार करना उसका वार रोकना और चक्करदार लाठी चलाकर बीसों लोगों की लाठियों के वार से अपने आपको बचाना आदि सभी तरह के करतब हम सिखाते थे।"

इन सभी गतिविधियों के साथ स्काउटिंग में भाग लेने का कार्यक्रम भी रहता था। हम कई बच्चों को स्काउटिंग की वर्दी में व्यासजी निवाड़ी मेले में व्यवस्था के लिए ले जाते थे।

व्यासजी के प्रेरक व्यक्तित्व के घनीभूत प्रभाव में आए एक शिष्य की भावनाएं ऊपर की पंक्तियों में हैं। अब जरा उनके साथी अध्यापकों की भावनाओं का आकलन भी कर लिया जाय तो उचित रहेगा। जैन स्कूल में 1931 से 1968 तक सेवा करने वाले अध्यापक श्री सूर्य भानु गुप्ता ने बताया कि "व्यासजी शारीरिक शिक्षा के अध्यापक बनकर जैन पाठशाला में आये थे। उस समय उनका शरीर अत्यंत ही सुगठित था। दीप्त मुखमंडल विशाल भुजदण्ड पुष्ट जंघायें भरा भरा शरीर एवं कसी कसी मांस पेशियां सब मिलाकर उनके तन को एक सुगठित आकार दे रहे थे। छात्रों पर उनका आत्यंतिक प्रभाव व सहकर्मियों में आत्मीय भाव विशेष उल्लेखनीय है।'

वे बताते हैं- यासजी जब जन स्कूल म आये पहले श्री पृथ्वीराज एव बाद म श्री ज्वालाप्रसाद गुप्ता प्रधानाध्यापक थ। विद्यालय के सचिव थ श्री शिवबक्श कोचर नियमो के अत्य त पाब द एव निपट अनुशासनप्रिय व्यक्ति थ । नियमो म जरा सो ढील भी उ ह रुचिकर नही थी । यासजी की सक्रिय राजनीतिक गतिविधिया विद्यालय की प्रक्रियाओ से मल खा ही नही सकती थी । एक तरफ था आदोलन उद्वेलन सभाओ एव जनजागरण हेतु जेल यात्रा का क्रम तथा दूसरी ओर था आचार सहिता स सम्पूण प्रतिबद्ध श्री शिवबक्श कोचर का व्यक्तित्व । यासजी का जन स्कूल से पृथक होना पडा । उनका निष्कासन इ ही दो ध्रुवा के निता त विरोधाभास की चरम परिणति ही था । लेकिन शानदार बात यह थी कि इस निष्कासन ने दोनो के हृदया (शाला मत्री व यासजी) म जमे पारस्परिक स्नेह व श्रद्धा के अकुरण को मुरझान नही दिया । आग जाकर जब यासजी चुनाव म खडे हुए तो स्वय श्री कोचर न अपने ही मोहल्ले म व्यासजी के भाल पर कुकुम लगाकर उनकी अगवानी की थी तथा उ हे विजयी होने का आशीर्वाद भी दिया था ।

यासजी राजनीति म सक्रिय ता थे पर शुरु म वे इतने जागृत नही थे जितने बाद म हुए । पहले उनम उतनी चेतना नही थी । हम तो उ हे केवल अध्यापक ही समझते थे पर धीरे-धीरे वे सभाओ म भाग लने लगे जुलूस आदि निकालन लगे तथा लोगो को पता लगन लगा कि वे एक जननेता हैं ।

व कभी तागे वालो के जुलूस का नेतृत्व करत तो कभी जन समस्याओ पर ज्ञापन देन जिलाधीश कार्यालय जात । इस बीच बहुचर्चित गढ निवासी आ दोलन भी शुरु हो गया था । व्यासजी को राजनीति स दूर रहने व नियमानुसार विद्यालय कार्य करने की सलाह दी गई ऐसा न करन पर चेतावनिया भी दी गई तथा अन्तत उनको सेवामुक्त कर दिया गया । लोक सेवा के आगे आजीविका को गौण समझन वाले यासजी ने इस भी सहर्ष स्वीकार किया पर वे अपने निश्चित माग स विलग नही हुए ।

श्री सूय भानु गुप्ता के अनुसार व्यासजी अपन अध्यापक साथियो को गांधीजी के अतरग प्रसग एव वर्धा आश्रम की गतिविधि के सस्मरण सुनाया करत थ । व अपनी विदेश यात्रा एव वहा के जनजीवन क बार म भी छात्रो व अध्यापक मित्रो को कई रोचक बाते सुनात थे । अपनी मिलनसारिता एव नम्रता के कारण व अध्यापको एव छात्रो दोनो म ही समान रूप से लोकप्रिय थे । अध्यापकगण ता यह जानते ही थ कि यासजी अधिक समय तक सेवा म नहीं रह सकत । जन स्कूल के सचिव श्री शिवबक्श कोचर का भी यही मत था । उनकी धारणा बन

चुकी थी कि यह व्यक्ति उदरपूर्ति के लिए अध्यापक तो बन गया है पर इसका असली लक्ष्य जनता को आंदोलित करना एवं सत्य के लिए संघर्ष करना ही है। अन्ततः जब उन्हें सेवामुक्त किया गया तो अध्यापकों ने भी इसे स्वाभाविक मानकर विरोध नहीं किया। व्यासजी का छात्रों के प्रति प्रेम उनके राजनीतिक जीवन में भी सहायक सिद्ध हुआ। व्यासजी के भावी जीवन की बुनावट में शिष्यों का भी हाथ रहा है-यह सभी लोग जानते हैं।'

जन विद्यालय के एक अन्य भूतपूर्व अध्यापक श्री कानमल चर्चा करते हुए व्यासजी के प्रति भाव विभोर हो गये। उनका मानना है कि व्यासजी के कारण वे भी जनसेवा की ओर उन्मुख हो सके थे। 'एक बार मेरी लड़की जब छत से गिर गई तो व्यासजी उसे लेकर अस्पताल गये तथा चिकित्सा की मुकम्मिल व्यवस्था करवाई। इसी प्रकार मेरे पोते को जब विषम रोग हो गया और पी बी एम अस्पताल के डाक्टर रोग का निर्धारण नहीं कर सके तो व्यासजी ने उसके लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा की व्यवस्था करके उसे बचाने में सराहनीय योग दिया।' कानमलजी ने बताया कि 'व्यासजी फक्कड़ वृत्ति के थे तथा उनका सारा झोली झण्डा उनके थैले में ही रहता था। उनको कई बार किराये के मकान बदलने पड़े। कभी इस घर में रहे तो कभी उस घर में। विद्यालय जीवन में उनके कारण गहमागहमी बनी रहती थी। वार्षिकोत्सव का आयोजन तो आज तक लोगों की स्मृति में जीवन्त बना हुआ है।"

बीकानेर के जनजीवन से व्यासजी का सही मायने में जुड़ाव समाजवादी दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के समारोह एवं प्रान्तीय सम्मेलन से हुआ। ये दोनों सम्मेलन 1948 में बीकानेर में आयोजित किये गये। इन सम्मेलनों का एक ऐतिहासिक महत्व था। समाजवादी दल कांग्रेस से पृथक हो चुका था और इस अलगाव के बाद यह उसकी कार्यकारिणी का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन था। साथ ही भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात समाजवादी दल का भी यह प्रथम सम्मेलन ही था। बीकानेर के लिए ये सम्मेलन दो कारणों से महत्व रखते थे। इस नगर में किसी भी राष्ट्रीय दल के महत्वपूर्ण सम्मेलन का यह पहला अवसर था तथा इसी सम्मेलन के माध्यम से बीकानेर नगर को मुरलीधर व्यास जैसा तपस्वी नेता मिला।

देश के दिग्गज समाजवादी नेताओं ने इसमें भाग लिया। उनमें सर्वश्री जयप्रकाश नारायण डा राममनोहर लोहिया मुनी अहमद्दीन अच्युत पटवर्धन बाबा हरिश्चन्द्र रामनन्दन मिश्र (बिहार) श्यामनंदन मिश्र (नागपुर) मगनलाल बागड़ी ईश्वरी सिंह एवं हीरालाल जैन आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। रानी बाजार

स्थित सरावगी भवन के मैदान में सम्मेलन सम्पन्न हुए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठकें स्थानीय गुण प्रकाशक सज्जनालय में आयोजित की गई जबकि खुल अधिवेशन सरावगी भवन के सामने वाले मैदान में हुए।

समाजवादी नेता श्री भवरलाल स्वर्णकार के अनुसार खुले अधिवेशनों में हजारों नगर निवासी भाग लेते थे। दोहरी दासता में दबी जनता के लिए राजनीतिक चेतना का यह अभूतपूर्व अवसर था। लोगों के उत्साह का ही परिणाम था कि तीनों दिन खुली सभाएं आयोजित की गई।

सम्मेलन की व्यवस्था निम्न पदाधिकारियों के हाथों में थी श्री जे. बगरहट्टा (स्वागत समिति के अध्यक्ष) श्री भवरलाल स्वर्णकार (कार्यालय प्रभारी) श्री सोहनलाल कोचर (कोषाध्यक्ष) श्री प्रतापचंद कोचर (भंडारण व्यवस्थापक) एवं दाऊ गेवरचन्द आचार्य (भोजन प्रभारी) इन सभी के सामूहिक प्रयासों से ही ये ऐतिहासिक सम्मेलन सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की आवास व्यवस्था भी उत्तम थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवेशन काल में बाबू जयप्रकाश नारायण को श्री आनन्दराज जी (विश्वज्योति के मालिक) के भवन में ठहराया गया था जहां आजकल गो सेवा संघ का कार्यालय है। डा. राम मनोहर लोहिया श्री चन्द्रधर ईसर की कोठी में ठहरे। आजकल यहां आयकर कार्यालय स्थित है। बाबा हरिश्चन्द्र सरावगी भवन स्थित कार्यालय में ही ठहरे थे। श्री मगनलाल बागड़ी की आवास व्यवस्था सरावगी भवन के सामने सतरसिंह ठेकेदार के क्वाटर में की गई थी।

अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। कि हीं बिन्दुओं को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में रोष भी देखने को मिला। वे चाहते थे कि उनको प्रतिनिधि के रूप में अधिवेशन में भाग लेने दिया जाए तथा कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित बैठक में भी सम्मिलित होने दिया जाय। उन्होंने अपनी मांग बाबू जयप्रकाश नारायण तक पहुंचाई। प्रतिनिधियों की इस बैठक को जे. पी. ने ही सम्बोधित किया था। मांग की प्रबलता व औचित्य को देखकर अतत सर्वश्री सत्यनारायण पारीक एवं भवरलाल महात्मा को प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित कर लिया गया। इससे यह अनुमान लगा सकते हैं कि आजादी के प्रारम्भ से ही बीकानेर के समाजवादी कार्यकर्ताओं में चेतना और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की ऊर्जा विद्यमान थी। (ज्ञातव्य है कि सम्मेलन में देश भर के 250 प्रतिनिधि भाग ले रहे थे)।

इसी सम्मेलन का एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह थी कि श्री मुरलीधर व्यास का

बीकानेर एव प्रकारान्तर से राजस्थान की राजनीति से सक्रिय रूप से जोड़ा गया। उनका परिचय श्री मगनलाल बागडी ने इन शब्दो म दिया—"मैं आपको एक विश्वस्त और कमठ साथी दता हू। ये मेरे जाचे हुए परखे हुए व्यक्ति हैं। इ होने वर्षा म काम किया है। अत्य त सेवाभावी है।' स्थानीय नताओ एव कायकर्ताओ ने श्री बागडी के प्रस्ताव का सहष स्वागत किया और तब से लेकर मरणोपरा त श्री यास का बीकानेर के साथ तादात्म्य सम्ब ध बना रहा। श्री व्यास से पूव श्री गोपाललाल दम्माणी म त्री थे।

समाजवादी दल मे राजस्थान के मामलो के प्रभारी डा राममनोहर लोहिया थे। यासजी ने सवप्रथम श्री लोहिया के प्रभारीत्व वाले क्षेत्र म काय किया। बाबू जयप्रकाश नारायण जसे तपस्वी नता क साथ साथ लोहियाजी जसे मौलिक सूझ बूझ के नेता का सान्निध्य भी यासजी को सहज ही प्राप्त हुआ। बागडी जी जसे शात दृढ़ निश्चयी एव समस्याओ का निदान करने वाले नेता ने तो उनको अत्यधिक प्रभावित किया ही था। उन दिनो राजनीतिक सभाए स्वणकार पचायत भवन म हुआ करती थी। किसी कारणवश मुशी अहमददीन की सभा चु नीलाल जी की दुकान क पास फुटपाथ पर आयोजित की गई। हि दू एव मुसलमान श्रोताओ को राष्ट्रीय धारा से जोडने व चेतना का शखनाद करने म वह सभा अत्यधिक सफल रही। मुशी अहमददीन के लिए आयोजित सभा की त्वरित व्यवस्था भी इस सम्मेलन की एक उल्लेखनीय घटना बन गई।

उन दिनो बिजली कमचारी हडताल पर थे। सम्मेलन म उनकी मागो का प्रबल समथन किया गया। अतत श्री बागडी क प्रयत्नो से बिजली कमचारियो के साथ सरकार का सम्मानजनक समझौता भी हुआ। य सभी कमचारी स्वेच्छा से सम्मेलन की विद्युत एव मच व्यवस्था म प्राणप्रण से जुडे हुए थे। उनको विश्वास था कि समाजवादी दल उनकी भावनाओ को समझने म अग्रणी रहेगा तथा सक्रिय सहयोग देगा। ऐसा हुआ भी और श्रमिको ने शातिपूण तरीके से पूण अनुशासन म एव सगठित रहते हुए अपनी हडताल को सफल बनाया।

समाजवादी नेता श्री सोहनलाल कोचर के अनुसार व्यासजी महाराष्ट्र स बीकानर आए थे। उनके काम करने का ढग हमे पसद आया। वे एक सनिक की तरह काय करते थे। उनम सघष करने की अदम्य शक्ति और इच्छा थी। सभी लोगो ने इसी इच्छा का स्वागत किया। वे अपने आपको नेता के रूप म थापना पसद नही करते थे। सब साथ मिल जुल कर एक कायकर्ता की तरह काय करते थे। उनमे स्वाथ नही था और वे निर्भीक थे। 1952 के आम चुनावो म हमने लोक सभा एव विधानसभा दोनो के लिए मुरलीधर व्यास का चयन किया।

इन दोनों दृष्टा न्तों से यह सिद्ध होता है कि मातृभूमि के प्यार को पार-पार म लिए हुए श्री व्यास उन सनिको एव भूतपूर्व सनिकों के कल्याण के प्रति भी अत्यन्त सजग रहते थे जो मातृभूमि के लिए अपना सवस्व देने को हर पल तयार रहते हैं। उनकी ये भावनाए मात्र भावुकता की नही होकर यथाथपरक थी। गोआ मुक्ति आदोलन के समय पुर्तगाली सत्ता का सामना करने के लिए गोलियो की बौछार की सम्भावना के बीच भी श्री व्यास निहत्थे सत्याग्रहियो के एक नेता के रूप म वहा गये थे। अपने देश की अखण्डता एव महानता म उनको दृढ़ विश्वास था। राजनीतिक लाभ की दृष्टि से सकटकालीन स्थिति म ऐसी कोई बात नही कहते थे जिससे शासक दल पथ की परेशानी म पडे या जिससे विरोधी ताकतें बेजा प्रचार कर लाभ उठा सकें।

उद्योग धधो को प्रोत्साहन देने एव उनके लिए आवश्यक कच्चे माल की व्यवस्था करने सम्बधी सकल्प पर बोलते हुए श्री व्यास ने 9 अप्रैल 1965 को जो बातें कहीं वे उनकी अनुभव विपुलता एव उद्योग विकास की प्रखर भावना को प्रकट करती हैं। देश के विकास का एकमात्र साधन यदि कोई है तो वह साधन हमारी हस्तकला या गृह उद्योग है। उसको यदि प्रोत्साहन नही मिला तो चाहे हम देश म बडी से बडी इण्डस्ट्री को प्रोत्साहन देदें और उसके जरिये कई लोगो को काम देदें, पर मेरी यह मान्यता है कि सरकार जब तक इन छोटी हस्तकलाओ के लिए ग्राम और हर जगह साधन उपलब्ध करके इनके पास पहुचायगी तो सही मान म प्रति व्यक्ति आय बढेगी और बेकारी की समस्या का समाधान होगा। गरीब देश म यदि हमने बडी इण्डस्ट्री मे बहुत पैसा लगा दिया और हस्तकला उद्योग को प्रोत्साहन नही दिया तो देश बहुत पीछे रह जायगा आज छोटे उद्योग, हस्तकला को जो साधन देने चाहिए व उनको नही मिलते। आज रगाई के बारे म बताया गया कि 10 हजार लोग रगाइ का काम करने वाले राजस्थान म हैं। जहा पक्के रगो का सवाल है जो कि इम्पोर्ट होकर आते हैं—वहा हमारे यहा पर ऐसे रग नही है। उनको ठीक तरह से रग नही मिल पाते। इसी तरह से हम देखते हैं कि दूसरी चीजो के मामले के अन्दर कि जो छोटे उद्योगो म रा मटिरियल मिलना चाहिए वह नही मिल पाता है। आज बीकानेर म तपेली (बतन) उद्योग है, पीतल के बरतनो का उद्योग है और दूसरे छोटे छोटे काम होते हैं। उनका सवाल है तो उनको रा मटिरियल नही मिलता है। रा मटिरियल आप बडे बडे उद्योगपतियो को दे देते हैं। वे लोग बाहर ही कुछ लोगो को ब्लैक म बेच देते हैं और जिन लोगो को रा मटिरियल मिलना चाहिए उनको नही मिलता है। 1961 तक जो रा मटिरियल का कोटा दिया

गया जो पीतल का स्टील का ताम्बे का कोटा दिया गया वह बड़े बड़े कपटलिस्टस को दे दिया गया। उनके द्वारा इसका इस्तेमाल नहीं किया गया और वह कोटा उनके द्वारा बिक चुका है। नतीजा यह होता है कि छोटे छोटे लोग जो बरतन बनाने वाले हैं दूसरी चीजें बनाने वाले हैं लोहे की बाल्टी बनाने वाले हैं सिगड़ी बनाने वाले हैं–उनको कोटा नहीं दे पाते हैं। कोटा बड़े बड़े लोग हजम कर जाते हैं और उसका ब्लैक हो जाता है।

श्री व्यास ने कोटा देने ढक करने एव भ्रष्टाचार करने सम्बन्धी एक प्रकरण विधानसभा म प्रस्तुत किया जो कलकत्ता के किसी व्यापारी से सम्बंधित था तथा जिससे कोटा परमिट के मामले म भ्रष्ट आचरण प्रकट होता था। विधान सभा के अन्य विपक्षी सदस्यो सवश्री रामानन्द अग्रवाल योगेन्द्रनाथ हाडा आदि ने भी उस प्रकरण म जाच की माग की।

एक स्थान पर उत्तेजित होकर श्री व्यास ने यहा तक कहा कि चोरियो को मत छिपाओ। इससे देश बदनाम होता है (विधान सभा कायवाही पृष्ठ सख्या 8556 से 8572 दिनाक 9 अप्रल 1965) श्री व्यास अपने कथनो की पुष्टि म एक से अधिक प्रमाण प्रस्तुत किया करते थे कभी कभी तो विधानसभा म इसस खलबली जसी स्थिति पदा हो जाती। समाचार पत्रो का इसम अपनी सुखिया मिला करती थी।

विधानसभा म व्यासजी ने सावजनिक हित के प्रत्यक प्रकरण पर अपने विचार प्रकट करने का काम पूरी जिम्मेदारी एव दायित्व स निभाया। प्रकरण चाहे कसा ही हो वे उस पर पूण तथ्यगत जानकारी देन अथवा प्राप्त करने म सक्रिय रहते थे। उन्होने समय समय पर जो बिन्दु उठाये उनम शिक्षको के क्विसेशन पी डब्ल्यू डी एव बागायत कमचारियो क प्रमोशन स वेटरनरी कालेज तथा डूगर कालेज के निर्माण काय, सस्ते अनाज की दूकानें खुलवाने के प्रश्न पुलिस अत्याचार आदि अनेक बातें सम्मिलित थीं। व्यासजी के चुनाव अभियान (1962) के समय प्रकाशित बुलेटिन पुस्तिका क पृष्ठ आठ पर अंकित किये गये शब्द हैं– यदि उनके भाषणो एव प्रश्नो का ब्यौरा प्रकाशित करें तो उससे एक बडी पुस्तक बन जायेगी। विधान सभा की अधिकृत काय विवरण की 500 पुस्तकें कार्यालय म हैं कोई भी नागरिक वहा पहुचकर उनके कार्यों का लेखा जोखा ले सकता है। उसी पुस्तिका म एक दो शेर भी दिये गये हैं जो इस प्रकार हैं

यू ही दुनिया म कोई इज्जतो शोहरत नहीं पाता
बशर को खिदमते मुल्को वतन मुमताज करती है

मुरलीधर ही इन्सानियत का वह नमूना है
कि जिस इन्सान पर इन्सानियत भी नाज करती है

इन्सानियत जिस इन्सान म अपनी पूणता की छवि देखेगी, उसी पर नाज करेगी। अपने लघु जीवन म पूणता की स्थिति म पहुच पाना सब क लिए तो लगभग असभव बात है, पर यदि कोइ व्यक्ति अपने ही दृष्टान्तो एव उदाहरणो द्वारा जीवन के कुछ मानक तय कर ले कुछ प्रतिमानो को मूर्तिमत कर सके, अग्नि परीक्षाओ म कुन्दन बन कर बाहर आ सके-तो यह आने वाली पीढियो का माग दशक तो अवश्य बन सकता है। राजनीति के दलदल म तो यह कहावत चरि ताथ होती है कि काजल की कोठरी म काहू ही सयान जाय, एक लीक काजर की लागि है प लागि है।' पर उसम से भी बेदाग निकल आना और "जस की तस धरि दीनी चदरिया" वाली स्थिति उत्पन्न कर देना कुछ विरल मनस्वी एव सत्यनिष्ठ लोगो का ही काम है। आने वाली पीढियां जब इस पीढी के कार्यो पर अपनी निर्णायक टिप्पणी देंगी तो अवश्य कहेंगी कि यहां एक ऐसा इन्सान था जो न तो प्रलोभन क आगे कभी डिगा न भय स आतकित हुआ और न पद एव प्रतिष्ठा के मोह म अपन पथ से विचलित ही हुआ। वह अपने जीवन काल मे लोकनायक बन चुका था। मरने के बाद जनता न उसकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए स्वेच्छा स एव बिना किसी सरकारी वित्तीय सहायता के एक नहीं दो दो प्रतिमाए स्थापित करक उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

आज बीकानर म जितनी भी मूर्तिया है उनम-से जो राजा महाराजाओ एव सेठो साहूकारो आदि की हैं-उनक लिए तो धन की समस्या का प्रश्न ही नहीं रहा। जो सरकार द्वारा निर्मित की गई हैं उनका पृथक इतिहास है पर जन उमाव के साथ निधन से धनी तक सबके सहयोग स एव दलगत राजनीति स परे रहकर सभी वर्गो ने श्री व्यास की प्रतिमाओ के निर्माण म जो सहयोग दिया वह अपने आपम एक अनूठी कहानी है।

विधानसभा के दस वर्षो म प्रति वष चार माह के न्यूनतम हिसाबसे भी 1000-1200 नियमित बठकें अवश्य हुई होगी। इतनी लम्बी अवधि तक श्री व्यास के व्यक्तित्व की छाप तत्कालीन विधानसभा के अधिवेशनो पर बराबर बनी रही। उनम कई बार सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आये कई बहिर्गमन के किस्से हुए कई बार उन्ह जबरन निष्कासित किया गया और कई बार वे स्वय वाक आउट कर गये। ऐस भी मौके आये जब भ्रष्टाचार के किसी बिन्दु पर व अकेले ही अड गये। व दूसरो क सहयोग का स्वागत करते थे पर उसके लिए

प्रतीक्षा करना उनको रास नहीं आता था। जो बात उनको कहनी होती उसके लिए उस समय चलने वाली किसी भी बहस का सहारा ले सकते थे। अध्यक्ष उन को टोकते कि 'माननीय सदस्य जो बात कह रहे हैं वह बहस के बिन्दु से सम्बन्धित नहीं है' पर वे घूम फिर कर उसी बात पर आ जाते और कहते 'अध्यक्ष महोदय मैंने जो प्रश्न उठाया है वह इस बिन्दु के अन्तर्गत ही आता है। यदि भ्रष्ट आचरण चलता गया तो वक्तव्य उक्त बिन्दु की पूर्ति कैसे हो सकती है।' अप्रासंगिक होने का खतरा उठाकर भी श्री व्यास अपनी बात तो कह ही जाते थे।

उनके वक्तव्य तथ्यपरक घटनापरक एवं पुष्ट प्रमाणपरक होते थे। लाठी चार्ज अथवा गोली काण्ड के समय के खून से लथपथ कपड़े अथवा भिन्न भिन्न स्थितियों के चित्र लाना नहीं भूलते थे। अकाल के समय आदिवासियों द्वारा खाई जाने वाली घास की रोटियां तक विधानसभा में लाने और प्रदर्शित करने में वे नहीं चूकते थे। उनका व्यक्तित्व बीकानेर नगर तक सीमित न रहकर पूरे प्रांत के साथ जुड़ गया था।

विरोधी नेताओं में से जिन चन्द लोगों के नाम श्रद्धा से लिये जाते हैं—उनमें उनका नाम प्रायः पहले क्रम में ही आता था। इसका एक कारण भी है। विधानसभा के सदस्य बनने से पूर्व और पश्चात दोनों काल में वे फक्कड़ ही रहे न घर था मकान न कोई उल्लेखनीय चल अचल सम्पत्ति और न चुनाव लड़ पाने जितनी धनराशि ही उनके पास रही। उन्होंने किराये के जितने मकान बदले राजस्थान के किसी भी शीर्षस्थ नेता के जीवन में ऐसी विभीषिका नहीं आई होगी। घर का कोई समारोह हो या कोई अन्य काम—लक्ष्मी की अकृपा तो उन पर बनी ही रही। चुनाव की गाड़ी तो जन सहयोग से चलती रही और यह फक्कड़ अलमस्त मसीहा गरीबों से सीधा जुड़ाव रखने के कारण गरीबों की समस्याओं पर बोलता रहा प्रदर्शन व सभाएं आयोजित करता रहा लाठियों के वार सहता रहा और जरूरत पड़ने पर गाओं आन्दोलन में गालियों का सामना करते हुए निहत्था निकलता रहा।

तभी तो वे अपने जैसी कई युगीन हस्तियों के होते हुए भी इतिहास पुरुष कहलाने की स्थिति में आये। लोगों ने उन्हें जीवन काल में भी सम्मान दिया और मरणोपरान्त अपनी आस्था का केन्द्र बना लिया। ऐसे पुरुष युगों—शताब्दियों में नहीं तो कम से कम कई दशकों में जाकर ही पैदा होते हैं।

विजय का दशक विधान सभा के बाहर की गतिविधियाँ

जन समस्याओ को लेकर सघप करने वाले तप पुन श्री मुरलीधर व्यास ने आन्दो लना क माध्यम स पूरे राज्य को जीवन्त बनाये रखा। समस्याएँ चाहे मजदूरो और किसानो की हो अथवा अल्प वेतन भोगी कमचारियो की श्री व्यास उन्हे उजागर करन म सदव अग्रणी रहते थे। उन्होने न तो कभी जेल यात्राओ की परवाह की और न लाठी खाने की न झूठे मुकद्दमो स वे डरे और न किसी प्रलोभन स विचलित ही हुए। 1957 स 1966 तक विधान सभा की सिंह गजनाएँ तो उनके व्यक्तित्व को उद्घाटित करती ही है पर व्यापक एव विषद जनमच पर उनकी भूमिका उसस भी ज्यादा रोमाचक है।

समाजवादी नेता श्री मन जी गोरे ने व्यासजी के इन्ही गुणो से अभिभूत होकर कहा है 'स्वर्गीय मुरलीधर जी का भूलना मरे लिए मुमकिन नही। इन जसे दृढ हृदय और पक्के इरादे क साथी आर कहाँ दिखाई देते है? उन्होने अपने परिवार की चिन्ता की न खुद के स्वास्थ्य की। राजस्थान म उन्होने ही समाजवादी विचार धारा प्रस्तुत की। उनकी स्मृति का बार बार प्रणाम।'

साम्यवादी (मा) नता श्री मोहन पुनमिया न व्यासजी क गुणो का इस प्रकार स याद किया है साथी मुरलीधर व्यास प्रदेश के उन गिनती के चिन्तनशील और सघपरत अग्रणी कायकर्ताओ म से थे जिन्होने राजस्थान क साम न्ती एव जातिगत वातावरण म समाजवाद व वामपक्ष की विचार धारा की अलख जगाई। एक चौथाई शताब्दी तक एक ही लगन और धुन से उन्होने बीकानेर क्षेत्र के ही नही वरन् पूर प्रदेश के समाजवादी आन्दोलन को विकसित करने का प्रयत्न किया था। उस क्षेत्र का ऐसा कोई जन आन्दोलन नही था जिसका उन्होने नेतृत्व प्रदान नही किया हो। व्यक्तिगत जीवन म सादगी मित्रो क बीच मिलन सारिता, सावजनिक जीवन म निडरता तथा सिद्धान्तो की कट्टरता—ऐसे सर्वांगीण व्यक्तित्व के धनी साथी मुरलीधर व्यास की देश और प्रदेश की वतमान हालत म आज कितनी आव श्यकता है यह अपने अपने ढग से उसी काम म सलग्न हम साथियो का महसूस हो रही है।'

भारतीय जनता पार्टी (पूर्व म जनसघ) के नेता श्री भरो सिंह शेखावत के विचार से स्व श्री व्यास एक निर्भीक ईमानदार और निष्ठावान जन नता थ। विधान सभा म मुझे भी उनक साथ विपक्ष म काय करने का अवसर मिला था। मैंने सदव उन्ह सिद्धा ता पर अटल रहने वाला व्यक्ति पाया। उनका अभाव सन्व अनुभव किया जाता रहेगा।

समाजवादी साम्यवादी एव भारतीय जनता पार्टी क उक्त तीन नताओ क उद्गारा म एक बात समान रूप स कही गई है और वह यह है कि व्यासजी निर्भीक ईमान दार निष्ठावान दृढ हृदय एव पक्के इरादा वाल चितनशील एव सघर्षशील जन नेता थे।

व्यासजी की 1957 से 1966 तक की गतिविधियाँ इन सभी विचारा की पुष्टि करने वाली है। 1957 के चुनावो म बीकानेर की जनता ने मुरलीधर व्यास को अपना जन प्रतिनिधि चुना था। कुल 24000 मतदाताआ ने मतदान किया। उनम स आध स अधिक अर्थात् 12500 लोगों न उनके पक्ष म मतदान किया। शेष 6 उम्मीदवारा को कुल मिलाकर 11500 मत ही मिल पाये। जागरूक जनता का निणय उनके प्रति जबरदस्त स्नह का परिचायक था। 1962 क चुनाव पूव एक विवरणिका प्रकाशित की गई। उसक अन्त म निम्न पक्तिया हैं जो व्यासजी के पूरे जीवन की नुमायन्गी करती हैं—

> यू ही दुनिया म कोई इज्जतो शोहरत नही पाता
> बशर को खिदमत मुल्को वतन मुमताज करती है
> मुरलीधर ही इन्सानियत का वह नमूना है कि जिस
> इन्सान पर इन्सानियत भी नाज करती है।

विधायक बनन के अगल ही वष अर्थात् 1958 म उन्हाने जामसर जिप्सम मजदूरा क आन्दोलन का नेतृत्व किया तथा निरन्तर 60 दिना तक चलन वाली शानदार हडताल की अवधि म मजदूरा के मनोबल को बनाय रखा। हडताल इतनी कामयाब रही कि उस उच्चतम स्तर तक गभीरता स लिया गया। तत्कालीन श्रममत्री श्री गुलजारी लाल नदा ने अपन सम्सदीय सचिव श्री एल एन मिश्रा को जामसर भेजा। उधर समाजवादी नता श्री एन जी गोरे नाथ पाई और अशोक महता भी बीकानेर आये। व्यासजी क सफल नतृत्व म मजदूरा की सभी मागें ट्रिब्यूनल म देने क बाद मानली गई। यह अपन आप म आन्दोलना क इतिहास की एक घटना बन चुकी है। पूववर्ती अध्याय म जामसर आन्दोलन का विस्तृत वणन हो चुका है। यहां तो 1958 की गतिविधिया के सन्दभ म इसका उल्लेख भर कर रहे हैं।

1957 एव 58 मे विधान सभा म बीकानेर म मेडिकल कालेज की स्थापना की माग को व्यासजी ने पुरजोर शब्दो म रखा तथा उस तत्काल प्रारभ करने की बात कही। उधर मेडिकल कालेज के निर्माण काय मे व्याप्त भ्रष्टाचार को उन्होने जन मचा पर डटकर विरोध किया तथा नींव के काम मे ली गई कच्ची इटो का कच्चा चिटठा जनता की अदालत म प्रस्तुत किया। भारत के तत्कालीन प्रधानमत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने एक अप्रेल 1959 को मडिकल कालेज का शिला यास किया था। 19 अप्रेल 1959 को नव—गठित नागरिक स्वतनता समिति की एक विशाल सभा मे भापण देत हुए श्री मुरलीधर व्यास (विधायक) ने कहा 'मेडिकल कालेज की नीवो मे कच्ची इटो को लगाकर भ्रष्टाचार किया गया है। मैंने खुद दो प्रतिष्ठित व्यक्तियो की मौजूदगी मे मेडिकल कालेज की इटो की जाच पडताल की। हाथ म इटो को पकड कर दबाते ही वे टूट गई। उनम धूल थी जिससे यह साबित हो गया कि इटें कच्ची थी और उनको लगाकर ठेकेदार ने सरकार को धोखा दिया है। श्री व्यास ने आग कहा कि इस काण्ड का पर्दाफाश करने वाले समाचार पत्र इन्कलाब के दो पत्रकारो को हथकडिया लगाई गई यदि इन्कलाब म ठेकेदार को भ्रष्टाचारी और कच्ची ईटें लगाने वाला कहने पर हथकडिया पहनाई गई है तो मैं भी कहता हू कि मडिकल कालेज की नीवो म कच्ची ईटें लगा कर भ्रष्टाचार किया गया है। मैं राजस्थान सरकार स कहता हूँ कि वह मुझे भी हथकडिया पहना-दे या फिर उसे हथकडी लगावे जिसने भ्रष्टाचार किया है।

श्री मानिक चन्द सुराणा के सयोजन मे गठित नागरिक स्वतन्त्रता समिति की सब दलीय सभा म प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए श्री व्यास न पूरे काण्ड की निष्पक्ष जाँच की माग की थी जिसे उपस्थित जन समुदाय ने हाथ उठाकर अपनी स्वीकृति प्रदान की। सभा म सवश्री मानिक चद सुराणा, रघुवर दयाल गोयल, रावतमल कोचर, सत्य नारायण पारीक ताराचद सीपाणी, मदनसिंह मूलचद पारीक शिवकृष्ण आचाय आदि नेताओ न अपने विचार प्रकट किये। व्यासजी ने इस काण्ड को 15 अप्रेल 1959 को विधान सभा म भी प्रस्तुत किया तथा बीकानेर म पत्रकारो के साथ अमानवीय और गर कानूनी पुलिस व्यवहार की निन्दा की। स्पीकर के यह कहन पर कि मसला विचाराधीन है व्यासजी ने वाक आऊट करके अपने विरोध को प्रदर्शित किया। प्रस्ताव के पक्ष मे बोलने वाला म सवश्री गिरधारी लाल भोबिया एव सतीश चन्द्र अग्रवाल प्रमुख थे।

बीकानेर म रेल्वे कमचारियो के प्रमुख आदोलन जब भी हुए सभी राष्ट्र व्यापी आन्दोलनो के सदम मे ही हुए थे। ऐसे दो आन्दोलन उल्लेखनीय हैं-पहला 1960 मे और दूसरा 1968 म। 1960 का आन्दोलन केन्द्रीय कमचारियो की राष्ट्र व्यापी

हडताल के प्रसग म था जिसमे रेल्वे, सचार परिवहन एव अन्य केन्द्रीय विभागा के कमचारी सम्मिलित थ। 12 जुलाई 1960 स 17 जुलाइ 1960 तक चलने वाली इस हडताल ने देश की अथ व्यवस्था एव सामान्य जन जीवन को प्रभावित करके रख दिया। स्वतत्र भारत म यह अपने प्रकार की पहली बडी हडताल थी। हडताल का प्रभाव बीकानेर म पडना ही था। उत्तरी रेल्वे का प्रमुख केन्द्र होन के नाते यहा की हडताल और भी ज्यादा मुकम्मिल और असरदार रही। व्यासजी का रेल्वे कमचारियो के साथ प्रगाढ सम्बन्ध था। उनके चुनावो एव अन्य जन आन्दोलना म रेल्वे कमचारी प्रत्यक्ष परोक्ष रूप से हमेशा ही उनके साथ रहे। अत यह स्वाभाविक था कि ऐस विशाल आन्दोलन म व्यासजी का सहयोग एव मार्ग दशन उनको मिलता। नार्दन रेल्वे मेन्स यूनियन की वकशाप शाखा के तत्कालीन मत्री श्रीयुत् श्रीनारायण ने उन दिना मे व्याप्त कमचारी-असतोष एव जबरदस्त आन्दोलन का वणन इन शब्दा म किया है 1960 म पहली हडताल हुई। मैं सचिव था। व्यासजी हमारे परम सहयोगी थे। मैंने भूमिगत रह कर हडताल का सचालन किया लकिन सारा काम व्यासजी के परामश पर होता था। शहर म धारा 144 लगी थी। डागा बिल्डिंग क पास व्यासजी को गिरफ्तार किया गया। उस समय उनके साथ दुव्यवहार भी किया गया था। बाल पकडे गये-घसीटा गया-बदतमाजी की गई। व्यास जी ने अधिकारिया से कहा कि इस अभद्र व्यवहार की सजा तुमको भुगतनी होगी। हडताल अवधि मे कुल 650 लोग गिरफ्तार किये गये जिनम 562 रेल्वे कमचारी थे। शेष अन्य केन्द्रीय कार्यालया क लोग थे। गिरफ्तार होने वालो म कामरेड श्रीकृष्ण हरिराम कश्यप भरतसिह सैंगर जब्बर अली आदि मुख्य थे। उन दिना सभाओ पर प्रतिबध था-राष्ट्रपति के अध्यादेश से हडताल को अवध घोषित कर दिये जाने से हम अपने पर्चे भी छपा नही सकते थ। साइक्लोस्टाइल्ड प्रतिया से ही काम चलाना पडता था। हमारी हडताल म व्यासजी द्वारा दिये गये सहयोग को हम भुला नही सकते। रेल्वे कमचारियो की उन्होने सहायता की और कमचारियो ने उनका साथ दिया। मजदूर दिवस (एक मई) और यूनियन स्थापना दिवस (26 जून) को प्रतिवष हम लोग उन्हें बुलाते और भाषण करवाते। हम उनकी चुनाव सभाओ की व्यवस्था करते और जुलूसो म सम्मिलित होते थे।

1958 की जामसर मजदूरा की हडताल 1959 म मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार काण्ड तथा 1960 म केन्द्रीय कमचारियो की केसदम म व्यासजी की भूमिका से स्पष्ट हो जाता है कि वे मजदूरा और अल्प वेतन भोगी कमचारियो के प्रबल समथक और हितपी थे। भ्रष्टाचार के किसी भी प्रकरण को किसी भी हालत म बरदाश्त नही करते चाह उनको उसके लिए कितना ही सघष क्या न करना पडे। प्रतिकूल

राजस्थान के चुनावों में भी नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है। इन चुनावों में सरकारी कर्मचारियों का दुरुपयोग, जाति भावनाओं का ज्वार, सत्ता बल एवं धन बल का प्रयोग तथा निर्धारित चुनाव राशि से बीस पच्चीस गुना अधिक खर्च आदि की यदि निष्पक्ष जांच की जाय तो हर चुनाव अनियमित साबित हो सकता है। विरोधी दलों के पास धन का इतना अभाव है कि इन सब के खिलाफ 'इलेक्शन पिटीशन' नहीं कर सकते। फिर भी नागरिकों को इस विरोध में जागरूक होकर लड़ना अत्यन्त आवश्यक है। तारीख 15 जनवरी को मैंने जब बूंदी के म्यूनिसिपल चुनावों को देखा तो मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। इन छोटे चुनावों में राजस्थान के मन्त्रियों का जमघट, बल प्रयोग और धन प्रयोग जिस तरह से हुआ उसे देखकर हर नागरिक दांतों तले अंगुली दबा सकता है। राष्ट्रीय झण्डे लगी हुई मोटरें घूमती रहीं। घर-घर जाकर नागरिकों को दबाया गया। एक डिप्टी मिनिस्टर ने आम सभा में कुरान की आयतें पढ़कर कहा कि हुकूमत का साथ देना हमारा मजहब सिखाता है। यह जनतन्त्र की हत्या ही नहीं विचारों की हत्या है।

उसी दिन (16 जनवरी) दोपहर को कोटा नगर में एक वृहद् तांगा जुलूस भी निकाला गया था जिसका नेतृत्व प्रांतीय मंत्री श्री मुरलीधर व्यास ने किया। यह जुलूस मोटर स्टेण्ड से कैथूनी पोल, टिपटा, पाटनपोल, बजाज खाना, रामपुरा, लाडपुरा होता हुआ कलेक्टर की कोठी तक पहुंचा। जुलूस में कोटा बूंदी परिक्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण नेता सर्वश्री हीरालाल जैन, महावीर प्रसाद शर्मा, मदनलाल पाटनी, शांतिचन्द्र जैन आदि सम्मिलित थे। श्री मुरलीधर व्यास ने अपने प्रेरणाप्रद भाषण में तांगे इक्कों का राजस्थान व्यापी संगठन बनाने का आह्वान किया। कोटा शहर में तांगों का इतना लम्बा और संगठित जुलूस पहले नहीं निकला था।

उसी साल 26 जनवरी से भरतपुर में किसान सत्याग्रह प्रारम्भ हुआ जिसका नेतृत्व राजस्थान समाजवादी पार्टी के संयुक्त सचिव श्री राम किशन ने किया। इसमें दस गांवों के भूमिहीन किसानों ने बंजर भूमि पर हल चलाओ मांग के अन्तर्गत जमीन पर ईख उगाने के अभियान का सूत्रपात किया। संघर्ष समिति के आह्वान पर एक हजार से अधिक स्वयं सेवकों की भरती की गई। दल के प्रांतीय नेताओं ने भरतपुर आन्दोलन को गति देने के लिए किसानों को उदबोधित किया। श्री मुरलीधर व्यास उनमें अग्रणी थे।

1958 एवं 1960 में प्रजा समाजवादी पार्टी ने दो प्रान्त व्यापी आन्दोलन किये जिनमें हजारों व्यक्तियों ने भाग लिया तथा सैकड़ों व्यक्ति जेलों में भेजे गये। ये आन्दोलन जनता की समस्याओं को लेकर किये गये। हीरालाल जैन (संस्थापक,

कार्यकर्ता-सम्राट श्री मुरलीधर व्यास फड़ बाजार बीकानेर में एक बड़ी चुनाव सभा में जनता का आह्वान कर रहे हैं। दूर-दूर तक अपार जन-समुदाय तालियों की गड़गड़ाहट से व्यासजी की जय जयकार कर रहा है।

लोकनेता श्री व्यास के नेतृत्व में बीकानेर के सिंहद्वार कोटगेट के आर-पार जन समुदाय के जुलूस का एक दृश्य

सरदारशहर जनसभा म मच पर भीमपांडियां के लोक चेतनात्मक गीतो का आन द लेते हुए
दलबल सहित स्व श्री मुरलीधरजी व्यास प्रबुद्ध श्रोता मुद्रा म त लीन ।

सरदारशहर की एक महती जनसभा को सबोधित करत हुए लोकनेता श्री मुरलीधर व्यास ।
पास म बैठे ह श्री मोहनलाल डागा ।

रतनगढ रेलवे स्टशन पर एक महती जनसभा को सबोधित कर रहे हैं श्री मगनलाल बागडी
और साथ म हैं लोकनेता स्व मुरलीधरजी व्यास

लोकनता स्व श्री मुरलीधर यास सरदारशहर म एक महती
जनसभा को सबोधित करते हुए।

ानर नगर म लोकनता स्व श्री मुरलीधर यास क एक चुनाव अभियान का लम्बा जुलूस जन जागरण की अलख जगाता हुआ आगे बढता दिख रहा है।

स्व श्री मुरलीधर व्यास के चुनाव अभियान की एक भव्य नामा यात्रा।
प्रिय चुनाव चिह्न झोपड़ी का आह्वान।

जामसर मजदूर आन्दोलन के संदर्भ में जेल के सीखचों में जननेता स्व
श्री मुरलीधर व्यास की एक क्रांतिकारी झांकी

लाकनना स्व श्री मुरलीधर -याम क नतृत्व में जामसर जिप्मम मजदूर यूनियन क नेता हाथा म हथकडियां खनखनात नाचत-गाते अपनी मागों का पुरजार बु-्री से अभिव्यक्त कर रहे हैं। साथ म है श्री राध-याम गोड।

बीकानेर रलवे स्टगन पर श्री भाय प की भ-य शोभा यात्रा आग ब- रही है। जीप चाल्क स्वय लोकनता स्व श्री मुरलीधर -यास जीप को आग बढा रह हैं।

श्री मुरलीधर व्यास के साथ समाजवादी दल के कुछ सक्रिय सदस्य ।
बायें से श्री शिवकिशन बिस्सा श्री नेमीचन्द बिस्सा, स्व श्री नन्दलाल सुथार
श्री मुरलीधर व्यास श्री ईश्वरकुमार व्यास तथा श्री बालकृष्ण आचार्य ।

बायें से (खड़े हुए) सब श्री मूलचन्द पारीक, मुरलीधर व्यास प्रभुदयाल रेगर तथा
दूसरी पंक्ति में (बायें से) सब श्री कालूराम हटीला, अभयचन्द्र शर्मा एवं द्वारकाप्रसाद पुरोहित

एक निश्छल गभीर मुद्रा म युवा जननता
श्री मुरलीधर व्यास (बीकानेर क
शिखरचद सुराना के सग्रह स प्राप्त)

स्व श्री मुरलीधर यास गणवेश म

लाकनता स्व श्री मुरलीधर यास
गणवेश म सलामी लेत हुए

स्व श्री मुरलीधर व्यास एक भाव मुद्रा म

राजस्थान समाजवादी दल) न 'लोक जीवन' जयपुर के गणतन्त्र विशेषांक (1965) म इन आन्दोलनो का वणन किया है।

बीकानेर के आंदोलना के इतिहास म 1958 की 29 दिवसीय हरिजन हडताल भी अपना महत्त्वपूण स्थान रखती है। हडताल का प्रारभ भ्रष्टाचार के एक प्रकरण से हुआ। एक सफाई इ सपक्टर के भ्रष्ट आचरण के प्रश्न को लेकर हरिजन नेता एव म्यूनिसिपल कमचारी श्री चादाराम अपने 6 साथियो सहित भूख हडताल पर बठ गये। सफाई इन्सपक्टर को मुअतल नही किय जान पर दिनाक 23 जुलाई 1958 मे नगरपालिका के समस्त कमचारियो एव हरिजनो ने हडताल करदी। पूरा शहर सडाध से ग्रस्त हो गया बीमारिया फलने लगी और जनजीवन दूभर हो गया। मोहल्ला समितियो, सेवा-दल के स्वय सेवको एव जोधपुर व अजमेर से आये हुए सफाई कमचारियो के प्रयत्न भी स्थिति म कोई मूल भूत अन्तर नही ला सके।

श्री ज्वाला प्रसाद तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका अजमेर अपने साथ हरिजनो का दल एव उपकरण लेकर आये। सफाई शुरु होते ही हरिजन महिलाएँ टेक्टरो के आगे लेट गई—कहा ट्रेक्टर चलाना हो तो हमारी छातियो पर से चलाओ। इस क्रम म कइयो के साथ मारपीट और दुव्यवहार भी हुआ।

1 अगस्त 1958 को दानी बाजार म आयोजित आम सभा म विधायक मुरलीधर व्यास ने कहा ' नगर की सफाइ का दायित्व नगर पालिका पर है वह उसे निभाने म सवथा असफल रही है। एक भ्रष्ट अधिकारी को मुअतिल करने के स्थान पर उसने शिकायत कर्ता को ही मुअतिल कर दिया। वह अनियमित तथा निंदनीय है।

सरकार ने हडताल को अवध घोषित कर दिया था। नगरपालिका कमचारी सघ की मान्यता रद्द कर दी गई एव 37 कमचारी हिरासत म ले लिय गय। व्यासजी ने कमचारियो के विरुद्ध दमनकारी कदमो की निंदा की। अन्य प्रमुख नेता और सघष समिति के सदस्य थे सवश्री मानिक चद सुराणा पूणानद व्यास ताराचद सीपानी, रोशन लाल चान्दरतन आचाय प्रकाश गुप्ता एव मवर लाल स्वणकार। 20 अगस्त' 58 के तत्कालीन सासद पन्नालाल बारूपाल एव क हैया लाल वाल्मीकि के प्रयत्नो स हडताल समाप्त हुइ। सभी गिरफ्तार साथी छोड दिय गय। मुकदमे हटा लिये गये सफाई इन्सपक्टर का किसी अ य पद पर स्थाना तरण करके जाच प्रारभ कर दी गई तथा हडताल अवधि का वतन आर्थिक सहायता के नाम पर स्वीकृत कर दिया गया। दोनो सासदो न भी अपनी विज्ञप्ति म वही बातें कहीं जो सघष समिति के नता कहते आये थ।

चुनाव पूव वष 1961 म विभिन्न प्रत्याशियो के दावा एव उनको मिल सकने वाले जन समथन का जायजा लेने के लिए सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता श्री अशोक मेहता बीकानेर आये। उन्होंने सभावित प्रत्याशियो एव उनके समथको के अतिरिक्त विभिन्न प्रतिनिधि मण्डलो व सामान्य जनता से बातचीत की तथा निणय लिया कि श्री मुरलीधर व्यास ही ऐसे प्रत्याशी हैं जिन्हें आगामी चुनाव (1962) म विजय प्राप्त हो सकती है। उन्हें प्रबल जन समथन प्राप्त है। श्री अशोक मेहता की अभिलाषा के आधार पर प्रजा समाजवादी दल की राष्ट्रीय समिति ने श्री व्यास को प्रत्याशी बनाये जाने पर अपनी स्वीकृति प्रदान की और उधर व्यास ने अपने प्रबल प्रतिद्वन्दी काग्रेसी प्रत्याशी श्री मूलचन्द पारीक को हरा कर अशोक मेहता के निणय की सायकता को सिद्ध कर दिखाया।

व्यासजी को बीकानेर का जन प्रतिनिधित्व करने के लिए 26 फरवरी 1962 को एक और अवसर मिला। लगातार दूसरी बार विधायक चुनकर बीकानेर की जनता ने उनके प्रति अपना स्नेह एव विश्वास प्रकट किया।

बीकानेर विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी का प्रमाण पत्र अविकल रूप से दिया जा रहा

I Returning officer for Bikaner Assembly constituency in the State of Rajasthan hereby certify that I have on the Twenty Sixth day of February 1962 declared **SHRI MURLIDHAR VYAS** of **BENISAR WELL BIKANER** to have been duly elected by the said constituency to be a member of the Legislative Assembly and that in token thereof I have granted to him this certificate of election

Sd/–

Place Bikaner		Returning officer
Date 26 2 62	SEAL	for the Bikaner Assembly Constituency

इस प्रमाण पत्र को यहा देने का मुख्य आशय एक और भी है। व्यास जी ने इस प्रमाण पत्र को भी सजावट की तरह कहीं नहीं रखा उसे कहीं फाइल म डाल दिया। फिर उसी की पीठ पर विधानसभा म उठाये जाने वाले बिन्दुओ का सारसक्षेप लिख लिया। उनके हाथ से जो बिन्दु इस पर लिखे गये हैं उनमे हनुमानगढ म फर्टीलाइजर प्लाट चलाना लिफ्ट जल व्यवस्था कृषि विश्वविद्यालय गगानगर छोटे कम

चारियो को लाभ, तीसरी योजना की प्राथमिकताए, प्रति व्यक्ति आय आदि कई बिन्दु हैं। उनकी पंजिकाओं में तथा इधर बिखरे पन्नो मे ऐसे अनेक पन्ने मिल जायेंगे जिन पर आगे पीछे उनके हाथ से ऐसे कई बिन्दु लिखे हुए हैं। इससे यह जाहिर होता है कि व्यास जी हर समय व्यस्त रहते थे जहा जो याद आया उसे वही उसी क्षण लिख लिया। चिट पर, कागज पर फाइल पर यहा तक कि महत्वपूर्ण दस्तावेज के आगे पीछे कही पर भी व जरूरी बात लिख कर रख लेते और फिर उसे पूरे जोर से सभाओ मे जुलूसो मे आपसी बातचीत मे और विधानसभा मे उठाते।

व्यासजी ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं का एक विशाल समूह तैयार किया था। ये कार्यकर्ता बिना किसी लाग लपेट अथवा स्वार्थ के उनके लिए रात दिन तत्पर रहते थे। चुनावो से पूर्व रात रात भर जागकर पोस्टर चिपकाना मचो की व्यवस्था करना घर घर जाकर प्रचार करना प्रतीक स्वरूप छोटी छोटी झोंपडिया (चुनाव चिह्न) बनाकर जगह जगह रखना लोगो की जेबो पर बिल्ले लगाना लाउड स्पीकर से दिन भर प्रचार करना और अपना काम धन्धा छोडकर पूरे समय सम्पूर्ण निष्ठा से काय करना इन कार्यकर्ताओ की विशेषता थी। व्यासजी भी अपने कार्यकर्ताओ पर जान न्योछावर करते थे। किसी का भी कही भी किसी भी परिस्थिति मे कोई काम पड जाए वे आधी रात को भी उसके लिए तैयार रहते थे। उन्होंने कभी ना करना नही सीखा। इक्के तांगे वाला हो व्यापारी हो या सरकारी कर्मचारी सभी के लिए हर समय तत्पर रहने वाले व्यासजी ने अपने व्यवहार से ही सबको 'अपना बना रखा था।

राजस्थान के पूर्व गृहमन्त्री प्रो केदारनाथ के अनुसार व्यास जी को कार्यकर्ताओ से प्रगाढ स्नेह था। उन्होने निष्ठावान कार्यकर्ताओ का एक मजबूत समूह तैयार किया जो जन जागृति के अभियान मे हमेशा उनके साथ रहा। वे विशेषत साधारण परिवारो के लडको को कार्यकर्ता बनाते थे। उनके सामने जो समाज था उसमे अधिकाश लोग अनपढ धर्म कर्म के खाचो मे विभाजित एव पुरानी विचारधारा के लोग थे। व्यासजी ने ऐसे पारम्परिक समाज मे जागृति पैदा करके उसे राष्ट्र की मुख्य धारा से जोडा। बीकानेर नगर को यह उनकी बहुत बडी देन है।

व्यासजी अपने सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास के लिए अत्यधिक सजग एव क्रियाशील रहते थे। 7 अप्रेल 1962 को उन्होने जन प्रतिनिधियो की एक विशेष बैठक मे भाग लिया जो तत्कालीन सासद डा करणीसिंहजी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई थी। बैठक मे गगानगर कृषि विश्वविद्यालय की माग का पुरजोर समर्थन दिया गया। गगा

नगर मे कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए जो ठोस आधार दिये गये व निम्नानुसार हैं —

1 गगानगर म गगनहर भाखरा एव राजस्थान नहर स जलआपूर्ति होती है अत सिंचाई एव उत्पादन की दृष्टि से यह जिला राजस्थान म अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

2 गगानगर के सूरतगढ म राजकीय कृषि फाम पहल स ही स्थित है जिसक विस्तार की प्रबल सभावनाए है।

3 पयोग एव शोधकर्ताओ क लिए इस क्षेत्र म सभी सुविधाए उपलब्ध हैं और पशुओ क फाम एव दुग्ध शालाओ की स्थापना क लिए भी यह जिला एक आदश स्थल है।

4 राजस्थान क अन्य क्षेत्रो म विकास होना रहा है अत पूरे राजस्थान के सर्वांगीण विकास क लिए यह आवश्यक है कि गगानगर म कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय।

सभागिया म डा करणीसिंहजी एव मुरलीधर व्यास क अतिरिक्त मोहरसिंह राठोड (विधायक चुरू) मानिक चन्द सुराणा केदारनाथ (गगानगर) फतहसिंह हरिशकर लक्ष्मणसिंह रूपाराम जुगल एव रामकिशन आदि सम्मिलित थे।

बठक म यह माग की गई कि बीकानेर लूनकरनसर क्षेत्र म प्रस्तावित सुरक्षा सनाओ क प्रयोग क्षेत्र (आर्टीलरी रेंज) को अयत्र निर्धारित किया जावे क्योकि बीकानेर जसे विकासमान शहर की आवश्यकताओ एव राजस्थान नहर के कारण कृषि उत्पादन क्षेत्र म विकास क कारण यह क्षेत्र सुरक्षा प्रयोगो के लिए अनुपयुक्त है। बठक म स्पष्ट किया गया कि सुरक्षा के प्रश्न को सभी सभागी उच्चतम महत्व देते हैं पर इसक लिए जोधपुर जिल क आतरिक क्षत्र एव मध्यप्रदश के कई क्षत्र अत्यन्त उपयुक्त हैं। बीकानर जस पिछडे हुए जिल म राजस्थान नहर के कारण विकास की जो सभावनाए बनी हैं उसका निर्बाध लाभ उसे मिलना ही चाहिए। दोनो प्रस्तावो पर बीकानर चुरू एव गगानगर क जन प्रतिनिधियो एव महत्वपूण नताओ ने हस्ताक्षर किय थ पर सबसे ऊपर दो हस्ताक्षरकर्ता थ डा करणीसिंहजी (सासद) एव मुरलीधर व्यास (विधायक)

एक तरफ सभाओ और जुलूसो म सक्रिय नेतृत्व करना, दूसरी ओर विधान सभा म जनता क व्यापक हित क प्रश्नो को पूरी शक्ति स उठाना और तीसरी तरफ जन प्रतिनिधियो को एकत्रित करक अपन क्षेत्र क विकास क लिए तत्परता दिखाना ये सभी व्यासजी क बहु आयामी व्यक्तित्व क हिस्से थ। विधान सभा म प्रामाणिक

जानकारी रखने के लिए व्यासजी को पूरा 'फीड बक' मिलता था। पलाना कोलरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष श्री अर्जुनराम का 4 सितम्बर 1963 का पत्र दृष्टव्य है।
आज सवाद पत्रो से यह जानकारी प्राप्त हुई कि आपने पलाना खान म काम म ली जा रही कच्ची पक्की ईंटो का मामला ध्यान दिलाव प्रस्ताव के अन्तगत विधान सभा मे रखा था परन्तु अध्यक्ष ने विस्तारपूर्वक कायवाही के लिए इट पेश करने की अनुमति नही दी। इस सम्बन्ध म विधान सभा म जो कुछ बहस हुई उसकी रिपोट की प्रतिलिपि यदि आप लौटती डाक स यहा भेज सकें ता हमारे लिए यह सभव होगा कि हम उन सारी बाता को ध्यान म रखते हुए आपके पास विस्तार पूवक रिपोट भेज सके। इसके लिए आप लौटती डाक से हम कायवाही की नकल भिजवाए। आपने हाउस म जो कुछ प्रयत्न किया है उसकी हम कद्र करत हैं। (पी सी एम यू। 591। बी। 2078। 63 दिनाक 4–9–63)

विधानसभा म जन प्रतिनिधित्व करते हुए भी व्यासजी मजदूरा के व्यापक हित म कितने रुचिशील थे–इसका एक उदाहरण सिंदडी फर्टीलाइजस फील्ड वकस यूनियन जामसर के श्री एम एल गुप्ता के पत्र के निम्नाकित उद्धरण हैं–

'एक पत्र आपको पहले भी दिया था। आशा है मिला होगा। कृपया तकलीफ करके पता करें कि केस रफरेन्स का क्या हुआ और गवनमेन्ट इस विषय म क्या उदासीन है? क्या हम फिर हडताल करनी होगी? अगर ऐसा है तो कृपया लिखें कि कब तशरीफ ला रह हैं ताकि तयारी शुरू करें हम सब की ओर से चरण वन्दना विधान सभा के सदस्य होत हुए भी वे कवल सदन की कायवाहियो तक सीमित नही रहत थ। वे तो सदा सक्रिय राजनीति म विश्वास रखत थे। जनता की मागो क लिए सघष करने म और आवश्यक हो तो आन्दोलन करन और जेल जाने म विश्वास करते थे। फिर चाहे वह बीकानेर का आन्दोलन हो या चूरू गगानगर अथवा प्रात के किसी भी हिस्से का हो— व्यासजी उसके सचालक क रूप म कमान अपने हाथा म ले लेते थे। सितबर–अक्टूबर 1964 का चूरू का व्यापक जन असतोष एव उसम उनका नेतृत्व इस बात का ज्वलन्त उदाहरण है। वे उस समय तक चन नही लेते थे जब तक जनता की समुचित मागे नही मान ली जाय अथवा आन्दोलना म होने वाले बबर व्यवहार की जाच की व्यवस्था नही की जाय।

3 अक्टूबर 1964 चुरू का पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका था गत दिना हुए लाठी चाज के कारण पूण हडताल विशाल जुलूस जिलाधीश कार्यालय की ओर बढ रहा था। नेतृत्व कर रहे थे श्री मुरलीधर व्यास। दस हजार लोगो के इस विशाल जुलूस को सम्बोधित करत हुए उन्होने जिलाधीश कार्यालय के सामने आयोजित सभा म कहा—

यह भण्डा देश क गणराज्य का निशानी है। भारत क सविधान म हम बुनियादी अधिकार दिय हैं कि हम अपन न्याय सगत अधिकारा के लिए आन्दोलन करें चालें और लिखें। कानून को आप स्वय नी तोडते हैं। निहत्थी भीड पर आपकी पुलिस ने लाठी चाज किया। किसी न पत्थर नही मारा। हम इसकी यायिक जाच की माग करते हैं। (युवक रतनगढ 6-10-64)

व्यासजी क नेतृत्व म महिलाए भी जेल जान अथवा किसी भी जुल्म का प्रतिकार करने म आग रहता थी। जुलूस म महिलाओ का जत्था भी था। विशाल जन समुदाय गगन भेदी नारे जत्था म गिरफ्तारिया नगर म आम हडताल व्यासजी क साथ हाथापाई जनरोष म उबाल दूसर दिन हडताल का और अधिक व्यापक प्रसार एव अतत व्यास जी की गिरफ्तारी। गिरफ्तार होने वाला म मुरलीधर व्यास चौधरी नरेन्द्रपाल सिंह एव चपालाल उपाध्याय प्रमुख थे। लगभग 150 कायकर्ता भी गिरफ्तार किये गये। श्री माणकचन्द सुराणा की रहनुमाई म आन्दोलन बल पकडता रहा। अतत जाच की माग माननी पडी। 6 अक्टूबर 64 को राज्य सरकार के विशेष आदेश से व्यासजी और उनक साथ राजगढ और चुरू जेल म बद अ य लोगो को बिना शत रिहा कर दिया गया।

1964 म पोकरण तहसील म नमक क्षेत्र के 30 से 90 एकड तक भूमि के आवटन का प्रश्न सामन आया। पूववर्ती जागीरदारा का इस नमक बहुल समृद्ध क्षेत्र मे ठेके के आधार पर भूमि का आवटन किया जान लगा। इससे ग्राम मलार बाप और पोकरण क गरीब निवासिया के हिता पर कुठाराघात हो रहा था। व्यासजी ने इस आवटन को नयी जागीर प्रथा की शुरुआत की सज्ञा दी तथा गरीब निवासियो के हिता म माग की कि 5 स 10 एकड के छोटे छोटे भू खण्ड छाटे और मध्यम दर्जे के नमक उत्पादका को आवटित किये जावें तथा उनको इस काय के लिए ऋण भी दिये जावें। भू-खण्ड उसी को मिलना चाहिय जो आवेदन क क्रम म वरीयता म आते हो। इसस गरीब ग्रामीणा को रोजगार के अवसर प्राप्त होगे।

व्यासजी ने श्री रतनलाल पुरोहित एडवोकेट जोधपुर के साथ इस प्रसग पर तत्कालीन उद्योग मत्री राजा हरिश्चन्द्र स मुलाकात की तथा बाद म इस प्रकरण का विधान सभा म भी उठाया। राजस्थान के मुख्य मत्री एव भारत सरकार के नमक आयुक्त को भी पत्रो द्वारा अवगत रखा गया तथा सासद डा करणी सिंहजी से आग्रह किया गया कि व छोटे एव मध्यम श्रेणी क नमक उत्पादका के हिता की लोकसभा म परवी करें।

चौधरी हरदत्त सिंह के स्वगवास से रिक्त हुई भादरा नोहर विधान सभा सीट के लिए विरोधी दलों के आह्वान पर 4 अप्रेल, 1965 को एक आम सभा भादरा म आयो जित की गई जिस व्यासजी ने सम्बोधित किया। सभा म श्रीयुत् श्री भगवान धिरानी सूरजमल यादव (पूव प्रधान भादरा पचायत समिति) सत्यनारायण सर्राफ एव रामकिसन भाम्भू (पूव विधायक) आदि लोगो क भी भाषण हुए तथा विरोधी दलो की ओर से सयुक्त रूप से एक ही उम्मीदवार क चयन पर विचार किया गया। इसी वष व्यासजी न भादरा निवासियो की जल समस्या को जन सभाओ और विधान सभा म उठाया। श्री झूमरमल अध्यक्ष, नगरपालिका भादरा ने पत्रो द्वारा केन्द्रीय स्तर तक यह प्रकरण भेजा था पर उस व्यासजी क सहयोग स ही बल मिल सका। श्री झूमरमल ने अपन 26-2-65 क पत्र म लिखा था प्रस्तुत पत्र क साथ कस्बा भादरा के नागरिको को जो पानी पीने के लिए मिलता है उसका एक नमूना भेज रहा हू। कृपया इसका एक घूट पान करने का कष्ट करें। पीने पर ज्ञात होगा कि जिस पानी को पशु भी पीना पसन्द नही करत उसे भादरा के 15 हजार लोग सेवन करने के लिए विवश हैं।

प्रकरण कही का हो, व्यासजी उसके लिए अपन प्राण पण स जुट जात थे तथा उस समय तक चन नही लेत थे जब तक उसकी पूण जाच नही हो जाती और उपचारात्मक उपाय नही किय जात।

1965 म बीकानर परिक्षेत्र म भयकर रूप स चेचक का रोग फल गया। व्यासजी ने इस क्रम म चिकित्सा अधिकारियो और सरकार का ध्यान दिलाया तथा अनेक जन सभाओ म आहवान किया कि नागरिको क स्वास्थ्य के लिए इस रोग की शीघ्र रोक थाम जरूरी है। सरकार की ओर स इस बात की जाच करन के लिए श्री पी एल ऋषि सचालक चिकित्सा एव स्वास्थ्य विभाग का अध्यक्षता म एक समिति नियुक्त की गई। समिति को यह देखना था कि चेचक की रोकथाम क लिए समय पर कायवाही की गइ या नही। भविष्य म चेचक नहीं फले इस सबध म भी उसे अपन सुझाव देने थे। श्री ऋषि के 2 माच 1965 क पत्र के आधार पर व्यासजी ने सभी सबधित लोगो स मुलाकात करके अपन सुझाव दिये तथा बताया कि चेचक के उन्मूलन के लिए शहर म व्याप्त गन्दगी का हटाया जाना अत्यावश्यक है। अपन पत्र म श्री ऋषि न व्यासजी को लिखा था मुझे कमेटी की तरफ से आपको इस काय के लिए खास तौर पर निमन्त्रित करन का आदेश मिला है। अत आप कृपया कमटी का इसम सहयोग देकर कमटी को कृताथ करें।

सयुक्त समाजवादी दल क अध्यक्ष श्री एस एम जोशी क जयपुर आगमन के अवसर

पर माणकचौक म आयोजित रली म व्यास जी ने समाजवादी ताकतो को बिखरने से बचाने व एकीकृत करने पर जन दिया। (लोकजीवन 2 अप्रल 1965)

'राज्य विधानसभा म ससोपा दल क नता श्री मुरलीधर व्यास ने समाजवादी समाज की स्थापना को जीवन का लक्ष्य मानकर काम करन की सलाह देते हुए कहा कि समाजवाद राजनतिक नारा नही है। श्री व्यास ने कहा कि देश म समाजवादियो की यह भारी विजय है कि आज साम्प्रदायिक और प्रतिक्रियावादी दल भी अपने अपने विशेषण लगाकर किसी न किसी रूप म समाजवाद का स्वीकार करत जा रहे हैं। उन्होन कहा कि देश का उज्ज्वल भविष्य समाजवाद म ही निहित है। सभा म मास्टर आदित्येन्द्र एव चौधरी नरेन्द्रपालसिंह क भाषण भी हुए।'

व्यासजी के एक और अन्यतम साथी एव स्वतन्त्रता सनानी श्री सत्यनारायण सर्राफ (भादरा) राजनीतिक घटनाक्रम म उनके निकट सम्पक म रहे। 24 माच 1965 के पत्र म उन्होने अपनी भूख हडताल के सबध म विवरण दिया है। उनकी ही भाषा म ये विचार इस तरह हैं सुखाडिया को जो आपन नगा किया उसके लिए बहुत धन्यवाद। कृपया एक नकल सुखाडिया के खिलाफ जो आवेदन पत्र आप राष्ट्रपति को भेज रहे है मुझ भेजें तथा विधान सभा की एक छपी किताब इस सबध में विधान सभा मे सुखाडिया क विरुद्ध जो मसाला पश किया और उस पर जो बहस हुई भी भेजें। मरा व भाई थिरानी का भूख हडताल करने का इरादा है। या तो भारत सरकार जाच आयोग बिठावे नहीं तो हम लोग भूख हडताल करग।

तत्समय म सुखाडिया राजस्थान की राजनीति म एक मिथ' की तरह थे और उसे तोडना अत्यावश्यक था। इस प्रसग पर सुप्रसिद्ध विचारक चिन्तक श्री नन्दकिशोर आचाय ने सुखाडिया क मिथ का तोडन म व्यासजी का प्रमुख भूमिका को इस प्रकार रूपायित किया है भारतीय राजनीति म डॉ लोहिया की सब से महत्वपूर्ण देन थी नेहरू के मिथ को तोडना। भारतीय लोकतत्र को पुष्ट करने क लिए यह आवश्यक था कि इस व्यक्तिवाद से बचाया जाए—इसी दृष्टिकोण से डॉ लोहिया ने भारतीय राजनीति पर नेहरू के बढते जा रहे सम्मोहीय प्रभाव का—विशेषत अन्य वरिष्ठ नेताओ के देहावसान क बाद—लगातार विरोध किया। इस प्रदश म ठीक यही भूमिका श्री मुरलीधर व्यास की रही। राजस्थान एक सामन्तवादी प्रदश था और आजादी के बाद श्री सुखाडिया क नेतृत्व म धीरे धीरे यहा सामन्तवादी प्रवृत्ति काग्रेस शासन म भी असर दिखाने लगी थी। स्व व्यास न आरम्भ से ही यह महसूस कर लिया था कि इस सामन्तवादी प्रवृत्ति वाले प्रदेश म नवजात लोकतत्र को यदि ठीक दिशा म विकसित करना है तो उस नव सामन्तवादी प्रवृत्तियो से बचाना होगा। यही

कारण है कि उन्होंने प्रारभ से ही सुखाडिया के 'मिथ" को तोडने के प्रयत्न किये और उनके शासन की भूलो और अनुचित कार्यो पर कठोर प्रहार करने की नीति अपनाई। यही कारण रहा कि श्री सुखाडिया का जितना विरोध राजस्थान के समाजवादी खेम द्वारा हुआ उतना अन्य किसी वग द्वारा नही हो सका। इस दृष्टि से राजस्थान म स्व व्यास जी की भूमिका अत्यन्त महत्वपूण मानी जायेगी।

मिथ' तोडने वालो म यद्यपि व्यासजी अकेले नहीं थे, पर अग्रणी अवश्य थे यह बात दिनाक 22 अप्रेल 1965 को प्रधानमत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को दिये गये ज्ञापन से स्वत ही प्रमाणित हो जाती है जिसम 17 प्रमुख व्यक्ति (विधायक एव अन्य नेता) सम्मिलित थे पर सब से ऊपर श्री मुरलीधर व्यास का नाम अकित है। नेताओ म व्यासजी के अतिरिक्त सवश्री मानिक चद सुराणा उमरावसिंह ढावरिया, हीरा भाई विट्ठल भाई, प्रो केदार नाथ नत्थी सिंह, मुकुट बिहारी लाल गोयल, जय नारायण सालोदिया मानधाता सिंह नाथू लाल करोल, उदी लाल बोरिदया, मौरा भाई दुर्गाराम योगेन्द्र नाथ हाडा (सभी विधायक) मास्टर आदित्येन्द्र अध्यक्ष राजस्थान सयुक्त समाजवादी दल तथा देवी सिंह सासद आदि प्रमुख थे। अपने प्राक्कथन म इन नेताओ ने आरोपो की पृष्ठभूमि के सदभ म कहा कि हम राजस्थान विधान सभा और उसके बाहर के विभिन्न प्रतिपक्षी दलो के प्रतिनिधिगण राजस्थान के मुख्य मत्री के अनुचित कार्यों, भ्रष्टाचार के स्पष्ट कृत्यो घोर कुशासन और पक्षपात के नग्न नृत्य से पीडित होकर उनके विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत करते हैं। एक राज्य के मुख्य मत्री को जिसने काग्रेस हाई कमाण्ड को राज्य के दस वर्षीय 'शानदार और स्थिर शासन' से विस्मित करने म सफलता प्राप्त की है भ्रष्ट कार्यों म सक्रिय रूप से भाग लेते देखते रहना हमारे लिए असहनीय है। जिन्होंने इस स्थिर शासन को देखा है वे जानते हैं कि इसकी प्राप्ति सावजनिक धन को बलि चढा कर हुई है। यह स्थिरता जडता म परिवर्तित हो गई है। इस तथाकथित स्थिर शासन ने अनेक गठन्बधन देखे हैं तथा इस प्रक्रिया म व्यक्ति पूजा के विकास को अवसर मिला है पद और सत्ता के दुरुपयोग से मुख्यमत्री एव उसके निकट सम्बधियो साले बहनोई दामाद आदि ने जिनके पास पहले कुछ नहीं था विशाल सम्पतिया अर्जित की हैं। भूतपूव मुख्य मत्री श्री हीरालाल शास्त्री, श्री टीकाराम पालीवाल स्व श्री जयनारायण व्यास और भूतपूव प्रदेश काग्रेस अध्यक्ष और अब इस अरोप पत्र पर हस्ताक्षरकर्ता श्री आदित्येन्द्र आदि शीर्षस्थ काग्रेसी नेताओ न भी भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोपो से काग्रेस हाई कमान को अवगत कराया था। यह कहना प्रसगानुकूल होगा कि सलग्न आरोप राजस्थान विधान सभा म कई बार व्यक्त किये गये किन्तु परिणाम नही निकला। मुख्य मत्री जी उपेक्षा करते रहे।

आरोप पत्र म 42 आरोप लगाये गय। थोड से समय म सम्पत्ति' क अ तगत बताया गया है कि मुख्य मत्री बनन स पूव श्री सुखाडिया अत्य न सीमित साधनो वाले व्यक्ति थ परन्तु मत्री बनन ही उन्हान गलत और गर कानूनी साधनो का उपयोग करत हुए सम्पत्ति का सग्रह करना प्रारभ कर दिया। उनस बार बार अपनी सम्पत्ति की सावजनिक घोषणा की माग की गई पर व इस अस्वीकार करत रह। सम्पत्ति सबधी प्रकरण 10 अगस्त 1964 को श्री उमराव सिंह ढाबरिया द्वारा विधान सभा म भी उठाया गया था। भूमि पर अनधिकृत कब्जा म उदयपुर विश्वविद्यालय क पास क साढे तरह बीघा कृषि योग्य भूखण्ड को अवाप्त करने की बात उठाई गइ। इसके लिए एक छोटे स माफीदार श्री पानरी को राज्य कोष स भारी मुआवजा तथा पुनर्वास अनुदान दिलाया गया और एक छोटी सी धनराशि दकर उसकी कृषि योग्य भूमि हथिया ली गई।' अपन सबधियो के नाम बडे भारी भूखण्ड राजस्थान के बूदा जिल म आवटित कराये गये जिनका मूल्य लाखो रुपए होता है। इन सबधियो म कुछ तो अवयस्क ही थ। य भूखण्ड भूमिहीन किसानो को दिये जाने थ पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर भी उनको भूमि नही दी गई।

मक्का और चावल क प्रतिबधित निर्यात को खाद्यान्न सकट क बावजूद खोल दिया गया तथा व्यापारियो स अवध धनराशि प्राप्त की गई। पानरवा जगल का ठेका अपने अतरग मित्र श्री गुलाम अब्बास को साधारण रकम म दिला कर राज्य कोष को अपार हानि पहुचाई गई। 1957 म जो ठेका 18000 रुपयो पर छोडा गया उसक लिए डेढ लाख रुपया प्रतिवष की बोलिया अन्य व्यक्तियो की थी पर उन पर विचार नही किया गया। 29 जनवरी 1965 को ठेका समाप्त होने पर करार क अनुसार जो चार लाख रुपयो की लकडी कटी पडी थी वह राज्य सरकार की सम्पति होनी थी लकिन निश्चित तारीख के बाद भी ठकदार को लकडा उठान की स्वीकृति दे दी गई। इस तरह राज्य कोष का भारी हानि हुई। 1964 के राज्य प्रशासन की आडिट रिपोट म स्पष्ट लिखा है कि केवल 1954 स 1957 तक ही राज्य कोष का दस लाख रुपये की सीधी हानि हुई है।

जयपुर उद्योग लिमिटेड का 60 लाख रुपया क ऋण की स्वीकृति के पीछे व्याप्त भ्रष्टाचार क प्रश्न को स्वय श्री जयनारायण व्यास ने उठाया था। नाथवारा जाच आयोग क सम्मुख उपस्थित सभी सबधित पक्षों न भी स्वीकार किया था कि इस प्रक्रिया म दो लाख 51 हजार रुपय लिये गये। इस उद्योग को अन्य अग्रदेय (Advances) भी दिये गये जिनको बाद म 'जमा-खच' कर दिया गया अथवा विज्ञापनो पर व्यय क रूप म बता दिया गया।

अन्य आरोपों में कोटा-परमिट दिये जाने, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कालान्तर में प्रशासनिक अधिकारी के पद तक पहुँचाने तथा सम्बन्धियों को धन और पद की सुविधा देने की बातें थीं। विशेष कर श्री आर्य का मामला उठाया गया जो चालीस रुपये माहवार के तुलवारिया (चतुर्थ श्रेणी पद पर) थे, पर जिन्हें आबकारी और कर विभाग का सहायक उपायुक्त बना दिया गया। सम्बन्धियों द्वारा भूमि की धांधली एवं बीमा एजेंसियों की प्राप्ति के अन्तर्गत 'अधिक अन्न उपजाओ आंदोलन' के नाम पर लाखों रुपयों की सैकड़ों बीघा भूमि आवंटित करने तथा बीमा एजेंसियों के नाम पर लाभ कमाने की बातें कहीं गई हैं। एक सम्बन्धी का कोटा में स्ट्रा बोर्ड फैक्टरी लगाने तथा 14 पैसे प्रति क्विंटल की मामूली दर से दो लाख मन घास काटने का अधिकार देने की बात भी आरोप पत्र में है। पूरे कोटा परिक्षेत्र में यही एक मात्र ऐसा जंगल था जिसे लीज पर दिया गया तथा इस तरह राज्य कोष को नुकसान पहुँचाया गया।

अभ्रक की खानों में रायल्टी की कमी की घोषणा करके खनिज स्वामियों को लाभ दिया गया और उसके बदले कांग्रेस द्वारा आम चुनाव के लिए धन प्राप्त किया गया। आरोप पत्र में अजन्ता होटल उदयपुर, स्वदेशी कॉटन मिल उदयपुर एवं विनेयल कैमिकल लि० कोटा के प्रसंग में की गई अनियमितताओं का भी उल्लेख है। नीम का थाना में लाइम स्टोन का एकाधिकार देने, नेहरू अवार्ड के नाम पर राजनीतिक लाभ लेने के लिए कुछ जमींदारों को अनुचित मुआवजा दिलाने, उदयपुर, भीलवाड़ा एवं गंगानगर के बस मार्गों के राष्ट्रीयकरण को बार बार स्थगित करके अपने सम्बन्धी बस मालिकों को लाभ पहुँचाने आदि के ब्योरेवार उदाहरण दिये गये हैं। यह भी बताया गया कि जय समन्द झील के मछली भंडारों के ठेके को निरंतर पन्द्रह वर्ष तक केवल 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से स्वीकृत किया जाता रहा। यह अत्यन्त अनियमित था क्योंकि यदि यह ठेका नीलाम किया जाता तो इससे छः गुना राशि में नीलाम होता।

अन्य बिंदुओं में फिजिकल ट्रेनिंग कॉलेज, जोधपुर के भवन क्रय में अनियमितता, कोटा वितरण में धांधलेबाजी, बारह हजार बीघा भूमि का चार बड़े पूंजीपतियों में वितरण, गैर कानूनी मुआवजा, कुछ शैक्षणिक संस्थाओं के प्रति पक्षपात, कम्पनियों से चंदा, विधान सभा के सदस्यों को भ्रष्ट करने के प्रयास, प्रशासन को भ्रष्ट करने के निर्णय तथा सामान्य व्यक्तियों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए मंत्री पदों पर नियुक्तियां आदि प्रमुख हैं।

यह ज्ञापन 22 अप्रैल 1965 को तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री को दिया गया। प्रस्तुत करने वाले थे सर्व श्री मुरलीधर व्यास, मानिकचंद सुराणा

उमरावसिंह ढाबरिया मानधाता सिंह तथा रेवीसिंह सासद। व्यासजी ने पूरे राज स्थान म घूम घूम कर जन सभाओ के माध्यम से उक्त आरोपा की चर्चा की तथा उनके विरोध म जनमत तयार किया। उनके भाषणा म व्यक्तिगत दुर्भावना न होकर राज्य के व्यापक हिता की बातें ही हुआ करती थी।

फरवरी 1966 के प्रथम सप्ताह म व्यासजी बडतिया (मुगेर बिहार) म अपन दल के सम्मेलन म भाग लेने गय। पाच दिवसीय सम्मेलन की समाप्ति पर दिनाक 6 फरवरी 1966 का व कलकत्ता पहुचे। पनी हुई नई राजनीतिक स्थिति म दल क लिए ससाधन एकत्रित करन क अतिरिक्त बिहार-बगाल क वरिष्ठ नताओ स सम्पक करना भी इस यात्रा का एक उद्देश्य था। श्यामजी थानवी और श्यामजी आचाय भी उन दिना कलकत्ता म थ। कलकत्ता स्थित अपन शिष्या सहयोगिया और सहकर्मिया की सहायता से समाधन सबधी काय तो हुए ही वरिष्ठ नेताओ स मत्रणाए भी हुइ।

दिनाक 6 फरवरी को प्रात 11 बजे अपर इण्डिया स स्यालदाह स्टेशन पर पहुँचने पर उनका शानदार स्वागत किया गया। फूल मालाओ स उन्ह लाद दिया गया गुलदस्त दिय गय तथा नेगे व्यासजी जिन्दाबाद क नारा स प्लटफाम गूज उठा। व्यासजी क आगमन स पूव प्रसारित एक विज्ञप्ति म कहा गया था— जन क्रांति क अगुआ प्रजा समाजवाद के महान् स्तम्भ राष्ट्रीय समिति क सदस्य राजस्थान के प्रसोपा एम एल ए राष्ट्रीय नता श्री मुरलीधर व्यास का विराट वीरोचित स्वागत किया जाय। जिल क तमाम केन्द्रा व वाड सचिवा से ही नहीं समस्त प्रजा सोशलिस्ट सदस्या क साथ बगाल म रहन वाले तमाम राजस्थानी व धुआ स भी अपील की गई कि ज्यादा स ज्यादा तादाद म स्टेशन पर पहुँच कर स्वागत करें। हम नाज है व्यासजी पर। व यू पी सी पी व बिहार का दौरा करते हुए जिला पश्चिमी कलकत्ता प्रसोपा के विशेष अनुरोध पर कलकत्ता पहुँच रहे हैं।

व्यासजी की इस यात्रा क साथी श्री हनुमान दास आचाय के अनुसार— 'वहां पर मोहम्मद अली पाक म एक आम सभा हुई। वह इतनी जबरदस्त हुई कि बगाल के लोगा न राजस्थान के शेर की गजना को सराहा तथा इन्हाने सुभाष की याद को ताजा कर दिया।

राजस्थान लौटन पर व्यासजी पुन अपन विविध सेवा कार्यों म जुट गय। शिक्षा सबधी प्रश्ना पर व अपन ही ढग से सोचत थ। शिक्षकों क लिए सेवा नियमा के सम्बन्ध म उनकी मान्यता थी कि इसम यान्त्रिकता और जडबद्धता नहीं होनी चाहिए। आयु एव अनुभव के साथ ही शिक्षक का ज्ञान परिपक्व होता है अत

उसके लिए सेवा म प्रवेश की आयु 40 वष तक मान लेनी चाहिए तथा उसे सेवा निवृत्ति मे भी कुछ वर्षों की छूट मिलनी चाहिए। इस वि दु पर उ होन निर तर प्रयास किये। उनके एक पत्र के उत्तर मे दिनाक 29 माच 1966 को तत्कालीन शिक्षा मन्त्री श्री व्रज सु दर शर्मा न लिखा —"अध्यापकों की नियुक्ति हेतु 40 वष तक की आयु के प्रावधान को जन सेवा आयोग ने स्वीकार नही किया है। अभी इस विषय म सरकार और आयोग के बीच विचार विमश चल रहा है। वहा की स्वीकृति के पश्चात् यह निणय पूण रूप ग्रहण कर सकेगा। उप शासन सचिव (शिक्षा) ने भी व्यासजी के प्रयासो के सदभ म लिखा कि' आयु सीमा को बढाने म कुछ वधानिक कठिनाइया उपस्थित हुई हैं जिनके निराकरण करने की कायवाही की जा रही है। जब तक निराकरण नही हो जाता तब तक भर्ती वतमान नियमो के अनुसार होती रहेगी। इन अडचनो को हटाने के बारे म कायवाही की जा रही है। आशा है कि इनका निराकरण भी शीघ्र हो जायगा।

राष्ट्रपति ज्ञानी जलसिंह ने गत वष शिक्षको की सेवा निवृत्ति 60 वष की आयु म करने का जो सुझाव दिया था वह व्यासजी की मूल प्रस्तावनाओ से मेल खाता है। अनेक स्थानो पर व्यासजी ने कहा कि शिक्षको के सेवा–प्रवेश एव सेवा निवृत्ति की आयु सीमा म छूट मिलनी चाहिए। कालान्तर म राजस्थान सरकार ने समय-समय पर इस प्रकार की छूटो की घोषणा भी की और इस तरह उनके प्रयत्नो को यत् किंचित सफलता मिली।

मजदूरो की कई मागो को लेकर 31 माच 1966 को राज्य व्यापी बद का आह्वान किया गया था। इसमे समस्त विरोधी दल एव ट्रेड यूनियन्स के नेता सम्मिलित थे। बीकानेर म भी इसका व्यापक प्रभाव पडा। बन्द के निर्धारित दिन से दो दिन पूव 29 माच को साकेतिक हडताल रखी गई। सभावित अशान्ति की आशका से प्रशासन ने दिनाक 29 3 66 को प्रात 4 बजे स एक सप्ताह के लिए धारा 144 लगा दी और तीन भूख हडताली नेता सवश्री हुकमा राम, भारत भूषण एव पूर्णानन्द को गिरफ्तार कर लिया। मुरलीधरजी जस सजग एव मजदूर हितषी नता इस सारे परिप्रेक्ष्य म मौन दशक बन कर नही रह सकते थे। उन्होने धारा 144 को भग करने की सावजनिक घोषणा की। उन्होने कहा— यह हमारे प्रजातान्त्रिक अधिकारो का दमन है तथा सविधान विरोधी कृत्य है—हम इस सहन नहीं कर सकते। इस आन्दोलन म व्यासजी सहित कई समथक गिरफ्तार हुए। जेल म व्यास जी ने भूख हडताली मजदूर नताओ क नतिक समयन म स्वय भी भूख हडताल की। उनका कहना कि सभावित अशान्ति की आशका मात्र से एक शान्तिमय आदोलन

को कुचलना सरासर गलत है। प्रशासन ने भी इस स्थिति को समझा और 31 मार्च को धारा 144 उठाते हुए व्यासजी एवं अन्य नेताओं को रिहा कर दिया।
मई दिवस (1 5 1966) को व्यासजी ने मजदूरों की एक विशाल सभा को सम्बोधित किया। इससे पूर्व एक मशाल जुलूस स्थानीय रेल्वे मैन्स यूनियन के कार्यालय से निकल कर मुख्य जनपथ से होता हुआ, सभा स्थल (रतन बिहारी पार्क) पहुँचा श्री हरि किशन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में संसद सदस्य श्री प्रियरंजन गुप्ता श्री मुरलीधर व्यास एवं श्री मानिकचंद सुराणा मुख्य वक्ता थे। श्री व्यास ने मजदूरों के अभाव-अभियोगों पर बोलते हुए कहा 'यह शर्म की बात है कि दौलत पैदा करने वाले मजदूर भूखों मर रहे हैं तथा उनके श्रम से उत्पन्न पूंजी चन्द निठल्ले लोगों की तिजोरियों में जा रही है। हम संगठित होकर इस स्थिति का मुकाबला करना है। व्यास जी प्रतिवर्ष मई दिवस की सभाओं में बोलते थे और मजदूरों के साथ उनका आत्मीय तादात्म्य संबंध भी था।
फलौदी नगर पालिका के चुनावों के बार बार स्थगन से विक्षुब्ध स्थानीय जनता ने उसका विरोध किया और प्रशासन को ज्ञापन आदि दिए लेकिन उसका प्रभाव नहीं होता देख कर प्रभावोत्पादक कार्यवाही के लिए व्यासजी को बुलाया गया। 12 मई 1966 को निर्धारित चुनाव 12 जून तक स्थगित कर दिए गए थे। व्यासजी ने 10 जून 1966 को फलौदी में आयोजित सभा में कहा 'चुनाव में मौती हार अनुभव करने वाले चन्द उम्मीदवारों की मांग पर सरकार ने चुनाव स्थगित करके समाज विरोधी कार्य किया है। यह अप्रजातांत्रिक अवैधानिक एवं निन्दनीय है। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए हम सब फलौदी बन्द करके जोरदार प्रदर्शन करना चाहिए ताकि क्रूर इरादों पर रोक लग सके।
11 जून 1966 को फलौदी बंद के आह्वान पर बाजार बंद रहे। प्रातः 9 बजे एक विशाल जुलूस एस डी ओ के निवास स्थान पर पहुंचा तथा चुनाव तिथि घोषित करने की जोरदार मांग की। सायंकाल नयी तिथि की घोषणा कर दी गई। चुनाव में व्यासजी समर्थित श्री डूंगरदास छंगाणी एवं उनके साथी विजयी हुए तथा बाद में अध्यक्ष पद पर भी श्री डूंगरदास छंगाणी ही निर्वाचित हुए। इस पूरे प्रकरण में प्रदर्शनों सभाओं एवं जन जागृति अभियान में जयजवान जय किसान के सम्पादक श्री भीमपाडिया उनके साथ थे।
जून 66 में व्यासजी अपने दल के प्रान्तीय सम्मेलन में भाग लेने बूंदी गये। 25 एवं 26 जून को आयोजित इस अधिवेशन में दल के पार्लियामेन्टरी बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। इसी में आगामी चुनाव (1967) के सम्बन्ध में प्रत्याशियों का चयन भी किया गया। प्रान्तीय सचिव होने के नाते व्यासजी के पास संभावित प्रत्याशियों के पत्र निरन्तर आते रहते थे

बूंगी म उन दिना माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा 747 छात्रा के परीक्षाफल रोकने के विरुद्ध एक छात्र आन्दोलन चल रहा था। छात्रा ने 2 जून को मशाल जुलूस और पुतला दहन का कायक्रम रखा। 9 जून को पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किये जाने पर 10 जून को बूंगी बन्द का आह्वान किया गया तथा पूरा जन जीवन प्रभावित हुआ। 25 व 26 जून को प्रसोपा के राष्ट्रीय नेताओं के बूंगी आगमन पर पुन छात्रो की विशाल सभा हुई जिसे व्यासजी सहित अनेक नेताओं ने सम्बोधित किया तथा छात्रा की वाजिब मागा का अपना समर्थन दिया।

इसी वर्ष प्रजा समाजवादी दल का प्रांतीय अधिवेशन बीकानेर में आयोजित किया गया। इसमें दल के अध्यक्ष श्री एन जी गोरे आल इण्डिया रलवे मैन्स फेडरेशन के अध्यक्ष श्री पीटर अल्वारिस राष्ट्रीय सेवा दल के सचालक श्री नाना डेंगले एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री जोरावरमल बोडा के अतिरिक्त सर्वश्री भगवानदास रतनलाल पुरोहित एवं मौलवी चांद खां जैसे प्रतिष्ठित नेताओं ने भाग लिया। सितम्बर 1968 में आयोजित इस सम्मेलन के अवसर पर श्री एन जी गोरे का बीकानेर स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें एक विशाल जुलूस के साथ नगर के विभिन्न भागों में ले जाया गया। जगह जगह पर स्वागत द्वारों के निर्माण एवं मोहल्लों में

स्वागत समितियो द्वारा नोटो की मालाओ के सम्मान से यह कार्यक्रम और भी अधिक आकर्षक बन गया। श्री गोरे ने प्रातीय अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय एव लोकतत्रीय परम्पराओ के लिए सघर्ष को और तेज करना होगा। उन्होने कहा आज भारत की जनता सशय वृति मे है। शाति, श्रद्धा और सताप का काल खण्ड समाप्त हो चुका है। प्रारम्भिक समस्याए हल नही हो पाने के कारण जनता मे निराशा की भावना फैलना स्वाभाविक है ताश कन्द मे हमने गलत फैसला किया हाजी पीर और करगिल का हमारा ही क्षेत्र जो हमारी सेनाओ ने भारी कुर्बानी देकर उन्हे जीत लिया था, वापिस लौटा गया दिया

उन्होने कहा कि समान विचार वाले दलो के साथ एक राय हो सकती है पर बिना सिद्धान्त के उपरी एकता हम नही चाहते।

राष्ट्र सेवा दल के सचालक श्री नाना डगले ने कहा कि देश का नव निर्माण मानवीय समाजवादी आधार पर ही हो सकता है। आज जब विश्व भर मे मानवता की एकता की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है साम्प्रदायिक भावनाओ को उभारना किसी भी हालत मे बुद्धि सगत नही है। मौलवी चाद खा ने भी राष्ट्रीय एकता एव इन्सानियत को जिन्दा रखने के लिए कुर्बानी की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन के अवसर पर आयोजित आम सभा मे सर्वश्री रतनलाल पुरोहित जोरावरमल बोडा, मुरलीधर व्यास भगवानदास, बुलाकी दास बोहरा, हनुमानदास आचार्य एव नारायण दास रगा के भी भाषण हुए। स्वागताध्यक्ष श्री सुगनचद पुरोहित ने गोवा मुक्ति आदोलन के प्रमुख समाजवादी नेता श्री एन जी गोरे एव आल इण्डिया रेल्व मैंस फेडरेशन के अध्यक्ष श्री पीटर अल्वारिस के आगमन को बीकानेर के लिए सौभाग्य की बात बताया।

सम्मेलन मे पारित एक प्रस्ताव मे चकोस्लावाकिया की जनता के साहस की सराहना की गई। राजस्थान की विषम आर्थिक स्थिति श्रम शक्ति के सगठन की आवश्यकता एव स्थानीय पत्रकार पर किये गये हमले की भर्त्सना सम्बधी कुछ अन्य प्रस्ताव भी पारित किय गये। इस सम्मेलन मे वयोवृद्ध समाजवादी नेता श्री रतनलाल पुरोहित (जोधपुर) को प्रातीय अध्यक्ष एव श्री मुरलीधर व्यास को प्रातीय मन्त्री निर्वाचित किया गया, तथा एक इक्कीस सदस्यीय प्रदेश कार्यसमिति का भी सर्व सम्मति से गठन किया गया।

सितम्बर 1968 मे श्री मुरलीधर व्यास ने रतन बिहारी पार्क मे रेलवे मैंस यूनियन द्वारा आयोजित एक आम सभा मे कर्मचारियो के समक्ष बोलते हुए कहा कि—'अध्यादेश लोकतत्र की हत्या है और इससे मजदूरो मे तनाव बढेगा। 19 सितम्बर, 1968

की प्रस्तावित हड़ताल राष्ट्रपति के अध्यादेश द्वारा अवैध घोषित कर दी गई थी। उसी प्रसंग में श्री व्यास ने ये उद्गार व्यक्त किये थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समय रहते सरकार को चाहिये कि वह केन्द्रीय कर्मचारियों की बुनियादी मांगें स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं कि जो लोग आज रेल का चक्का जाम करने की बात कहते है वे हुकुमत के चक्के भी जाम करने की बात कहेंगे।

अकाल की विभीषिका के बारे में जिलाधीश बीकानेर को दिये गये अपने एक ज्ञापन में दल की ओर से कहा गया कि करीब एक माह से बीकानेर में अकाल की स्थिति भयंकर हो गई है। पानी की आशा में समय बीत गया है तथा किसान और उसका पशुधन काल के मुंह में चला गया है। महंगाई ने जन जीवन को इस कदर घेर लिया है कि उसके लिए रहे सहे पशुधन को बचाना भी कठिन हो गया है। ज्ञापन में निवेदन किया गया कि बीकानेर के समस्त गांवों को अकालग्रस्त मानकर राहत कार्य शुरु किये जाएं। यह चेतावनी भी दी गई कि यदि यह कार्य एक सप्ताह में नहीं किया गया तो गांवों में मरे हुए पशुओं के ढेर के ढेर लग जायेंगे और इन्सान भी इस धरती पर मरते हुए नजर आयेंगे।

अकाल के प्रश्न पर श्री व्यास निरन्तर संघर्ष करते रहे। उन्होंने उत्तरदायी लोगों से सम्पर्क करके इस समस्या के समाधान के लिए अनवरत प्रयत्न किये। 30 नवम्बर 1968 को राजस्थान के खाद्य एवं अकाल राहत मन्त्री श्री परसराम मदेरणा को लिखे गये एक पत्र में उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम हम बतलाना चाहते हैं कि बारबार सरकार का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद राहत कार्य अत्यन्त मंदगति से चल रहे हैं। राज्य में बहुत तादाद में पशुधन और गायें मर चुकी है। अब स्थिति यह हो गई कि कोलायत तहसील में समय पर राहत व अनाज मजदूरी एवं पौष्टिक खाद्य नहीं मिलने से सैकड़ों लोग मर चुके हैं। कुछ ग्रामीणों के नाम जांच के लिये दे रहा हूँ। 1 तारिका भारत गांव उदट 2 मीरा पत्नी कानाराम गांव केलनासर 3 चूनाराम मघवाल गांव भाणिकसर। इसके अतिरिक्त कोलायत कैम्प में जो लोग अनाज के अभाव में मरे हैं उनकी जांच कर रिपोर्ट अखबारों में प्रकाशित हो चुकी है।

इस तरह स्पष्ट है कि 1968 में व्यासजी ने राष्ट्रीय नीति के परिप्रेक्ष्य में तो महत्व पूर्ण भूमिका निभाई ही प्रांतीय एवं स्थानीय समस्याओं को भी उजागर किया। राष्ट्रीय सम्मेलन हो अथवा प्रांतीय सम्मेलन आयोजित करने का सवाल रेलवे कर्मचारियों के आन्दोलन को सम्बल देने की बात हो या अकाल की विभीषिका में जनधन एवं पशुधन के विनाश के विरुद्ध आवाज उठाने की बात अथवा विरोधी दलों की सम्मिलित आम सभाओं को सम्बोधित करने का सवाल—ऐसे अनेक कार्य थे

जि द् गिनाये तो एक लम्बी तालिका तयार हो जाएगी। व्यासजी अनथक अविरल संघर्षमय जीवन के प्रणेता थे। एक भी आंख में जब तक एक भी आंसू रहे वे अपने कर्त्तव्य से विमुख होकर आराम नहीं कर सकते थे। चिल चिलाती धूप हो या कड़कड़ाती सर्दी वे रात दिन आठों याम लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे।

इसी भावना के साथ उन्होंने अकाल के प्रसंग में जन हानि एवं पशु हानि की बात पूरे दमखम के साथ रखी। उनके वक्तव्य सभी महत्वपूर्ण पत्र पत्रिकाओं में सुर्खियों के साथ छपा करते थे। जनता की पीड़ा के प्रति उनकी केवल शाब्दिक सहानुभूति मात्र नहीं थी। उसके लिए उन्हें लाठियों के प्रहार भी सहन पड़े। 1969 का वर्ष इस बात का साक्षी है कि एक जन हितैषी के साथ कितना निर्मम व्यवहार किया गया था। उस अमानुषिक पाशविकता के प्रदर्शन पर चारों ओर से निन्दा एवं भर्त्सना के स्वर भी गूंजे थे। यह घटना 7 अगस्त 1969 की है। झींमड़ी की आवाज (13 अगस्त 1969) अनुसार घटना का वृतान्त इस प्रकार है। जन नेता मुरलीधर व्यास ने दिनांक 5 अगस्त 1969 को मोहता के चौक की आम सभा में यह घोषणा की थी कि मुख्यमंत्री श्री सुखाड़ियाजी जो 7 अगस्त को बीकानेर आ रहे हैं, को ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग की जायगी कि बीकानेर में दूर निवासी बन्द की जाए, अकाल राहत कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त किया जाए राहत कार्य जो बन्द किये गये हैं उन्हें चालू किया जाए। इस घोषणा के अनुसार सारे मुद्दों को लेकर 7 अगस्त को श्री व्यास के नेतृत्व में एक जुलूस शहर के प्रमुख भागों में प्रदर्शन करते हुए सर्किट हाउस पहुंचा। वहां पर प्रदर्शनकारी शांति पूर्ण तरीके से सर्किट हाउस के बाहर आम सड़क पर खड़े थे। श्री मुरलीधर व्यास ने सड़क पर तांगे के ऊपर खड़े होकर अपना भाषण आरम्भ करते हुए कहा कि हम जनता के दुःख तकलीफों को लेकर आये हैं और हम अपना ज्ञापन पेश करेंगे। सर्किट हाउस में अकाल राहत मंत्री श्री परसराम मदेरणा एवं पी डब्ल्यू डी मंत्री श्री अमीनुद्दीन लुहारु नवाब थे।

श्री व्यास ने कहा कि हम अपना ज्ञापन देंगे, हमें अन्दर जाने दिया जाए तभी सर्व प्रथम प्रसोपा के युवा नेता श्री नारायण दास रंगा पर लाठी प्रहार किया गया। परिणामतः उनका सिर फूट गया। इस पर श्री व्यास तांगे से फौरन नीचे उतरे और मुकामी अफसर एस पी से कहा कि यह सरासर अन्याय है इतने में ही श्री व्यास पर लाठियों से ऐसा जबरदस्त वार किया गया कि वे अचेत होकर गिर पड़े। इतना ही नहीं उनकी अचेतावस्था में भी लाठी प्रहार बन्द नहीं किया गया। नगर परिषद् के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री शिव किसन आचार्य (कंजल सा) उनके ऊपर हो गये जिससे उनके भी काफी चोटें आई। उन्होंने तथा श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा विष्णु उर्फ नूं व बजरंगदास ने श्री व्यास को उठाया व सर्किट हाउस

क अन्दर ले जाया गया। श्री व्यास रात को दो बजे तक अस्पताल में बेहोश रहे और उनका खून बहता रहा।

अपने पर किये गये निर्मम लाठी प्रहार के प्रसंग में व्यासजी ने स्वयं एक वक्तव्य प्रसारित करते हुए कहा कि साधारण परिस्थिति में यह क्या षडयंत्र था यह तो जाच से ही सिद्ध होगा, पर मैं इतना कह सकता हूँ। कि जिस अमानुषिक तरीके से मुझ पर प्रहार किया गया वह मुझे जान से मार डालने का षडयंत्र था। मुझ पर प्रहार हुआ है इसलिए मैं इस पर अधिक नही कहना चाहता पर लोकतंत्र में विरोध को दबाने के लिए इस ओछे हथियारो का इस्तेमाल कर हत्या की नीति अख्त्यार की गई तो यह देश के लोकतंत्र कानून व न्याय के राज्य को समाप्त कर देगी तथा किसी राजनीतिक व्यक्ति का जीवन खतरे से बाहर नही होगा।

श्री व्यास ने सरकारी विज्ञप्तियो के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि सर्व प्रथम लाठी चार्ज हो जाने के बाद बीकानेर के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने 7 अगस्त की रात्रि को जन सम्पर्क कार्यालय द्वारा जो विज्ञप्ति प्रकाशित करवाई है उसमें कहा है कि सर्किट हाउस में जबरन प्रवेश करने की स्थिति में मेरे तथा अन्य कुछ साथियो व सिपाहियो के चोट आई। उस वक्तव्य में कही भी प्रदर्शनकारियो के साथ काले झण्डा घेराव तथा मेरी और किसी की गिरफ्तारी की कोई चर्चा नही थी। दूसरी ओर राजस्थान पत्रिका जयपुर में सरकार द्वारा 8 अगस्त को प्रसारित अधिकृत सूचना में कहा गया है कि 6 अगस्त को प्रसाधा ने काले झण्डा के प्रदर्शन एवं घेराव की घोषणा की तथा 7 अगस्त को प्रदर्शन लेकर सर्किट हाउस गये। वहा प्रदर्शनकारियो को पुलिस ने रोका तो उन्होने काले झण्डा के लिए लाए गये बासो से पीटना शुरू कर दिया तथा पुलिस ने बचाव किया। इसके अतिरिक्त कोई भी अखबार अथवा प्रत्यक्षदर्शी पत्रकार नही कहता कि प्रदर्शनकारियो ने लाठियां चलाई तथा मुझे गिरफ्तारी से रोकने के प्रयत्न में चोटें आइ। सच तो इस बात का है कि जब न्यायिक जाच की माग की जाती है तो गृहमंत्री कहते हैं कि लाठी चार्ज नही किया गया तथा मुझ व प्रदर्शकारियो के चोट इसलिए आई कि मेरी गिरफ्तारी को प्रदर्शन कारी रोकने लग गये थे मैं यह स्पष्ट कर देता हूँ कि सरकारी विज्ञप्ति और सदन में दिये गये वक्तव्य में एक भी तथ्य सही नही है। मैं अपने पूर्ण उत्तर दायित्व के साथ कहता हू कि प्रदर्शन में सभी पार्टी फ्लग तथा जनता की मागो के पोस्टर थे। प्रदर्शन में कही भी एक भी काला झण्डा नही था। घेराव की बात पूर्णत गलत है गिरफ्तार करने पर प्रदर्शनकारी रोक रहे थे यह बात भी गलत है। यदि मैं गिरफ्तार होता तो अस्पताल में कमरे के आगे पुलिस की गार्ड होती तथा अस्पताल के अधिकारियो को भी सूचना होती पर ऐसा नही हुआ।

व्यासजी पर किए गए लाठी प्रहार की पूरे राजस्थान में तीव्र प्रतिक्रिया हुई। स्थान स्थान पर लोगो ने प्रस्ताव पारित करके न्यायिक जाच की माग की। अखबारो के सम्पादकीय लेखो मे लाठी चाज की भर्त्सना की गई तथा राजस्थान विधान सभा मे स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से इस बिन्दु पर तीव्र बहस हुई। आक्रोश से भरे हुए विरोधी दल के नेताओ ने इस काण्ड को जनतत्र पर किए गए निमम प्रहार की सज्ञा दी। सरकारी पक्ष का प्रस्तुत करते हुए गृह मन्त्रालय के राज्य मन्त्री श्री हीरालाल देवपुरा ने कहा कि 'प्रसोपा नेताओ ने धमकी दी थी कि जब श्री सुखाडिया बीकानेर के सर्किट हाउस मे आयेंगे तो उनका घेराव किया जाएगा। उन्होने कहा कि मुख्यमत्री सर्किट हाउस नही गये, लेकिन प्रसोपाई प्रदशनकारी जिनका नेतत्व श्री मुरलीधर व्यास कर रहे थे ने पुलिस का घेरा तोडने की कोशिश की, जो कि सर्किट हाउस के दरवाजे के बाहर थे और हिंसक रूप धारण कर लिया। जब पुलिस ने श्री व्यास को गिरफ्तार करना चाहा तो प्रदशनकारियो ने रोका। उन्होने पथराव तथा डण्डो के वारो से पुलिस कमचारियो को चोटें पहुँचाई। श्री व्यास को उस समय जख्म हुआ जब पुलिस जनता को काबू कर रही थी। 6 पुलिस कमचारियो एव कतिपय प्रदशनकारियो के भी चोटें आई।

मत्री के वक्तव्य से असन्तुष्ट विरोधी विधायको ने इस जमा ये कहते हुए अपना तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। श्री रामकिसन (ससोपा) ने कहा कि सावजनिक निर्माण मन्त्री और अकाल राहत मन्त्री सर्किट हाउस मे थे। वे शिष्ट मण्डल से नही मिले जो उनसे अकाल राहत काय के सम्बन्ध मे बात करने आया था। श्री रामानन्द अग्रवाल के अनुसार श्री व्यास पर किया गया वार निदयता पूण एव अन्यायपूण था। सर्किट हाउस के अन्दर एव बाहर काफी सख्या मे पुलिस कमचारी थे। यह लाठी चाज श्री व्यास को जान से मार डालने का षडयत्र था।' स्वतत्र पार्टी के नेता लक्ष्मणसिंह ने लाठी चाज को इरादतन बदले की भावना बताया। श्री भरोंसिंह शेखावत (जनसघ) ने कहा कि पुलिस ने बिना किसी आदेश के लाठी चाज किया। पुलिस ने तब भी उन पर वार किये जब श्री व्यास गिर चुके थे। वे श्री व्यास को मार डालते यदि निजि तौर पर उनका बचाव नही करते। श्री चुन्नीलाल इदनिया ने इसे प्राण घातक हमला बताते हुए कहा कि पुलिस ने श्री व्यास के तागे से नीचे उतरते ही इस प्रकार वार किये जैसे कि उनको जान से ही मार डालना हो। गृहमत्री ने घटना को दुःख पूण बताते हुए कहा कि घेराव बर्दाश्त नही किया जायगा। उन्होंने इस षडयत्र मे पुलिस का हाथ होने से इकार किया तथा कहा कि श्री व्यास के चोटें पुलिस के टकराव से ही आई है जब कि प्रदशनकारी उन्हे गिरफ्तार होने से रोक रहे थे। न्यायिक जाच की माग ठुकराये जाने पर सभी विरोधी सदस्यो ने सदन से बहिर्गमन करके अपना रोष प्रकट किया।

क चार वष

श्री व्यास या जुगाड़ स्वरूप निरंतर बना रहा गणतंत्र के गले में अध्यादेशों का फन्दा' शीर्षक से व्यासजी ने वक्तव्य को छापते हुए 'झोंपड़ी की आवाज' ने अपने 29 जनवरी 1970 के अंक में लिखा है कि 'भूमि सुधारों की माग रखने वाले सत्याग्रहियों पर जेलों में अत्याचार किये जा रहे हैं। उनको नाना प्रकार की यातनाएं दी जा रही हैं जिनके कारण कई सत्याग्रही तो जेलों में मर रहे हैं। निर्ममता पूर्वक गालियों की बौछार हो रही हैं। परिणामतः प्रजा परिषद् के समय के जंग जम्हूरियत के सिपाही श्री कानीराम और वंशीसिंह आज भी सरकार की हठधर्मी के कारण भारत माता की गोद में हमेशा के लिए सो गये हैं' गोली-काण्ड की जांच के आश्वासन के सिलसिले में श्री व्यास ने कहा कि उसमें यह कहीं नहीं कहा गया है कि सागरिया भादरा में हुए गोली काण्डों की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा करवाई जाएगी व रिपोर्ट में पाये गये दोषियों को दण्डित किया जाएगा।

23 जनवरी 1970 को बीकानेर नगर में दो ऐतिहासिक कार्यक्रम हुए थे उनमें से एक था सीमान्त गांधी खान अब्दुल गफ्फार खां का बीकानेर आगमन व दूसरा रामपुरिया कॉलेज में बीकानेर के रियासती शासन के समय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अभिनन्दन का कार्यक्रम। सीमान्त गांधी ने स्टेडियम की महती सभा को सम्बोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष पर वह यह देखने के लिए आये हैं कि क्या भारतवासी उस महान् नेता के पद चिह्नों पर चल रहे हैं या नहीं। लगता है भारतवासी आज गांधीजी को भूल गये हैं और महात्मा बुद्ध के रास्ते से भी हट गये हैं। उन्होंने काका कालेलकर के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि जापानी लोग कहते हैं कि यह देश आजादी के 22 साल बाद भी अपना पेट भरने के लिए अनाज पैदा नहीं कर सकता वरन् आस्ट्रेलिया जैसे छोटे देशों से अनाज और पैसे की भीख मांगता है। बादशाह खान के भाषणों से दो बातें स्पष्टतः सामने आती हैं—गांधी जी के रास्ते से भटकाव और गरीबी की व्यापकता। व्यासजी ने अपने राजनीतिक जीवन में गांधीजी के रास्ते का अनुगमन किया व गरीबों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध रहे। व्यासजी इस बात से क्षुब्ध थे कि गांधी अथवा बादशाह खान की आकांक्षाओं के अनुरूप आचरण करने वाले अब विरले ही रहे हैं। रामपुरिया कॉलेज में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के स्वागत समारोह में उन्होंने जो भाषण दिया था उसमें आजादी के दीवानों के कार्यों की सराहना की गई। सभा में अभिनन्दित होने वाले स्वतंत्रता सेनानियों में सर्वश्री रघुवरदयाल गोयल दाऊदयाल आचार्य गंगादत्त रंगा श्रीराम आचार्य रामनारायण शर्मा गोमतीदेवी नेमाराम सतीबाई कृष्ण गोयल गुलदृढ महाराज सुरेन्द्र शर्मा चम्पालाल उपाध्याय चिरंजीलाल सोनार एवं कानीराम स्वामी आदि कई नेता थे। व्यासजी

न राजनीतिक मतभेदों को दूर रखकर इन सभी नेताओं ने 1947 से पहले के त्याग की प्रशंसा की थी। अन्य वक्ताओं में सर्वश्री हीरालाल शास्त्री, भवानी शंकर शर्मा, सत्य नारायण पारीक, ललित आज़ाद आदि सम्मिलित थे।

अक्टूबर 1970 में बीकानेर नगर परिषद् के चुनावों में व्यासजी द्वारा समर्थित कई साथी पार्षदों के रूप में चुने गए। इनमें श्री किशनगोपाल पुरोहित, श्री विष्णुदत्त उर्फ नू पहलवान, श्री सम्पत लाल मजाकची आदि मुख्य थे। 28-10-70 को विरोधी पार्षदों की एक सभा लोकतांत्रिक समाजवादी नागरिक मोर्चे के नाम से व्यासजी के संयोजन में सम्पन्न हुई जिसमें एक स्पष्ट संयुक्त योजना व कार्यक्रम पर विचार किया गया। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों व स्वतंत्र पार्षदों को आमंत्रित किया गया था। सभा में अन्य लोगों के अतिरिक्त सर्वश्री भँवरलाल कोठारी, किशन गोपाल पुरोहित, रफीक अहमद, राम नारायण शर्मा, महेशसिंह, विष्णुदत्त 'नू' व दाऊ दयाल आचार्य ने भाग लिया। व्यास जी प्रजातांत्रिक संगठनों में जन प्रतिनिधित्व के प्रश्न पर सदा जागरूक रहते थे। यही कारण था कि उनके आह्वान पर कई महत्वपूर्ण पार्षदों ने सभा में भाग लिया था। बाद में अनार आचार्य आदि के सम्मिलित हो जाने से मोर्चे की शक्ति और अधिक बढ़ गई।

सन् 1970 के मार्च में साथियों व प्रांतीय नेताओं के विशेष आग्रह पर व्यासजी ने राज्य सभा में सदस्य के रूप में अपना मनोनयन पत्र भरा। अपनी विज्ञप्ति में व्यास जी ने कहा था 'यह आपको विदित ही है कि राजस्थान से राज्य सभा के उम्मीदवार के रूप में मैं खड़ा हुआ हूँ। लोकतांत्रिक समाजवाद की परम्पराओं तथा आदर्शों को यथा शक्ति पूर्ण बल पहुँचाना मेरे जीवन का लक्ष्य है। इस दिशा में मेरे द्वारा सर्वथा निष्ठा के साथ किए गए सतत प्रयत्न के बारे में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है।

मतदान 28 मार्च 1970 को प्रातः 10 बजे से 4 बजे अपराह्न तक राजस्थान विधान सभा भवन में हुआ पर जो होना था वह तो पहले से स्पष्ट ही था। जनता के पुरोधा और योद्धा को राज्य सभा में भेजने में वे सारी शक्तियाँ एक बार फिर बाधक बनीं जो राजनीति को अपने निजी हितों या दलीय हितों में संयोजित करने में सिद्धहस्त थीं। एक बार फिर छिछले समूहवाद एवं सत्तापरस्त राजनीति के हाथों त्याग की कथित पराजय हुई पर कसौटी पर बार बार चढ़ा बाना यह त्याग जन सेवा के क्षेत्र में तो पूर्ववत अविजित हो रहा।

व्यासजी ने 1970 में दो महत्वपूर्ण अधिवेशनों में भी भाग लिया। उनमें पहला अधिवेशन बड़ौदा में आयोजित किया गया था। अपने दल के इस अधिवेशन में

व्यासजी ने 2 फरवरी 1970 से 7 फरवरी 1970 तक भाग लिया एव महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चाएँ की। इसी प्रकार प्रजा समाजवादी दल के साकरवाडी अधिवेशन मे वे 31 दिसम्बर 1970 से 3 जनवरी 1971 तक सम्मिलित हुए थे। यह अधिवेशन 1971 मे आगामी ससद के चुनावो को दृष्टिगत रखते हुए अत्यन्त महत्व का माना गया था। साकरवाडी (जिला अहमदनगर महाराष्ट्र) मे सम्पन्न हुए इस सम्मेलन से पूर्व व्यासजी जोधपुर होते हुए बम्बई पहुँचे थे तथा अपने साथी रतन लाल पुरोहित (प्रातीय अध्यक्ष) के आमत्रण पर वे वहा पर आयोजित वकीलो के सम्मेलन मे भी उपस्थित हुए।

अगस्त 1970 मे अर्थात अपने निधन से मात्र 9 महीने पूर्व व्यासजी ने बीकानेर मे दूध निकासी के विरोध मे आन्दोलन का सूत्रपात किया। 9 अगस्त 1970 को प्रारम्भ किये गये इस आन्दोलन के बारे मे स्व दादा गवरच द आर्य ने समाजवादी सूचना प्रसारण केन्द्र की एक विज्ञप्ति मे कहा था कि बीकानेर मे 9 अगस्त 1970 से प्रारम्भ दूध निकासी ब द करो आन्दोलन किसी व्यक्ति या किसी जाति की अथवा सगठन की आवाज नही बल्कि यह आवाज है उन छोटे छोटे मासूम बालको की जिन्ह विश्वासवार भारत की बागडोर सभालनी है। यह आवाज है उन माताओ की जो अपने बच्चो को इस बढती हुई महगाई मे दूध नही दे सकती। यह आवाज है उस गरीब जनता की जो दूध के बदले मे अपने को और अपने बच्चो को चाय पर ही गुजारा करने को मजबूर होती है और यह आवाज है बीकानेर के हर नागरिक की जो बढती हुई महगाई मे इतना महगा दूध खरीदने के लिए मजबूर है।
इस प्रकार की परिस्थितियो से विवश होकर जन नेता श्री मुरलीधर व्यास ने आह्वान किया कि अब जुल्म बरदाश्त करने की पराकाष्ठा हो गई है और बीकानेर की जनता अन्याय के खिलाफ आवाज बुल द करने मे अग्रणी रहा है

इस दूध निकासी ब द करो की माग को लेकर 9 अगस्त से बीकानेर के जिलाधीश के समक्ष एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया जिसके फल स्वरूप मुरलीधर व्यास, सुरेन्द्र कुमार शर्मा आशाराम गहलोत देवा दत्त नारायण दास रगा राध श्याम वजनी दास हप आदि कार्यकर्ताओ को घर और दुकान पर बैठो को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार की कार्यवाही से यह आन्दोलन रुकने वाला नही बल्कि और द्रुत गति से चला। बीकानेर की जनता यह बर्दाश्त करने के लिए कदापि तैयार नही थी कि यहा के बच्चो को दूध के लिए तरसाया जाए तथा दूध जयपुर और दिल्ली चला जाए। इस दूध को उसी स्थिति मे बाहर भेजने की अनुमति दी जा सकती है जब यहा के लोगो को सुचारु रूप से दूध मुहय्या हो सके।

पर स्थायी तागा स्टण्ड की व्यवस्था का आश्वासन दिया था पर वह आज तक क्रियान्वित नहीं किया गया है। तागे वाला का कभी बस स्टेण्ड (उस समय के बस स्टण्ड स्टशन के पास क मदान म था) पर खडे रहने का कहा जाता है तो कभी गगाशहर के टेक्सी स्टेण्ड के पास खडे रहन क आदेश हात है। इस अव्यवस्था का तत्काल दूर किया जाए।

इस तरह स्पष्ट हो जाता है कि 1970 का वष भी व्यासजी के लिए अत्य त सक्रियता एव जन सतत्व का वष सिद्ध हुआ। माहवार विवचन किया जाय तो जनवरी 1970 म उ हाने स्वतत्रता सग्राम सनानिया के अभिन दन समारोह को सम्बाधित किया फरवरी म अपने दल क वकोला अधिवेशन म भाग लेने के साथ साथ बीकानेर म विराधी दला की सभा म भू सुधार को लेकर श्रीगगानगर जिले के आदालन का समथन किया। माच म उ हान राज्य सभा की सदस्यता का अभि यान चलाया बीकानेर म चल रहे सफाई मजदूर कमचारिया की हडताल के प्रसग म अपने स्पष्ट एव तकपूण वक्त य भी दिये। मई म तागा यूनियन के प्रस्तावा की परवी अगस्त म दूध निकासी बन्द करा आदोलन का अगुवाई अक्टूबर म नगर परिषद् क चुनावा के सदभ म विरोधी एकता की पहल तथा दिसम्बर म अपन दल के साक्खवाडी म आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन म सिरकत आदि बातें स्पष्ट बताती हैं कि व्यासजी अत्य त बुलन्दी के साथ जय पराजय स प्रभावित हुए बिना निर तर आगे बढते जा रहे थ। चरवेति चरवेति उनक जीवन का एकमात्र सिद्धा त था।

अपने महा प्रयाण वष (1971) म व्यासजी द्वारा लोक सभा के चुनाव म महाराजा डाक्टर करणी सिंह का समथन करना व उनके लिय वातावरण बनाना महत्वपूण घटना है। व्यासजी काग्रेस का समथन कर नही सकत थे तथा सबल विरोध के प्रत्याशी एव सत्ता क विकल्प क रूप म केवल डा करणी सिंह की विजय ही आशा की किरण जगाने वाली थी। अन्य विराधी प्रत्याशिया की विजय न केवल सदिग्ध थी अपितु सवथा असभव प्रतीत होता थी। 31 जनवरी 1971 को लक्ष्मीनाथ जी क मदिर म आयोजित सभा स डा करणीसिंह न अपन चुनावी अभियान का श्रीगणश किया। उन्होन अपन आपको जनता का सिपाही बतात हुए जनता की भलाई क लिए प्राण प्रण स काय करने का विश्वास दिलाया। सगरिया चूरू तथा बीकानेर क गाधी भाण्डा की निन्दा करत हुए डा करणी सिंह न कहा कि जनतत्र का गला घोटन वाला का डट कर मुकाबला किया जाएगा।

विरोधी दला की एकता के अभियान क अन्तगत श्री मुरलीधर व्यास न महाराजा डा करणी सिंह का साथ देना इसी शत पर स्वीकार किया कि व (डा करणी सिंह)

माजवाद म आस्था रग्वत हुए जनहित के काय करेंगे। 31 जनवरी 1971 को ा श्री माणिक चद सुराणा की डा करणी सिंह स वार्ता भी इसी सदभ म हुई थी। माजवादी नेताओ की इस रणनीति पर कुछ क्षेत्रो म आश्चय भी व्यक्त किया गया, र व्यासजी न जिस प्रकार इस मामले को जनता के सामन रखा उससे लोग आश्वस्त हो गय कि तत्कालीन परिस्थितियो मे उनका निणय सही था।

1971 म लोक सभा के प्रत्याशी डा करणी सिंह के भाषण भारतीय ससद मे विरोधी दलो क मान्य सद्धान्तिक/क्रियात्मक बिन्दुओ पर ही आधारित थे। अत विकल्प स्वरूप सबल विरोध को सत्ता मे लाने के लिए विजय प्राप्त करन योग्य प्रत्याशियो का समथन आवश्यक था। व्यासजी न यही किया। सभी प्रमुख विरोधी दलो क नताओ के भाषणो म मुख्य बिन्दु थ आजादी एव सत्ता के कुछ हाथो म केन्द्रीयकरण म स एक का चुनना है कुर्सीवादी सत्तापरस्त एव जन विरोधी ताकतो को हराना है, गोली-काण्डों की जाच सशक्त विरोध का निमाण, राष्ट्रवाद की परवी, सविधान की पवित्रता की रक्षा एव एकाधिनायकवाद का विरोध करना है आदि आदि। व्यासजी द्वारा डॉ करणी सिंह को दिया गया समथन इसी परिप्रेक्ष्य म देखा जाना चाहिए।

मध्यावधि चुनावो म जनता न एक बार फिर कांग्रेस को सत्ता म आने का अवसर दिया। अपनी मृत्यु स केवल दो माह पूव व्यास जी इस विषय म चिन्तित थे। डा श्रीनन्द जसलमेरिया ने अपन 25 माच 1971 क पत्र म प्रजा समाजवादी पार्टी के राज्य मत्री श्री मुरली धर व्यास को लिखा भी था– 'भारत म हुए मध्यावधि चुनावो के बाद जो स्थिति प्रत्यक्ष रूप स हम सब के सामने उपस्थित है उस पर राजस्थान व्यापी विचार करन के लिए राज्य समिति की एक आवश्यक बठक बुलाना मेरी राय म आवश्यक है और आप भी मरी राय से सहमत रखते ही होंगे। आशा है आप मरी राय क पूण समथक होग (कृपया) पार्टी की कायकारिणी समिति की बठक शीघ्र बुलान की कृपा करेंगे'

व्यासजी न अपने निधन स पूव राजकीय वूलन मिल वकस यूनियन की मांगो को भी अपना नतिक समथन दिया था। अपने 7–सूत्री माग पत्र म यूनियन ने राणावत कमीशन के आधार पर वेतन का बकाया चुकाना बोनस का भुगतान करना वरिष्ठता क आधार पर पदोन्नतिया देना चिकित्सा सुविधा दना मिल म होने वाली चोरियो की जांच करवाना ओवर टाइम का भुगतान करना आदि की मांगें रखी था। उनक कायक्रमानुसार 1 मई 1971 को मिल क गट क बाहर सभा का आयोजन 2 मई को मशाल जुलूस तथा 7 मई का पूण हड़ताल की बातें लागू की जाने वाली थीं।

इस बीच व्यासजी का स्वास्थ्य निरंतर गिरता रहा तथा चिकित्सा के लिए उन्हें स्थानीय पी बी एम हास्पिटल में भरती होना पड़ा। उनके गिरते हुए स्वास्थ्य की खबर उनके सभी हितैषियों शिष्यों एवं समर्थकों को मिल चुकी थी। कलकत्ता प्रवासी एवं व्यासजी के समर्थक श्री सत्य नारायण पुरोहित ने अपने एक पत्र में उन्हें लिखा 'आज बालचंद मेरे घर आया था। आपके स्वास्थ्य के बारे में जो समाचार उसने मुझसे कहा है उससे बड़ी चिन्ता तथा निराशा हुई तथा मैंने भगवान से प्रार्थना की कि वह आपकी सेहत को ठीक रखे। मैं समझता हूं भगवान मेरी इस प्रार्थना पर अवश्य विचार करेंगे। आप जानते हैं कि आपकी जिन्दगी आपके घर वालों के अलावा समाज तथा देश की जिन्दगी है। आपको अपने शरीर का पूरा ख्याल रखना चाहिए। देश तथा समाज को आप जैसे सपूतों की बड़ी जरूरत है ।

दिनांक 30 5 1971 के अपने पत्र में श्री सम्पतलाल रंगाची ने अपने अन्यतम मित्र श्री बालचंद को लिखा व्यासजी हास्पिटल में भरती हैं। मैं खुद मिल कर आया हूँ। कमजोरी काफी है। व्यासजी कहते हैं कि लिवर की खराबी है। इलाज ले रहे हैं। नाग-बाग कहते हैं कि व्यासजी को जलोदर हो गया है। पेट घागा-सा फूला हुआ है लेकिन कोई ऐसी चिंता की बात नहीं लग रही है। इलाज हो जाएगा टाइम लगेगा। आगे तो ईश्वर ही जान सकता है ।

वास्तव में ईश्वर ही नियति को जानता था। जिस तारीख (30 5 71) को श्री रंगाची ने उक्त पत्र लिखा उन्हें क्या पता था कि वही दिन व्यासजी के जीवन का आखिरी दिन होगा। श्री रंगाची तो आश्वस्त थे कि चिन्ता की कोई बात नहीं है। इलाज हो जाएगा। थोड़ा सा टाइम तो लगेगा। पर इधर नियति अपना क्रूर चक्र चलाने में व्यस्त थी। 30 मई 1971 की रात्रि को 11 30 बजे व्यासजी अपनी पार्थिव देह के बंधन से मुक्त हो गये। जिसने भी यह समाचार सुना वह अवाक् रह गया। देखते ही देखते पूरा शहर इस बात से अवगत हो गया कि व्यासजी अब इस संसार में नहीं हैं। एक वेदना एक नहीं मिटने वाली टीस सबके चेहरों पर थी। जंगल की आग की तरह यह समाचार फैला और दूसरे दिन प्रातःकाल सारे शहर पर इसकी कारुणिक छाया देखी जा सकती थी।

श्री सम्पतलाल रंगाची ने श्री बालचंद साह के लिये एक अन्य पत्र में इस घटना का वर्णन इस प्रकार किया है– व्यासजी की अर्थी सोमवार को सुबह 7 बजे उन्हीं के घर से निकली था। रविवार की रात को 11 30 बजे यह दुखद घटना घटी थी। व्यासजी की अर्थी के साथ हजारों आदमी थे। सात-आठ हजार आदमी निश्चित थे। सारा बाजार अपने आप बन्द रहा। किसी को कहने की जरूरत नहीं थी। सारे आश्चर्य थे। कलक्टर भी वहां पहुंचा था। कलक्टर साहब बार बार

हास्पिटल भी गये थे। काताजी द्वारका प्रसादजी पुरोहित गोपाल जी जोशी भी शाह–सस्कार म साथ थे। श्री गोकुल प्रसाद एम एल ए अर्थी के साथ नहीं थे। लोगों का कहना है कि वे उस दिन बीकानेर म नहीं थे, लेकिन तवे म वे गये थे। घन श्याम को भी कहा कि मेरे लायक कोई काय हो तो अवश्य कहना लेकिन घन श्याम ने कहा कि बस आपका आशीर्वाद चाहिए और काता जी ना जिस टाइम चिता जलाई गई उसको देखते ही बेहोश हो गए। एम्बुलेंस म उन्हें अस्पताल ले जाया गया। दो–तीन घटा बाद होश आया और सारा बीकानेर शोका कुल था।'

30 मई का घटना चक्र बडी तेजी से घूम चुका था। कलकत्ता प्रवासियो को व्यासजी के स्वास्थ्य से बराबर अवगत रखा गया। 30 मई को बीमार होने की सूचना तार से श्री बालचन्द साढ को कलकत्ता दी तथा उन्हें तुरत आने के लिए आग्रह किया। श्री बाल चन्द जी के भाई श्री लालचद साढ ने भी उसी दिन व्यासजी के स्वास्थ्य की गभीरता की तार से सूचना भेजी पर इसस पहले कि जाना सभव हो उसी रात्रि (30 मई 1971) को ही व्यासजी ने अपना नश्वर शरीर छोड दिया तथा सभी को शोकाकुल करके वे इस भौतिक माया–जाल से मुक्त हो गये।

व्यासजी के निधन पर पूरे देश म शोक व्यक्त किया गया। 31 मई 1971 को मध्याह्न एक बजे एव दो बजे की हिन्दी एव अंग्रेजी बुलेटिनो म आकाशवाणी ने प्रजा समाजवादी दल की राष्ट्रीय कायकारिणी के सदस्य श्री व्यास के निधन का समाचार दिया तथा राष्ट्रीय कायकारिणी की बैठक म व्यक्त श्रद्धाजलि की भी सूचना दी। स्थान स्थान पर शोक सभाए आयोजित की गईं। दिनाक 6 जून 1971 को कलकत्ता म जन भवन कलाकार स्ट्रीट म भी एक शोक सभा रखी गई जिसम कई सस्थाओं के प्रतिनिधियो ने भाग लिया। इन सस्थाओ म वीर मण्डल जन मित्र मण्डल आदीश्वर जन मण्डल जन सभा माहेश्वरी सभा श्री पुष्टिकर सभा, काशी विश्वनाथ सेवा समिति कलकत्ता किरायेदार सघ पुष्टिकर सेवा समिति ब्रह्म बगीचा शिव टम्पल ट्रस्ट बीकानेर नागरिक सभा राजस्थान भारती समाज प्रगति सघ शाकद्वीपी ब्राह्मण सभा शाकद्वीपी मित्र मण्डल राजस्थान कला केन्द्र तथा पिजरापोल सुधार समिति के नाम उल्लेखनीय है। शोक सभा के लिए प्रसारित विज्ञप्ति म कहा गया कि 'गत दिनाक 30 5 71 को राजस्थान के भूतपूर्व विधायक एव विरोधी के दल के सशक्त नेता एव जनप्रिय कर्मयोगी श्री मुरलीधर व्यास का निधन बीकानेर म हो गया। देश भर म हुई ऐसी शोक सभाओ तथा श्रद्धाजलियो का विवरण के आगे अध्यायो म है। श्रद्धाजलि सभा का सामूहिक कायक्रम स्थानीय जन भवन कलाकार स्ट्रीट कलकत्ता म दिनाक 6 6 71 को दिन के एक बजे किया गया है।

सम-सामयिको की दृष्टि मे

सघष और जीवन्तता सिद्धान्त प्रियता और त्याग नि स्वाथ सेवा और साधना के ताना बाना स बुना व्यास जी का दीप्त जीवन विगत इतिहास का अग बन चुका है। इतिहास न तो व्यक्तियो और घटनाओ की कब्रगाह है और न अभिलेखागारो का निर्जीव निष्पन्द लेखा जोखा ही है। वह विगत की धारदार यात्रा का सजीव वृतान्त है भविष्य की यात्रा की सकेतिका है और वतमान के पाँवो की गति है। वह त्रिकालदर्शी भी है और त्रिकालगामी भी। व्यास जी इतिहास के उन पृष्ठो म आज भी जीवित हैं जो तीनो कालो म कही परिक्रमा स कही गतिशीलता स और कही भावी जीवन की निर्माण सारणियो म लिखे गए हैं।

व्यासजी के बारे म इतने अधिक लोगो स इतने अधिक विचार आए हैं जो पूरे के पूरे लिखे जाएँ तो एक हजार पृष्ठो का एक पृथक ग्रथ तयार हो जाए। इनम राष्ट्रीय दलो के पदाधिकारी समाजवादी विचारक सासद और विधायक राज्य के महत्वपूण नेतागण सामाजिक कायकर्ता शिक्षाविद् मजदूर नेता साहित्यकार पत्रकार एव साधारण जन आदि सभी सम्मिलित है।

जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर से ही शुरुआत की जाए। उनके अनुसार— 'श्री मुरलीधर व्यास ने आजीवन एक निष्ठावान जन सवक के रूप म नि स्वाथ भाव स स्वतत्रता सघष और समाजवादी आन्दोलन के लिए भारी यातनाए सही। उन्होने बराबर जुल्म और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। तरुणाई के दिनो म सेवाग्राम वर्धा म प्रशिक्षित हुए और उन पर गाधीवादी आचरण का गहरा प्रभाव पडा अत विनम्रता सच्चरित्रता सादगी अपरिग्रह उनके स्वभाव क अग बन गए थे।

प्रजा मण्डल के आ दोलन म श्री यास लोकतत्र की स्थापना के लिए लडे और सन् बयालीस की अगस्त क्रान्ति म भी सक्रिय रह कर जेल गये। मजदूर आदोलन का बराबर नेतत्व करने के कारण भी उनको स्वतत्र भारत म कारावास सहना पडा। वास्तव म पुलिस की बबर हिंसा के कारण ही उनके प्राण गय।

श्री व्यास बेधडक और प्रभावी वक्ता थे और विधान सभा म उन्होने जनता क सवालो को बराबर पश किया। मैं उनको श्रद्धाजलि देता हूँ।

य हैं एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष के विचार। सच म ल्याग जो स्वतन्त्रता सग्राम सेनानी समाजवादी विचारक, सघषशील जन नता, प्रभावी वक्ता सच्चरित्र व्यक्ति एव सतत् आन्दोलनकारी जन सवक थ।

जनता पार्टी के भूतपूव सासद एव वतमान महामत्री श्री सुरेन्द्र मोहन के शब्दों म—'श्री मुरलीधर व्यास एक प्रबुद्ध स्वतन्त्रता सनानी, निष्ठावान समाजवादी नता और प्रभावशाली विधायक थे। श्री व्यास न बीकानर एव पडोसी इलाको म मजदूरो और किसानो को पूरी लगन के साथ सगठित किया और व उनक सघष का नतृत्व करत हुए ही शहीद हो गय। उनकी जीवन गाथा तप-त्याग और अथक-अविरल जन सवा की प्रेरणा भरी कहानी है।

और आज के पाठक व देश के नागरिक को इस तप-त्याग और अथक अविरल जनसवा की प्रेरणा भरी कहानी की ही तो आवश्यकता है।

इन दोनो दिग्गजो के विचारो म व्यासजी के निष्ठावान, त्यागपूण, सघषमय एव उत्प्रेरक जीवन की सराहना की गई है। उनके लिए जन सवा का विकल्प कुछ भी नही था। उनकी साधना सघष और साहसिक क्रियाएँ सभी जनसवा के लिए समर्पित थी।

जनता पार्टी की राष्ट्रीय कायकारिणी के सदस्य, सुप्रसिद्ध समाजवादी चितक और नताजी सुभाष चन्द्र बोस के अनुयायी प्रो समर गुहा न श्रद्धाजलि देत हुए कहा है—'मैं मरे मित्र मुरलीधर व्यास जी को राजस्थान म जन आन्दोलन के निर्विवाद नेता के रूप म याद करता हूँ। व एक ऐस स्वतन्त्रता सनानी थे जो भारत छोडो आदोलन के दौरान कई वर्षों तक जेल म रह। स्वतन्त्रता आन्दोलन की दीक्षा तो उन्ह तभी मिल गई थी जब वे वर्धा म एक छात्र के रूप म अध्ययनरत थे। उन्ह बचपन मे ही भारत के उन महान् नताओ के दशन का सौभाग्य मिला था जो महात्मा गाधी स मिलन उनके वधा आश्रम म आया करते थे। — इनम विशेष उल्लखनीय थ नताजी सुभाषचन्द्र बोस जय प्रकाश नारायण एव सरदार वल्लभ भाई पटेल। अनक अन्य महान् नेताओ क दशन का भी उन्ह सुअवसर मिला।'

बाद म व दिग्गज समाजवादी नताओ—आचाय नरेन्द्र देव जयप्रकाश नारायण, अशोक महता राम मनोहर लोहिया, एस एम जोशी एन जी गोरे आदि के सम्पक म आए। इन नताओ की प्रेरणा स ही उन्होंन काग्रेस समाजवादी दल म प्रवेश लिया तथा चौथे दशक के प्रभावशाली युवा नता के रूप म स्वतन्त्रता सग्राम म सिरकत की।

वर्धा नगर उन दिनों महात्मा गांधी द्वारा सचालित स्वतन्त्रता आन्दोलन की राजधानी था। व्यास जी को इस देशभक्तिपूर्ण वातावरण में विकसित होने तथा महान् नेताओं को देखने व उनसे मिलने का सौभाग्य मिला। सन् 1944 में जेल से छूटने के बाद उन्होंने बीकानेर को अपनी गतिविधियों का मुख्य केन्द्र बनाया। सन् 1947 के बाद जब कांग्रेस के हाथों में राज्य सत्ता आई व्यास जी ने समाजवादी दल में रहना ही पसन्द किया। उन्होंने आचार्य नरेन्द्र देव एवं जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में कार्य किया। कांग्रेस ने उन्हें अपने में मिलाने के कई बार प्रयास किये। यदि वे एक साधारण किस्म के अवसरवादी राजनीतिज्ञ होते तो अवश्य ही कांग्रेस में जाकर अपने भविष्य को बना सकते थे लेकिन वे तो एक ऐसे निष्ठावान समाजवादी थे जो जन साधारण की सेवा में रह कर उसे दरिद्रता निरक्षरता एवं पिछड़ेपन से मुक्ति दिलाना चाहते थे। यही कारण था कि वे विपक्ष में रहे।

राजस्थान पिछड़े हुए राज्यों में से एक था। स्वतन्त्रता से पूर्व इस पर सामन्तशाही का शिकंजा रहा था। व्यास जी ने किसानों, मजदूरों एवं जनजातियों के लोगों को जगाने का संकल्प लिया। नतीजा स्पष्ट था। कांग्रेस एवं उसके सहयोगी (राजा महाराजा तथा पूंजीपति) लोग उनसे नाराज हो गये। व्यास जी जैसे निर्भीक नेता ने किसी की धमकी की परवाह किये बिना किसानों और मजदूरों को संगठित किया तथा उन्हें अपनी मांगों को मनवाने के लिए सबल बनाया।

साधारण जनता के लिए किये गये संघर्षों के कारण व्यास जी को स्वतन्त्र भारत में भी कई बार जेल की यातनाएं भोगनी पड़ी। वे जनता के लोकप्रिय नेता थे। अतः उन्हें चुन कर दो बार राजस्थान विधान सभा का सदस्य बनाया गया। व्यास जी ने राजस्थान के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोहनलाल सुखाड़िया के सोना घोटाले काण्ड का पर्दाफाश किया—इसी का परिणाम था कि उन्हें 1967 के चुनाव में पराजित होना पड़ा। श्री सुखाड़िया ने व्यासजी को हराने के लिए क्रूर, घिनौने एवं दुराचरण के सभी उपाय किये।

व्यास जी एक महान् स्वतन्त्रता सेनानी एक महान् समाजवादी नेता और एक महान् संघर्षधर्मी व्यक्ति थे। वे एक सुप्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार भी थे। व्यास जी ने सादा जीवन बिताया। वे हर प्रकार से जनता के आदमी थे। उन्होंने अपने राजनीतिक वर्चस्व में कभी गर्व नहीं दिखाया। मुझे विश्वास है कि स्वभाव से मृदु तथा गरीबों व पीड़ितों के हितैषी श्री व्यास सदैव के लिए एवं विशेषकर के युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

प्रो समर गुहा ने व्यास जी को स्वतंत्रता आन्दोलन के निर्भीक नेता समाजवादी चिंतक, किसान-मजदूरों के हितैषी निःस्वार्थ जनप्रिय विधायक, संघर्षशील व्यक्ति, महान् संगठन-कर्मी दृढ़ संकल्पवान वक्ता एवं अच्छे पत्रकार के रूप में याद किया है। एक ही व्यक्तित्व के इतने प्रखर कोण हों तथा हर कोण उसे महानता की ओर ले जाए—ऐसा कम ही देखने-सुनने को मिलता है। व्यास जी लीक से हट कर चलने वाले नेताओं में से थे जिनको अपनी सूखी रोटी का सुख शाही व्यंजनों से अधिक प्रिय था।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उनके पूर्ववर्ती साथियों में आज कई लोग ऐसे हैं जो राष्ट्रीय राजनीतिक पटल पर अत्यन्त दीप्त एवं चर्चित व्यक्तियों में माने जाते हैं। ये हैं सर्वश्री अनन्तराम जायसवाल, एस जयपाल रेड्डी, मधु दण्डवते, जार्ज फर्नान्डीस, रामकृष्ण हेगडे, सुरेन्द्र मोहन, एम एस गुरुपादस्वामी श्रीमती मृणाल गोरे प्रोफेसर समर गुहा डा सरोजिनी महिषी एवं हरभजन सिंह आदि। इनमें से कुछ एक तो तत्कालीन समय में व्यास जी से राजनीतिक रूप से काफी घनिष्ठ थे। आज यदि वे होते   लेकिन जब हैं ही नहीं तो क्या बात करें।

महाराजा डा करणी सिंह ने बीकानेर परिक्षेत्र का 25 वर्षों तक लोक सभा में प्रतिनिधित्व किया। उनका व्यास जी से एक निजी, आत्मीय एवं घनीभूत सम्बन्ध था। यह सम्बन्ध झोंपडी और राज महल की दूरियों का नहीं अपितु मानवीय गुणों को समर्पित दो व्यक्तियों का था। महाराजा डा करणी सिंह के शब्दों में— स्वर्गीय श्री मुरलीधर व्यास मानवता के पुजारी, दीन-दुखियों के सहारे और सच्चे निष्ठावान जननेता थे। समाजवाद में उनकी दृढ़ आस्था थी। वे जन समस्याओं के लिए संघर्ष करने और अधिकारों के लिए जनता को आन्दोलित करने में अग्रणी रहते थे।'

सच्चाई की रक्षा के लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते थे। उन्हें न तो सत्ता का भय विचलित कर सकता था—और न कोई लाभ ही डिगा सकता था। वे निरन्तर जागरूक निरन्तर गतिशील एवं निरन्तर संघर्षशील नेता थे। उनका छोटा किन्तु ऐतिहासिक जीवन जन जन के लिए आस्था एवं विश्वास का एक अध्याय है।

सांसद के रूप में मेरे पच्चीस वर्ष के कार्यकाल में श्री व्यास दस वर्षों तक विधायक रहे। मुझसे उनका निरन्तर सम्पर्क बना रहा। जन समस्याओं के निराकरण में वे तत्परता से सहयोग देते थे। यही कारण है कि उनके माध्यम से विधान सभा में और मेरे माध्यम से संसद तक बीकानेर की वाणी निरन्तर गूंजती रहती थी।'

उनका निधन बीकानेर के लिए तो एक अपूरणीय क्षति था ही मेरे लिए एक निजी आघात के समान था। उनके शिष्य, सहयोगी और प्रशंसक जिस ग्रंथ प्रकाशन का पुनीत कार्य कर रहे हैं उसके लिए मेरी शुभ कामनाएं।

सच्चाई की सीमा जहा से शुरु होती है वहा स खतरे की सीमा भी शुरु हो जाती है। सच बोलने, सच्चा काम करन और यहा तक कि सत्ता पक्ष की सच्ची व बेलाग आलोचना करने तक के अपने अलग-अलग खतर हा सकत है। खतर की सीमा रखा स पार जाकर कबड्डी कबड्डी बोलने विरोधियो का आउट करने तथा स्वांस बचाकर पुन अपने सुरक्षा घेरे म आने वाल को पग पग पर विराधी (चक्र) व्यूहा की कुचालो स अपन मरन का खतरा सामन दिखाई देता है। बचे भी ता आखिर कहा तक। अपने (सत्ता) घर क रक्षक एक अकेल विरोधी को हर तरह स पटकी देन तथा उस मार गिराने का कला भी जानत हैं और कलाबाजी भी। व्यास जी न इन व्यूहो की कभी भी परवाह नही की—चाहे अकेल ही हो उनके घरो म घुस एक साथ कई कई महारथियो का आउट' किया तथा जब तक अभिमन्यु की तरह पूरी तरह कुचालो का शिकार नही हो गय जूझत ही रहे। महाराजा डा करणीसिंह का यह कहना कितना साथक है कि- सच्चाई की रक्षा क लिए व किसी भा सीमा तक जा सकते थे। उ हे न ता सत्ता का भय विचलित कर सकता था और न कोई लोभ ही डिगा सकता था। एस व्यक्ति कभी कभी ही पदा हान हैं और जब भी पदा होत है अपने गरिमामय जीवन स वतमान तथा भावी पीढिया को आलोकित ही करते है।

राजस्थान की राजनीति म एक एसा समय भी आया जब सन् 1977 म कांग्रेस के एक को छोड कर सभी उम्मीदवार लोक सभा का चुनाव हार गय। 25 म 24 प्रत्याशी पराजित हुए थ — एक मात्र सफल उम्मीदवार थे श्री नाथूराम मिर्धा। श्री मिर्धा ने कांग्रेस म रह कर कभी केबिनट स्तर के मत्री के रूप मे तो कभी सगठन के अध्यक्ष के रूप म अपनी प्रभाव पूर्ण भूमिकाओ का निवाह किया। अब वे विरोधी पक्ष म हैं तथा लोकदल (ब) के प्रदेशाध्यक्ष एव राजस्थान विधान सभा म लोकदल विधायकों के नता है। व दस वर्षो तक व्यास जी के साथ विधायक रहे—व्यास जी विरोधी दल के नता थ और श्री मिर्धा केबिनट स्तर क मत्री। श्री मिर्धा के शब्द विचारणीय है— मैं और श्री मुरलीधर व्यास राजस्थान विधान सभा म एक साथ रह थ। जितना मेरा उनके बारे म ज्ञान है उसस लगता है कि वे बडे कत्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थ। अपने सिद्धान्तो और विचारो के बडे पक्के थ और अपनी बात का बडे ठोस तरीके से कहन मे समथ थ। उ होने अपने जीवन काल म गरीबा की सवा की। विधान सभा म मैं इनके भाषणो को अच्छी तरह सुनता था। जब वे विरोध पक्ष म बठत थे मैं सरकारी बचो पर बठता था और प्राय व लोगो के कामकाज के सिलसिल म मिलत रहत थ और मैं उनकी गरीबो के प्रति निष्ठा देखकर अपनी तरफ स हर तरह से मदद करने की कोशिश करता था। व्यक्तिगत मुलाकातो म उनका व्यवहार बहुत ही अच्छा रहता था। वे एक सूझ बूझ वाल बुद्धिमान व्यक्ति

थे। सामाजिक कार्यकर्त्ताओं की यादगार बनाये रखनी चाहिए, ऐसा मैं मानता हूँ। इसलिए आप सब मित्रों का उनके बारे में एक बहुत ही अच्छा काम है। जो कोई उसे पढ़ेगा वह उससे कुछ प्रेरणा ही ग्रहण करेगा। यही मेरे विचार हैं—उनके जीवन के बारे में।

श्री मिश्रा का मानना है कि व्यास जी सिद्धान्तों और विचारों के पक्के थे और अपनी बात ठोस तरीके से कहते थे, इतना सब कुछ होते हुए भी व्यक्तिगत व्यवहार और निजी सम्बन्धों में वे हमेशा प्रिय बने रहे। श्री सुखाड़िया तक इस बात के कायल थे। व्यास जी ने 'घरलू' या निजी आदमियों के काम नहीं करवाये, गरीबों के लिए दौड़-धूप की। जब भी मिले, जहां भी मिले—किसी गरीब की समस्या लेकर मिले। उनका यह व्यक्तिगत मिलन हमेशा गरीबों के हित में रहा।

व्यास जी के संघर्षों के साथी, प्रजा समाजवादी दल के तत्कालीन प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता श्री रामशरण अत्यानुप्रासी ने मुरलीधर व्यास को बीकानेर के लोक गीतों में चर्चित लोक नेता बताया है। व्यास जी क्या थे, क्या नहीं थे इस बिन्दु को उठाते हुए श्री अत्यानुप्रासी ने कहा है कि—'व्यास जी लोहियावादी नहीं थे—आचार्य नरेन्द्र देव के समाजवादी विचारों को उन्होंने स्वभावत: स्वीकार किया था। गांधी के दर्शन से भले ही वहीं कहीं उन्हें असहमति रहे हों किन्तु आदर्श और आचरण की साम्यता में व्यास जी पूरे गांधीवादी थे। 'व्यास जी की पहचान कथन से नहीं काम से होती थी। उनका कदम कुछ भी हो, अन्याय के के विरुद्ध है— (ऐसा माना जाता था) इस प्रकार उनका जीवन एक साधना का प्रतीक बन गया था।'

प्रदेश के लाखों छोटे किसान, भूमिहीन मजदूर, ग्रामीण दस्तकार, उपेक्षित अल्प संख्यक हरिजन आदिवासी कारखाना खदानों, सार्वजनिक निर्माणों, रेल जेल, डाक तार और सरकारी दफ्तरों के कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों का समुदाय और शोषण का शिकार नारी समाज व्यास जी के सृजन, संगठन और संघर्ष के भरोसे मुक्ति संघर्ष' में आगे बढ़ता रहा।'

'बीकानेर की गली मोहल्लों की छतों और फुटपाथों से शेर व्यास जी! जिन्दाबाद!! की आने वाली आवाजें ऐसा प्रमाण देती थी कि जनमन पर व्यास जी का पूरा आधिपत्य था। क्या महिलाएं क्या बुढ्ढे—बच्चे व्यास जी को देवता मानते थे। बिना सुविधा के इस संत ने राजस्थान की धरती को पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक नापा था। मरु प्रदेश का कोई भी आन्दोलन व्यास जी के बिना अधूरा था।'

'हिगनघाट और वर्धा आश्रम मे बीकानेर पर सोशलिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय परिषद् के सम्मलेन म प्रथम बार व्यास जी स मेरा साक्षात्कार हुआ था। तब हि द सेवा दल के दल प्रमुख व्यास जी' न केवल राजनीतिक मच पर अपनी प्रतिभा को मुखरित करते थे वरन् अपन सेवादल के माध्यम से जहाँ उ होन बडे भोजो दहेज विरोधी अभियानो को गति दी वहाँ रोग-निवारण शिविर लगाकर पीडित मानवता की सेवा भी की।

विशाल राजस्थान की पहली लोकप्रिय शास्त्री सरकार ने जब जन-सुरक्षा कानून लागू किया तब इस काले कानून के विरुद्ध व्यास जी न जन आन्दोलन छेड दिया आन्दोलन का उनका तरीका एक भावात्मक प्रेरणा देने वाला था। लोकतन्त्र के शिशु की हीरा लाल शास्त्री (मुख्यमत्री राजस्थान) सुरक्षा कानून का छुरा घोप कर हत्या कर रहे हैं।

बीकानेर का एतिहासिक कफन निकासी विरोधी आन्दोलन जिस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत के महान् सघर्षशील नेता राम मनोहर लोहिया ने कहा था- बल इन बीकानेर 'मैं इस आन्दोलन म बीकानेर गया था। प्रात की पहली रेलगाडी जो जोधपुर स बीकानेर पहुँची थी-मैं स्टेशन पर ही रुका। दूसरी गाडी आई दिल्ली स-इस रेल स आये थ श्री मगन लाल बागडा। अपार जन-समूह और प्रशासन द्वारा शहर म धारा 144, क्या करे? सामूहिक रूप स धारा 144 का उल्लघन किया गया तीन बज रतन बिहारी पार्क म आमसभा की तज रजाकी बिल्डिग की छत पर खडे समाजवादी नेता सादिक अली ने कहा था आज जनता का सगठित आक्रोश इतना बलशाली है कि मुरलीधर व्यास चाहे कि सरकार को उखाड फेंको तो देर नही लगे।' यही था व्यास जी का प्रभावशाली व्यक्तित्व।

बीकानेर म लम्बे काल तक निरन्तर हडताल-अनुशासित आन्दोलन ठीक 3 बज बिना किसी सूचना क रतन बिहारी पार्क म प्रतिदिन सभा होती थी। व्यास जी और स्थानीय नेता सत्य नारायण पारीक रामेश्वर पाडिया, भवरलाल स्वर्णकार भवर लाल महात्मा माणिक चन्द सुराणा आदि बन्दी बना लिये गये थे। प्रसिद्ध समाजवादी नेता प्रो केदार अपने गगानगर क जत्थे के साथ गिरफ्तार हो चुके थ। बाहर मैं अकेला था रतन बिहारी पार्क की आम सभा को सम्बोधन के बाद आह्वान करता था-रात के राही थक मत जाना सुबह की मजिल दूर नही है।'

चार धोती-चार बनियान चार चद्दरें और कुर्तों की सम्पदा का बटवारा व्यास जी ने चार जगह कर रखा था। एक तन पर एक अटेची म, एक वो 10 रूम एम

एल ए क्वाटर म तथा एक बीकानेर म। गृहस्थी थे, घर था पर अपना नहीं घर जाना नहीं खाना नहीं जनता को समर्पित यह व्यक्तित्व हर कहीं सडक–चौराहे पर आसानी स उपलब्ध हो जाता था।'

और यह व्यक्तित्व राजस्थान विधान सभा के सम्पूर्ण विरोधी दल के सशक्त नेता का था। श्री अत्यानुप्रासी के विचारो का इतनी लम्बाई से उद्घत करने के पीछे आशय यही है कि इनसे व्यास जी का व्यक्तित्व कई कोणो से उद्घाटित हो सकता है। व्यास जी क साथी होने के कारण इन विचारो की प्रामाणिकता निर्विवाद बन जाती है।

और अब प्रजा समाजवादी दल के तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष श्री रतन लाल पुरोहित क विचारो से बात को आगे बढाया जाए। विचार किसी के हो, उसका मूल स्वर प्राय एक ही रहता है–निष्ठा, ईमानदारी सच्चरित्रता, साहस, दरिद्रनारायण की सेवा, सकल्प की दृढता और एस ही अनेक अन्य गुण सभी के विचारो म बिखरे मिलते है।

श्री पुरोहित व्यास जी को अपना राजनीतिक गुरु मानते हैं। व्यास जी से उनका सम्पर्क 1957 स शुरू हुआ जब वे बीकानेर अधिवेशन म राजस्थान प्रजा समाजवादी दल क अध्यक्ष चुने गये। उनके अध्यक्ष काल म ही सुप्रसिद्ध जामसर श्रमिक आन्दोलन चला था जिसमे व्यास जी के धारदार व्यक्तित्व ने शोषित मजदूरो म एक नई चेतना का सचार किया था।

श्री पुरोहित क लम्बे लेख के आशिक उद्धरण इस प्रकार हैं – मैं अपने राजनीतिक गुरु आदरणीय व्यास जी के साथ देश की प्रजा समाजवादी पार्टी की मीटिंगो मे भी खास निमन्त्रण आने पर गया। उनके साथ एसी ही एक मीटिंग म मान्दसौर (मसूर) गया मैं उनके साथ मान्दसौर स रामेश्वर मद्रास व बम्बई पूना आदि कई जगह गया। सब जगह प्रजा समाजवादी पार्टी म आदरणीय व्यास जी का भारी सम्मान देख कर चकित रहा। उन्होने देश के सब नेताओ और साथियो स मेरा यथोचित परिचय कराया जिसके कारण मैं उनकी मृत्यु के पश्चात् भी जब भी बम्बई दिल्ली आदि गया तो पार्टी क नेताओ ने मुझे पूर्ण सम्मानित किया ।'

व्यास जी का रेल्वे मजदूरो क आन्दोलन स निकट का सम्पर्क था। उन्होंने अखिल भारतीय आन्दोलनो म रेल मजदूरो का सफल नेतृत्व किया तथा कारावास की यातनाए भोगी। नार्दन रेल्वे मेन्स यूनियन के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री टी एन

वाजपयी ने व्यास जी के प्रति श्रद्धावनत होत हुए उनके गुणो की चर्चा इन शब्दो म की है स्वतन्त्रता सग्राम स लेकर स्वतन्त्र भारत की राजनीति म जिस ढग स (व्यास जी न) समाज सेवा की एसे उदाहरण भारतीय राजनीति म विरले ही मिलते हैं ट्रेड यूनियन आन्दोलन म राजस्थान हिन्द मजदूर सभा के सस्थापक सदस्य और बाद म कमठ कायकर्ता एव नेता के रूप म स्वर्गीय मुरलीधर व्यास का नाम आता है। राजस्थान म जहा भी मजदूरी ने सघष का बिगुल बजाया वहाँ वे अगुवा रह। नादन रल्वे म स यूनियन तथा आल इण्डिया रल्वे मन्स फेडरेशन भी हमेशा उनका कृतज्ञ रहा। उन्होन 1960 तथा 1968 म रल कमचारियो के समथन म जल यातना भी सही तथा हडताल के बाद प्रताडित रल्वे कमचारियो की सहायता म स्वय को कायरत रखा जब कभी भी बीकानेर क्षेत्र म रल कमचारियो ने सघष किया मुरलीधर जी हमेशा अग्रणी रहे। अधिकारियो की दृष्टि म भी व सम्मानित रहे। जब कभी कोई मामला वे इन अधिकारियो के सामने रखते तब व अधिकारी आश्वस्त रहते कि यह मामला अवश्य ही उचित एव सत्य है।

मेरा मुरलीधर व्यास म व्यक्तिगत सम्बन्ध रहा है। जब कभी मैं बीकानेर जाता उन्ह मिले बिना ऐसा प्रतीत होता कि बीकानेर की यात्रा अधूरी रह गई है। उनका जीवन राजनीति स लेकर ट्रेड यूनियन तक शिक्षाप्रद रहा। ऐसे व्यक्ति समाज म बिरले ही पदा होते है। स्वर्गीय साथी जय प्रकाश नारायण स्वर्गीय साथी राम मनोहर लोहिया तथा साथी डी डी वशिष्ठ की दृष्टि म मुरलीधर जी सम्मानित रहे।'

जो व्यक्ति दिग्गज समाजवादी नेताओ की दृष्टि म सम्मानित हो अधिकारियो की दृष्टि म सच्चे एव उचित मामले लाने वाला व्यक्ति हो मजदूर नेताओ की दृष्टि म प्ररणा पुरुष हो तथा साधारण जनता की दृष्टि म शुभचिन्तक हो—उसके बहुआयामी व्यक्तित्व के लिए युग पुरुष से अच्छा और क्या टाइटल दिया जा सकता है? वाजपयी जी के शब्दो म शब्द मिला कर हम भी यही कह सकते है कि ऐसे व्यक्ति समाज म विरले ही होते हैं।

और अब कुछ साथियो के विचारो का मथन करे। य साथी चाहे उनके स्वय के दल के हो या दूसरे दलो के प्रातीय स्तर के नेता ही या स्थानीय निष्ठावान नेता/ कायकर्ता या फिर व्यास जी के प्रबल समथक अथवा कट्टर विरोधी ही क्या न हो, सब के विचारो म थोडा-बहुत समानता अवश्य मिलेगी। पूववर्ती अध्यायो म प्रसिद्ध समाजवादी नेता तथा इग्लण्ड में भारत के पूव हाई कमिश्नर श्री एन जी गोरे,

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भैरों सिंह शेखावत पूर्व गृहमंत्री प्रो केदारनाथ, पूर्व वित्तमंत्री श्री माणिक चंद सुराणा, स्व विधायक श्री गोकुल प्रसाद, सुप्रसिद्ध कांग्रेसी नेता श्री मूलचंद पारीक, आदि के विचारों के उद्धरण दिये जा चुके हैं। अब प्रस्तुत हैं कुछ और महत्वपूर्ण विचार। (इनमें स्थानीय प्रांतीय अथवा राष्ट्रीय का कोई आग्रह नहीं है)। सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता श्री सत्य नारायण पारीक के अनुसार व्यास जी की जिन्दादिली गजब की थी। कैसी ही मुसीबत क्यों न आ पड़े उनके सदा हसमुख चेहरे पर कोई शिकन नहीं। जीवन के साथ हसते-हसते कठिनाइयों को झेलना और युवा पीढ़ी को अपने दृढ़ और सकल्पपूर्ण चरित्र से प्रेरित करना उनका आदर्श था उनकी शिक्षा वर्धा में गांधी जी के आश्रम के एक प्रख्यात आश्रमवासी और शिक्षाविद् आचार्य आर्यनायकम् और वर्धा कामर्शियल कॉलेज के प्राचार्य और बाद में गुजरात के राज्यपाल स्व श्रीयुत् श्रीमन्नारायण अग्रवाल के सान्निध्य में हुई। उसी काल में उन्हें कांग्रेस के अध्यक्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से स्वयं सेवक दल में राष्ट्रीयता की दीक्षा मिली थी जमनालाल बजाज के छोटे लड़के श्री रामकृष्ण बजाज और सरहदी गांधी खान अब्दुल गफ्फार खां के लड़के श्री वली खां उनके सहपाठी थे। महाराष्ट्र के हिंगणघाट कस्बे में आज भी उनका नाम बड़े आदर और स्नेह से याद किया जाता है। पिछले दिनों वहाँ के एक सज्जन से जब उनका प्रसंग आया तो सजल नेत्रों से कहा था– अरे! मुरली तो बस मुरली ही था।'

सन् 1953 के ऐतिहासिक गेहूँ निकासी आन्दोलन में व्यास जी की भूमिका बड़ी शानदार रही। मिना की जोड़ भी गजब की थी। हालांकि बीज रूप में आन्दोलन की शुरुआत तो श्री श्रीनिवास थिरानी ने की पर व्यास जी ने अपनी स्वाभाविक पकड़ से उस एक आन्दोलन का रूप दे दिया गेहूँ निकासी आन्दोलन के बाद गोआ सत्याग्रह तथा जामसर आन्दोलन व्यास जी की कीर्ति में चार चांद लगाने वाले आन्दोलन सिद्ध हुए। गोआ सत्याग्रह में जहाँ उनकी उत्कृष्ट देशभक्ति की भावना के दर्शन हुए वहीं उन्हें राष्ट्रीय नेताओं के सम्पर्क में आने का मौका भी मिला। जामसर और रेलवे मजदूर आन्दोलन के कारण व्यास जी का व्यक्तित्व एक मजदूर नेता के रूप में लोगों के सामने आया व्यासजी मेरे निकट के सहकर्मी थे मित्र थे। कभी कभार कुछ मतभेद जरूर हुए पर मन-भेद कभी नहीं और मत-भेद भी किसी स्वार्थ को लेकर नहीं हुए शुद्ध सैद्धान्तिक आधार पर। (झोंपड़ी की आवाज 1 जून 1984) श्री सत्यनारायण जी पारीक व्यासजी के अंतरंग मित्र और सहकर्मियों में से रहे हैं अतः उनके विचार काफी महत्वपूर्ण बन जाते हैं।

इसी क्रम में सुप्रसिद्ध साहित्यकार समीक्षक एवम् शिक्षाविद् श्री अभय चन्द्र शर्मा के विचारों का जायजा लिया जाए तो उपयुक्त होगा। व्यास जी के चिरपरिचित फक्कड़पन पर टिप्पणी करते हुए श्री अभय चंद्र शर्मा ने कहा है कि जब भी श्री

हैं) नात हो जाती है। राजनीति म कम पर लोक सवा म अधिक रुचिशील प्रखर चक्ता एव तत्कालीन भारतीय जनमध के नेता श्री मवर लाल कोठारी यासजी के प्रति सम्मान एव श्रद्धा रखते रहे हैं। व्यास जी की स्टेशन ग्राउण्ड स्थित प्रतिमा की निर्माण व्यवस्था एव स्थापना म उनकी महती भूमिका सवविदित है। श्री कोठारी न व्यास जी को पीडिता का ममीहा बताया है। उनके शब्दा म उद्धरण इस प्रकार है – स्व श्री मुरलाधर व्यास बीकानेर के मर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता थ। वे गरीब शोपित व पीडित के हिमायती और उसके सुख दुख के भागीदार थे।
दस साल तक विधायक रह कर भी वे उनस एकात्म बन रहे उनकी आवाज बुलन्द करते रहे। सदा सवेदनशील रहे। इसी कारण स जन जन के प्रिय और पीडितो के मसीहा बन गये।'

उनका व्यक्तित्व बहु आयामी था। वे आदश शिक्षक और योग प्रशिक्षक थे। जन चेतना क प्रखर अभिवक्ता थे। श्रमिको के हित रक्षक थे। कला–प्रेमी और सेवा प्रेरक थे। बीकानेर के जन जीवन पर उनके व्यक्तित्व की अमिट छाप थी।

आज भी उनका व्यक्तित्व जीवन्त है। स्मृति अक्षुण्ण है। बीकानेर के नागरिको ने रेल्वे स्टेशन के सामने उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करके उनके प्रति आन्तरिक सौहाद का प्रदर्शन किया है। नेपाल के पूव प्रधान मत्री श्री एम पी कोइराला द्वारा प्रतिमा का शिलान्यास और लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा उसका अनावरण उनके राष्टीय व्यक्तित्व का परिचायक है। लोकतन्त्र क सजग प्रहरी के रूप म राष्ट उनका सदा स्मरण करता रहेगा।

श्री काठारी ने व्यास जी के राष्ट्रीय व्यक्तित्व का प्रभावशाली शब्दा म वणन किया है। साथ ही उनके व्यक्तित्व के बहुआयामी पक्षा को भी उजागर किया है। एक ही व्यक्ति राजनीति क साथ साथ शिक्षा कला लोक सवा आदि म समान रूप से रुचिशील और गतिशील हो तो उसकी प्रखर सवेदना स्वत ही प्रकट हो जाती है। व्यास जी इसी प्रखर चेतना के मूर्तिमन्त व्यक्ति थ। उनका जनाधार ही उनकी सम्पत्ति था।

व्यास जी के परम स्नेही सरदार शहर निवासी श्री सोहन लाल डागा ने व्यास जी को स्वय सर्जित व्यक्तित्व के धनी एव आदश कर्मयोगी माना है। श्री डागा के अनुसार वे विचारा म बचपन स ही समाजवादी थे। समाजवादी दशन का उनका अध्ययन अत्यन्त व्यापक था। उन्होने अपने अध्ययन तथा ज्ञान व कम की कसौटी पर एक विराट कायक्रम अपने हाथ म लिया। वे राजनीति म उतर पडे। उतरे ही नही जनता के साथ घुल मिल गये।

'जिस आदर और गरिमा से लोकनायक व्यास को जनता ने चुना, उन्होंने विधान सभा में जन प्रतिनिधित्व का दायित्व उतनी ही निष्ठा, लगन बहादुरी और साहस के साथ निभाया–यह विधान सभा के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जायगा।'

व्यासजी एक औलिया पुरुष या फक्कड़ व्यक्ति थे। वे सर्वथा निस्पृह थे। पद लोलुपता, अर्थाकांक्षा और यशोलिप्सा से वे कोसों दूर थे। उन्हें केवल एक ही चिन्ता थी–जनता के कष्ट कैसे दूर हों, जनता स्वतन्त्रता का सच्चा सुख कैसे प्राप्त करे। उनकी निस्पृहता तो यहां तक थी कि जो कुछ उनके पास होता वे साथियों के लिए खुशी खुशी खर्च कर देते थे। उनकी जेब में दस बीस रुपयों से अधिक की राशि हमने तो कम ही देखी।'

' व्यासजी की प्रकृति में जहां सहज सुकुमारता और मृदुलता थी वहां उनके जीवन का दूसरा पक्ष था जिसमें वे वज्र के समान कठोर थे। अन्याय, अनीति और अनौचित्य से लड़ते समय उनके योद्धा रूप को जिन्होंने देखा है वे भलीभांति जानते हैं कि उनके साहस का पार नहीं था। वे संघर्षों में कभी नहीं घबराये। एकाकी डट गये अनेकों के सामने और पर्वत की तरह निश्चल हो गये। अड़ गये। वे तेजस्वी प्राणी थे और कभी हार न मानने वाले जीवट के धनी थे।

व्यासजी जहां बहुत बड़े खिलाड़ी, व्यायामी और प्रबल राजनेता थे वहां बड़े ही भावनाशील व्यक्ति भी थे। संगीत से उन्हें सच्चा प्यार रहा। संगीत सीखने का जीवन में अवसर नहीं पा सके लेकिन संगीत सुनने में बड़ा रस लेते थे। बातचीत के बीच अक्सर कहा करते थे संगीत जीवन के लिए आवश्यक है इससे जीवन में सरलता और मधुरता का समावेश होता है। व्यास जी मुझे कई दफा तानपुरा पकड़ा देते और सामने बैठ जाते। मैं गाता और वे सुनते। मुझे उन्हें गीत एवं कविताएं सुनाने के अनेकों अवसर मिले। उन अवसरों को जब याद करता हूँ तो भावविह्वल हो जाता हूँ।

सामन्तशाही के खिलाफ संघर्ष करने, बीकानेर से निष्कासित किए जाने, और जीवनपर्यन्त समाजवाद की अलख जगाने का श्रेय जिन व्यक्तियों को मिला है उनमें से एक हैं श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा। 72 वर्षीय श्री शर्मा समाजवादी दल में व्यासजी के प्रबल समर्थक रहे हैं। श्री राम मनोहर लोहिया की प्रेरणा से उन्होंने अपने विद्यार्थी काल में बम्बई में वानर सेना में भाग लिया तथा अशोक मेहता के नेतृत्व में स्वदेशी नमक बेचन तथा विदेशी माल का बहिष्कार करने के लिए दुकानों पर पिकेटिंग की। इस अपराध में उन्हें कई बार पुलिस थाने ले जाया गया। स्व. जयनारायण व्यास के आदेश पर वे बीकानेर आये तथा प्रजातन्त्र की गतिविधियों

म सक्रियता से भाग लेना शुरू किया। महाराजा गंगासिंह जी की स्वर्ण-जयन्ती के अवसर पर वायसराय को काले झण्डे दिखाने की योजना के संदेह में पहले तो उन्हें कारावास में डाल कर यातनाएँ दी गई और बाद में देश निकाला दे दिया गया। आजादी के बाद शर्मा समाजवादी दल में आ गये। श्री शर्मा के अनुसार समाजवादी दल के राष्ट्रीय सम्मेलन (1948) के अवसर पर मगनलाल बागडी ने मुरलीधर व्यास का परिचय देते हुए कहा था कि 'मैं बीकानेर का एक ऐसा अनमोल हीरा देता हूँ जो बीकानेर का ही नहीं, राजस्थान और भारत का नाम चमकाएगा'। जिप्सम श्रमिक आन्दोलन के समय जिप्सम माइन्स के डायरेक्टरों ने मुरलीधर व्यास की ईमानदारी को खरीदने के लिए बड़े बड़े प्रलोभन दिये लेकिन उन्होंने उसको ठोकर मारी। यही उनकी ईमानदारी की सबसे बड़ी जीत है।

व्यास जी एक बार दिल्ली गये हुए थे। मोहनलाल सुखाडिया भी दिल्ली आये हुए थे। दिल्ली में सुखाडिया जी ने महाराजा करणी सिंह जी से सम्पर्क कर व्यासजी को बुलवाया। सुखाडिया जी और व्यासजी में बातें करवाई गई। सुखाडिया जी ने कहा— व्यास जी आपका हर कार्य हो जाएगा कृपया आप विधान सभा में या पब्लिक प्लेटफार्म पर मेरी आलोचना नहीं करें। व्यासजी ने महाराजा साहब के सामने कहा— मेरी सुखाडिया जी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। मैं जन प्रतिनिधि हूँ। जनता ने मुझे अपनी बात रखने के लिए चुना है उसकी आवाज बुलन्द करना मेरे लिए आवश्यक है। व्यक्तिगत आलोचक न तो मैं कभी रहा हूँ न कभी आगे रहूँगा। सभी जानते है कि सुखाडिया जी व व्यास जी के रास्ते सर्वथा पृथक पृथक रहे लेकिन उनमें व्यक्तिगत मनमुटाव नहीं आया।

भारतीय साम्यवादी दल के नेता एवं प्रसिद्ध पत्रकार (जन जन के सम्पादक) श्री हीरालाल आचार्य ने व्यासजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार प्रकट करते हुए कहा है कि साहस और संकल्प के धनी, शान्त स्वभावी तथा संवदनशीलता की सजोये गम्भीर मुखमण्डल की आभा के जन अपेक्षित लोकप्रिय जन नेता थे—मुरलीधर व्यास। उनकी उत्पीडन से छुटकारा दिलवाने की कसमसाहट ग्रस्त दृष्टि की गहनता उस हिलोरें लेने वाले विशाल सागर सी अनुभूत होती थी मानो आने वाले किसी तूफानी उफान से पूर्व की सूचक हो। इस महान प्रतिभा को जनता ने अपने बीच के संघर्षों के दौर में तपाया निखारा और अपने नेतृत्व की बागडोर का हकदार घोषित किया था।

राजनीतिक रिक्तता की बदौलत बीकानेर क्षेत्र की ऊपरी नेतृत्व द्वारा कठपुतलीनुमा प्रतिनिधित्व थोपने की हरकतों से जन अपेक्षाओं की उपेक्षा के फलस्वरूप जन

मानस उद्वेलित हो उठा था। अतएव क्रांतिकारी शौकत उस्मानी तथा साहसी राजनेता बाबू मुक्ताप्रसाद, बाबू रघुवरदयाल और बाबा मघाराम की धरती ने ऊपरी नेतृत्व को ललकारा और समूचे प्रदेश और राष्ट्र को झकझोर कर रख दिया। प्रख्यात अनाज निकासी आन्दोलन ने सिद्ध कर दिया कि यह मरुधरा बांझ नहीं है। 1953 के स्मी स्वत स्फूर्त गेहूं निकासी आंदोलन को जनता स्वयं ने अग्नि परीक्षा से क्षेत्रीय नेतृत्व को संजोया-संवारा और मुरलीधर व्यास, मानिक सुराणा मदन आजमानी तथा सत्यनारायण पारीक आदि अनेक नेतृत्वकारी प्रतिभाओं को जन अपेक्षाओं का प्रहरी घोषित किया। 1957 के विधान सभा चुनावों में प्रवासी अहमद बख्श सिंधी को भारी शिकस्त देकर क्षेत्रीय नेता मुरलीधर व्यास के प्रति जनता ने अपनी आस्था व्यक्त की।

स्व व्यास जी ने जन-अपेक्षाओं के अनुरूप बीकानेर क्षेत्र के गरीबों पिछड़ों मेहनतकशों की संजीदगी के साथ रहनुमाई की। लोहा कूटने वाला गाडिया लुहार हो, मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कुम्हार हो अथवा जिप्सम श्रमिक या जर्जर जीवन भुगतने वाले बजरी खनिक उन सभी मेहनतकशों के साथ कन्धे से कंधा मिला कर व्यासजी संघर्षरत रहे।

अकाल पीड़ित क्षेत्र में अन्न पानी व चारे के लिए मानव पशु तड़प तड़प कर कष्टमय जीवन व्यतीत करते रहे थे इस क्षेत्र में सरकार की बेमिसाल लापरवाही की हरकतों में व्यासजी स्वयं गांव गांव घूम कर उनके राहत के विभिन्न कार्य करते। और सरकारी पदों पर आसीन मिनिस्टरों के प्रति आक्रोश की आग से यहां तक आन्दोलन करते थे कि बीकानेर में उनका घुसना असम्भव हो जाता।

मुखाड़िया के बहिष्कार के जुझारू कार्यक्रम के दौरान ही जन अपेक्षाओं के राजनेता मुरलीधर व्यास को बेरहम पुलिस ने लाठियों से प्रहार करके अपना मनहूस परिचय दिया। लेकिन उस जुझारू राजनेता ने पूरे एक माह अपना उपचार करवाया और रोगावस्था अवधि के दौरान पुनः अपनी जनता के बीच वे आ खड़े हुए।

अनेक बार व्यासजी के स्वयं के राजनीतिक दल द्वारा लिये गये फैसलों के विरुद्ध संघर्षों में हिस्सेदारी लेने पर जब उन्हें जवाबदेही के लिए तलब किया जाता तो वे कहते जहां तक उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष का सवाल है मुझे कोई नहीं रोक सकता। स्व मुरलीधर व्यास का विशाल व्यक्तित्व किसी भी दलगत मान्यताओं और घेरा-बन्दियों से ऊपर था। मुरलीधर व्यास स्वयं एक संस्था थे। वे जन चेतना के प्रहरी थे।'

अपने राजनीतिक जीवन म नेतागण भिन्न भिन्न दलो म भले ही रह, शीप नेता व्यक्तिगत जीवन म दल निरपेक्ष रह कर भी पारस्परिक सम्ब ध बनाये रखते हैं। सावजनिक हित क मामलो मे तो कई बार वे एक साथ भी आ जात हैं। ऐसे ही दो नताओ म श्रीमती का ता कथूरिया एव मुरलीधर व्यास क नाम लिये जा सकते हैं। अपने राजनीतिक मतभेदो के बावजूद श्रीमती का ता कथूरिया ने श्री व्यास का कई बार साथ दिया। श्रीमती का ता कथूरिया क श दो म व्यासजी का व्यक्तित्व इस प्रकार उभरता है--'स्वर्गीय मुरलीधर व्यास सच्चे अर्थों म एक जननेता थ। जनता विशेष कर क गरीब एव श्रमिक वर्गों की सेवा म उन्होंने अपने आपको समर्पित कर रखा था।

'अपन विधान सभा के कायकाल म उन्हान अनेक जन समस्याओ को प्रभावशाली ढग स उठाया तथा उनके समाधान क लिए अनथक प्रयास किया। वे ओजस्वी व्यक्तित्व के एक ऐस मुखर नेता थ जिनक भाषणो का जनता पर जबरदस्त असर होता था। राजनीति का उन्होंने कभी भी अपने स्वार्थों की सिद्धि का साधन नही बनाया वरन् जनसेवा के माध्यम के रूप म उसका उपयोग किया। उनकी महत्वाकाक्षा पद म न होकर सेवा म थी।'

व अपने दल की राष्ट्रीय कायकारिणी के वरिष्ठ सदस्य थे राजस्थान विधान सभा म विरोधी दल के नेता थे तथा एक उद्भट सघर्षशील व्यक्तित्व होन के साथ साथ जागरूक पत्रकार भी थे। एक आदश नेता म जो गुण होने चाहिए जैसे सत्य निष्ठा, सच्चरित्रता, साहस, सदाशयता सघर्षशीलता परोपकार उदार भावना सतत जागरूकता–ये सब गुण व्यासजी म थे।

श्रीमती का ता कथूरिया ने व्यासजी को अनक गुणो का सगम माना है। बीकानेर की जनता इस बात को जानती है कि व्यास जी के निधन के आघात को श्रीमती कथूरिया सहन नही कर पाई थी तथा श्मशान भूमि पर व्यास जी के दाह के समय व बेहोश होकर गिर पडी थी और उन्ह अस्पताल ल जाना पडा था। श्रीमती का ता कथूरिया न सच ही कहा है कि म उनकी स्मृति को नमन करती हू।

अब जरा उन लोगो के विचारो का जायजा ल जिन्होने व्यासजी के नेतृत्व को सर्वो परि माना तथा उनके प्रति 'देव स्वरूप निष्ठा व्यक्त की। उनम से एक हैं श्री शिव दयाल जी उर्फ बुई महाराज। बुई महाराज का कहना है–'मीरा जस कृष्ण की दीवानी थी—मीरा को जस कृष्ण ही कृष्ण दिखते थे—हम लोगो को वसे ही मुरली ही 'मुरली दिखाई देते थे। मैं सन् 1952 म व्यासजी के साथ था। हर

चुनाव म मैंन उनके समथन म काम किया। मोटिगो म जहा व्यास जी बोलत थे, जनता उमड पडती थी।'

"यास जी का मृत्यु का वणन करते हुए बुई महाराज न कहा—'व सत्य के पुजारी थ। मैं उनका पूरी तरह से भक्त बना रहा। जब उनका निधन हुआ तो सारा बीकानेर शोकमग्न हो गया। उनकी शवयात्रा मे हजारा हजारा लोग थ। मकडा नर-नारी अपनी छता स उनके दशन कर रह थे। मैं अन्त्येष्ठी स्थल तक नग पाव गया। जेठ का महीना था। पावो म छाल हो गये। पूरे रास्ते लाग रोत-बिलखत दिखाइ देत थे। लागो की अश्रुधारा रोके नहीं रुकती थी। श्रीमती कान्ता कथूरिया तो बेहोश हाकर गिर पडी। व्यासजी गरीब नवाज थे। हिन्दू मुसलमान सभी रो रहे थ।

बुई महाराज न "यासजी की स्मृति म कुछ ममस्पर्शी गीता की रचना का थी। गीतो क उद्धारण इस प्रकार ह —

(1) तेरे जान के बाद तेरी याद आइ
दिल लगाने क बाद तेरी याद आइ
जब तेरी चिता जल रही था/तो मेर मन म यह उमड रहा था
तेर लोवाने ने तेरे मरघट पर यह कसम खाई
दिय वोट तुझको, अब किसी का नहीं देंगे मेरे भाई
तेर जाने के बाद तेरी याद आई

(2) जीना तेरी गली म मुरला मरना तेरा गली म
मरन के बाद खुशबू हागी गली गली म।

बुई महाराज न "यास जा के प्रति समपण भाव रखा। अपनी भावात्मक शपथ का निवाह करत हुए 1971 के बाद उ होने किसी भी चुनाव म अपना मतदान नहीं किया। जीवन भर का वोट मुरलीधर जा के साथ ही समाप्त हो गया।

"यासजी न बीकानेर नगर म कइ दीवान भक्तो की एक अनमोल कतार तयार की। इनम स एक हैं श्री नटवर लाल, जो नटवर 'उबाडा' क नाम से विख्यात ह। श्री नटवर लाल का कहना है — हम व्यासजी को माइत समझत थ। उनका भी हमार साथ ऐसा हा सम्बध था। व मुझे पुत्रवत मानते थ। मरा "यासजी स 1966 म सम्पक हुआ। मैं उन दिनो उनकी जीप चलाया करता था। मैंन 18 20 महीना तक गाडी चलाई। जब बिन्नाणी बगीचा म शिविर लगाया गया तो मैंने उसम भाग लिया था। इस शिविर मे नाना डैंगल और लखनलाल कपूर आए थे। मैं "यासजी के साथ लोकसभा चुनाव म महाराजा डा करणी सिंह जी के समथन म चुरू गया। देशनोक

भा गया। 1967 के चुनाव में मैं व्यासजी का कार्यकर्ता था। हम लोग साइकिल पर प्रचार करते पर्चे बाँटते तथा जन समर्थन जुटाते थे।

श्री नटवर लाल ने व्यासजी की जनसेवा का चित्रण इन शब्दों में किया है – व्यासजी बहुत बीमार थे। उन्हें अपने कावर और तिल्ली के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा लेकिन लोग अपनी समस्याएं लेकर उनके पास आते रहते। आमतौर से व्यासजी सवेरे अस्पताल में भर्ती होते और शाम को फिर बिना किसी सहायता के अस्पताल से वापिस आ जाते। ऐसा कम से कम 50 बार अवश्य हुआ होगा। मृत्यु से दो-तीन महीने पहले डॉ. के. डी. गुप्ता और डॉ. आभा ने लिवर के खराब होने तथा तिल्ली बढ़ जाने की चेतावनी व्यासजी को दे दी थी। उन्हें पूर्ण विश्राम करने एवं नियमित उपचार करवाने का परामर्श भी दिया था। व्यासजी ने बात मान ली, लेकिन बाद में फिर वही क्रम शुरू हो गया। उन दिनों अकाल के प्रसंग में घास मंगवाया गया था। समय पर नहीं उठा पाने से झमेला लग गया। व्यासजी ऐसी प्रकरण को लेकर अपने स्वास्थ्य की पूर्ण उपेक्षा करते हुए अस्पताल से वापिस आ गये। मृत्यु के संकट का सामना करते हुए भी उन्होंने जनसेवा से मुँह नहीं मोड़ा।

श्री नटवर लाल व्यासजी के विश्वस्त शिष्यों में रहे। 30 मई की रात को जब व्यासजी का निधन हो गया तो प्रजा समाजवादी पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय तथा अन्य नेताओं को उन्होंने ही तार द्वारा यह दुखद सूचना दी। मृत्यु वाली रात को ही जगह जगह घूमकर लोगों को भी सूचित किया। श्री नटवरलाल तो उस रात तांत्रिक उपाय करके भी व्यासजी पर टूटे के खतरे को समाप्त करना चाहते थे (चाहे श्मशान में रात को अकेले ही तांत्रिक उपाय क्यों न करना पड़े) पर विधि को यह मंजूर नहीं था। व्यासजी का निधन होना था नियति के चक्र को कोई नहीं रोक सका। वे चल बसे।

व्यासजी की इस शिष्य परम्परा में एक नहीं अनेकों नाम हैं। उनके शिष्यों के साथ सत्ताधारियों ने चाहे कठोरता दिखाई हो पर उनमें से एक भी शिष्य विचलित नहीं हुआ। सभी फौलादी चट्टान सिद्ध हुए। ऐसे ही एक अन्य फौलादी व्यक्तित्व हैं श्री रूपनारायण। रूपनारायण के मन में व्यासजी की मंजुल मूर्ति की छवि जैसे आज भी उसी दिव्यता के साथ जगमगा रही है। उनका कहना है – '1967 के चुनाव में मैंने व्यासजी के समर्थन में एक गीत बनाया था जिसे सभाओं में खूब गाया गया। मैं व्यासजी के साथ प्रजा समाजवादी दल के राष्ट्रीय अधिवेशन के समय कानपुर भी गया था। बाद में हम लोग कलकत्ता गये। कलकत्ता में व्यासजी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। श्री समर गुहा साहब भी उस अवसर पर उपस्थित थे।

-यवस्थापकों में श्री बृज मोहन तूफान श्री सत्य नारायण पुरोहित श्री मोहन लाल पुरोहित आदि भी थे। चुनाव में पराजित होने के बाद व्यासजी कलकत्ता गये थे लेकिन उनके प्रति लोगों में श्रद्धा बसी की बसी बनी रही। महान् जनसेवक थे -यासजी।

श्री रूपनारायण ने भी बताया कि व्यासजी गम्भीर रूप से बीमार होने तथा अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद गरीब लोगों के काम के लिए प्रायः अस्पताल से आ जाया करते थे। धीरे धीरे रोग गम्भीर होता चला गया। मृत्यु की रात को 10 बजे तक मैं उनके पास था। सत्य नारायण पारीक से व्यासजी ने बातचीत की। अपने पुत्र घनश्याम को बुलाया – बात की। बस उसी रात वे चल बसे। हमारे सिर से उनका साया उठ गया। गरीबों का हितैषी, गरीबों का मसीहा चल बसा।'

-यासजी का -यक्तित्व तो राष्ट्रव्यापी था लेकिन उन्होंने अपने स्थानीय समर्थन को सदैव मजबूत बनाये रखा। उनके समर्थक ऐसे थे और हैं जो आजीवन उनके साथ रहे और -यासजी की मृत्यु के उपरान्त भी उनकी विचारधारा के साथ है। ऐसे एक समर्थक हैं श्री काशीराम स्वर्णकार। श्री स्वर्णकार उन दिनों के साथी हैं जब -यासजी जन विद्यालय में अध्यापक थे तथा बच्चों को आजादी की कहानियां सुना कर प्रेरित किया करते थे। श्री स्वर्णकार ने बताया कि व्यासजी छात्रों के जबरदस्त हितैषी थे। जब जन विद्यालय समिति ने मोहनलाल पुरोहित नामक छात्र को अकारण विद्यालय से निकाल दिया तो मोहल्ले वालों ने इसका विरोध किया। -यासजी ने भी छात्र को पुनः प्रवेश देने की हिमायत की। विद्यालय पर कांग्रेसी विचारधारा वाले लोगों का वर्चस्व था तथा छात्र मोहनलाल कांग्रेस का विरोध करता था। बस इतनी सी बात पर उसे निकाल दिया गया था। बाद में मोहल्ले के निवासियों और व्यासजी की पुरजोर हिमायत के दबाव में आकर उसे वापिस भर्ती करना पड़ा।

श्री स्वर्णकार प्रजा समाजवादी दल की कार्यकारिणी के सदस्य थे। विधान सभा के लिए उम्मीदवार का चयन किया जाना था। श्री सत्य नारायण पारीक एवं व्यासजी के बीच में उम्मीदवारी का निर्णय होना था। भारी दबाव के बावजूद श्री स्वर्णकार ने व्यासजी के पक्ष में मत दिया तथा वही सम्भवतः निर्णायक मत था। व्यासजी का चयन हो गया। उन दिनों प्रत्याशी का निर्णय करने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य श्री अशोक मेहता आए हुए थे। -यासजी के चुनाव की खुशी सब को हुई– यहां तक कि श्री भंवर लाल महात्मा की पत्नी (जिसे व्यासजी ने धर्म बहिन बना रखा था) भी काफी प्रसन्न थी। उनके पति श्री महात्मा श्री सत्य नारायण पारीक के पक्षधर थे लेकिन व्यक्तिगत जीवन में व्यासजी के साथ उनका पारिवारिक सम्बन्ध बना रहा।

यासजी जन हितैषी थ। लोगो की सेवा म अहर्निश जुटे रहते थ। श्री स्वणकार न एस दो-तीन दृष्टान्त बताय जब अस्पताल म रोगियो को भर्ती नही किया गया लकिन व्यासजी ने रात को दो दो तीन तीन बजे जाकर उन्ह भर्ती करवाया। एसा एक प्रकरण क हैया लाल सोनी का है जिसक रीढ की हड्डी म चोट आई थी। राज नीतिक दबाव क कारण उस अस्पताल म भर्ती नही किया गया। नाग बाग व्यासजी के घर पहुँचे। आधी रात को स्वय बीमार होत हुए भी व्यासजी पदल कोटगट तक बुड्डा बाडी वाला क निवास पर गय तथा वहा स फान करक अस्पताल वालो स रागी को भर्ती करन के लिए कहा। जब उन्हान आना कानी की ता स्वय अस्पताल पहुँच तथा उस भर्ती करवाया। इसी तरह कसर क रागी मालचद को जब लम्बी बीमारी देखत हुए अस्पताल स निकाल दिया ता व्यासजी ने हस्तक्षेप कर क उस पुन प्रवेश दिलाया तथा अस्पताल की तरफ स कीमती औषधियो और इजक्शनो की भी नि शुल्क व्यवस्था करवाई।

स्वण नियत्रण अधिनियम क विराध म व्यासजी न कई सभाए की-कई जुलूस निकाले तथा इस काल कानून की सजा दी। उस समय मोरारजी दसाई वित्त मत्री थ। श्री स्वणकार न बताया कि व्यासजी गरीबा क हित म अलख जगात थ। अस्पताल और जल म व पाय चक्कर लगा कर देखत रहत थे कि रोगियो/बदियो को कोई परशानी तो नही हो रही है। व वास्तव म एक देवपुरुष थ।

व्यासजी क अनन्य समथको म से एक है हनुमान आचाय (एडवोकेट)। श्री आचाय सन् 1956 स 1966 तक 10 वर्षों तक प्रजा समाजवादी दल के सचिव रहे। सन् 1957 म व्यासजी के चुनाव अभियान क समय व उनके इलेक्शन एजेन्ट भी थ। 1962 के चुनाव क समय दल म आन्तरिक सघष की स्थिति आ गई लेकिन श्री हनुमान आचाय काशीराम स्वणकार तथा दादा घेवरचद आदि न व्यासजी का प्रबल समथन किया। श्री आचाय तो उस निणयाक सभा क अध्यक्ष थ जिसम प्रत्याशी का चयन गुप्त मतदान द्वारा होना था। कुछ नताओ न मतदान क परिणाम को नही माना। बाद म अशोक महता बीकानर आए। श्री हनुमान आचाय ने उनको दल की आतरिक स्थिति स अवगत कराया। निणय व्यासजी के हक म ही हुआ। श्री माणिकचद सुराणा को कालायत स प्रत्याशी बनाया गया। लोगो म इस भ्रान्ति को पनपाया गया कि व्यासजी एव सुराणाजी म घने मतभेद है तथा वे एक दूसर को पराजित करना चाहत है। इस भ्रान्त धारणा को उन्मूलन करन क लिए श्री हनुमान आचाय (व्यासजी के चुनाव एजेन्ट) तथा श्री धनसुख दास चाण्डक (सुराणा के चुनाव एजेन्ट) ने मिल कर एसी व्यवस्था की जिसक अनुसार सुराणा के चुनाव क्षेत्र की सभाओ म व्यासजी ने भाषण दिये तथा व्यासजी के चुनाव क्षेत्र मे सुराणाजी

ने समाओ म भाग लिया। इस गगा-जमुनी मिलन से दोनो चुनाव क्षेत्रो मे प्रजा समाजवादी दल की ही विजय हुई। एक और एक मिल कर दो नही, ग्यारह बन गये।'

श्री हनुमान आचाय एडवोकेट, ने बताया कि मैं व्यासजी के साथ बढैया (बिहार) म प्रजा समाजवादी दल के राष्टीय अधिवेशन म भाग लेन गया था। उस अधिवेशन म (जो 1966 मे हुआ) जयप्रकाश नारायण, एन जी गोरे, सूरज बाबू और लखनलाल कपूर जस दिग्गज नेता मौजूद थ। व्यासजी ने राजस्थान की राजनीतिक स्थिति बताते हुए तत्कालीन मुख्य मत्री श्री मोहनलाल सुखाडिया के 'भ्रष्टाचार' का पदाफाश किया। उनके अकाटय प्रमाणो स सभी लोग बेहद प्रभावित हुए। बिहार के जन समुदाय पर व्यासजी का जादू इस कदर छाया कि उन्हे आसपास के कई क्षेत्रो स निमत्रण मिला। पूव निर्धारित कायक्रम को रोक कर भी व्यासजी उन सभा क्षेत्रो म गय तथा लोगो म राजनीतिक जागृति पदा की। बाद मे कलकत्ता मे व्यासजी का अभूतपूव स्वागत किया। मैं उस समय भी उनके साथ था।'

श्री आचाय न बताया कि इक्के ताँगे वालो न घोडो के लिए सस्ती दर पर चना दिये जाने की माग की तब कलक्टर स मिलन एक तरफ व्यासजी और दूसरी तरफ गोकुल प्रसाद आ गय। कलक्टर ओतिमा बोडिया ने कहा कि 'मैं नही जानती इक्के ताँगा वालो का असली नेता कौन है?' व्यासजी कुछ नही बोले। दूसरे दिन इक्के ताँगे वालो का जुलूस लेकर पब्लिक पाक गय – पूरा पब्लिक पाक इक्का ताँगा से भर गया। जिलाधीश को मानना पडा कि वास्तविक नेता व्यासजी ही हैं।

व्यासजी की आर्थिक स्थिति बहुत खराब रहा करती थी। कई बार तो ऐसा होता कि घर म 5 10 रुपये लेकर निकलते ताकि घर पर गेहूँ भिजवा सकें लेकिन रास्ते म ही लोगो के साथ उनके काम करवाने इधर उधर चल जाते। सारा रुपया ताँगे के किराये म ही चला जाता। घर वाले भी भूखे और खुद भी भूखे – ऐसी घटनाए तो अनेको बार हुई थी। 1967 म व्यासजी पर राजस्थान भर का दायित्व डाल दिया गया। उन्हे प्रजा समाजवादी दल के प्रत्याशियो के समथन म जगह जगह पर जाना पडा। स्वय के चुनाव क्षेत्र की उपेक्षा करके भी उन्होने यह काय किया। उनकी पराजय के अनेक कारणो मे एक कारण यह भी था कि वे अपने चुनाव क्षेत्र पर अधिक ध्यान नही दे पाए। और भी अनेक कारण थे जिन्हें जनता अच्छी तरह जानती है।

श्री नारायण दास रगा ने भी एक घटना के बारे म बताते हुए कहा कि व्यासजी धारा 144 तोडने में अग्रणी रहते थे। 29 माच 1966 के भारत बद के दिन

उन्होंने सज्जनालय के सामने 'इन्कलाब जिन्दाबाद' कह कर धारा 144 की धज्जियां उड़ाई तथा अपनी गिरफ्तारी दी। धारा और राइफलधारी पुलिस की टुकड़िया थी। वातावरण में तनावपूर्ण अशान्ति था। गिरफ्तार होने वालो में व्यासजी के अतिरिक्त श्री वी डी राठी, और दो तीन राज्नीधर के कर्मचारी तो थे ही, मुझे भी गिरफ्तार कर लिया गया। दो तीन दिनों बाद छोड़ दिया गया।

प्रश्न गिरफ्तारी अथवा रिहाई का नहीं – प्रश्न इस बात का है कि जन चेतना के क्षेत्र में खतरे के सामने पहला वार कौन करता है। व्यासजी सदैव हरावल पंक्ति में रहने वालो में से थे। खतरे का सामना दम्भ कर वे विचलित होने के स्थान पर उससे जूझने को तत्पर रहा करते थे। उनके जीवन के अनेक प्रसंग अनेक साथियों को आज भी कण्ठस्थ हैं। ऐसे ही एक साथी हैं सरदार मोहकम सिंह जो बीकानेर में ध्वनि प्रसारकों के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं।

सरदार मोहकमसिंह का व्यासजी से सम्पर्क सन् 1952 में ही हो गया जब वे गंगा गेट के पास न्यू रेडियो सेन्टर के नाम से ध्वनि प्रसारक यंत्रों की दुकान चलाया करते थे। व्यासजी के चुनाव अभियान में सभी ध्वनि प्रसारक यंत्रों दरियां, मंच तथा बिजली का प्रबन्ध सरदार साहब के जिम्मे ही रहा करता था। यहां तक कि सभाओं के लिए तांगों में प्रचार की व्यवस्था भी सरदार साहब अपने व्यक्तियों के माध्यम से ही करवाते थे। सरदार मोहकमसिंह ने बताया कि जब मैंने अपना स्वतंत्र व्यापार/व्यवसाय शुरू करना चाहा तो सब से पहले किराये के भवन की समस्या सामने आई। व्यास जी ने अपने कार्यालय की चाबी मुझे सुपुर्द करते हुए कहा कि आगे की तरफ आप दुकान चलाइये पीछे के कमरे में हमारी पार्टी का कार्यालय चलता रहेगा। तब से मैंने वहीं पर अपना कार्य शुरू कर दिया। भवन तथा बिजली का किराया मैं देता रहा। उन दिनों जामसर आंदोलन के श्रमिक नेता राधेश्याम गौड़ तथा गुप्ता जी आदि वहां आते जाते रहते थे। व्यास जी की सभाओं में व्यवस्था का दायित्व प्राय मुझे ही संभालना होता था। सभाओं में भीम पांडिया डफली लेकर गीत गाते बावरा जी हरीश जी तथा लालचंद भावुक ओजस्वी कविताएं सुनाते बुलाकी जी व्यास (बुला महाराज) चुनावी गीत गाते गोपाल चन्द्र सत्य नारायण पारीक माणिकचंद सुराणा आदि के भाषण होते और तब कहीं जाकर अंत में व्यासजी अपना भाषण दिया करते थे। यदि व्यासजी का भाषण पहले करवा दिया जाता तो लोग बाग उठकर चले जाते तथा सुनने वाला नहीं बचता। सारे शहर में मीटिंग होती थी–राना बाजार चौपड़ा कटला गंगा गेट, नायकों का बास, दम्मा णियों का चौक बारह गुवाड़ कोचरों का चौक मोहता का चौक और नाता बाजार समाजों के प्रमुख स्थान थे।

'मैंने व्यासजी के साथ रह कर काम किया। देश के बड़े से बड़े नेता उन दिनों बीकानेर आया करते थे जिनमें श्री एस एम जोशी, श्री नाथ पाई श्री अशोक मेहता, श्री मगनलाल बागडी तथा अन्य लोग सम्मिलित हैं। व्यास जी मेरे साथ कई बार अकेले दो दो तीन तीन घण्टा तक बैठे रहते। व्यासजी के कार्यालय में मेरी दुकान उस समय तक रही जब तक वहा कार्यालय रहा। रामपुरिया कटला बन जाने पर कार्यालय उस भवन में अन्यत्र ले जाया गया।

'सन् 1967 के चुनाव में भी व्यासजी को अपनी जीत का पूरा भरोसा था लेकिन गोकुल प्रसाद के पीछे सत्ता का जबरदस्त समर्थन होने तथा ट्रासफर की राजनीति के चलाये जाने से बहुत से लोग उनके पक्ष में हो गये, फर्जी वोट भी डलवाये गये। गुण्डागर्दी भी बहुत हुई। व्यास जी की 1967 में पराजय तो भले ही हो गई लेकिन जनता ने उसका बदला सन् 1972 में गोकुल प्रसाद की जमानत जब्त करवा कर ले ही लिया। तब तक व्यासजी ससार से जा चुके थे।

सरदार साहब के कथनानुसार—'कई बार आदोलनों के समय पुलिस हमारे माइक उठा ले जाती, जब्त कर लेती अथवा उन्हें तोड फोड देती। व्यासजी ऐसे अत्याचारों के चित्र विधान सभा में भी दिखाने से नही चूकते थे। जब जयपुर में विधान सभा के सामने प्रदर्शन किया गया तो मैं भी व्यासजी के साथ गया था। बीकानेर से दो तीन बसें भर के प्रदर्शनकारी जयपुर गये थे। जबरदस्त जुलूस निकला, जलेबी चौक में लाठी चार्ज हुआ। जलेबी चौक भरा हुआ था। विधान सभा के घेराव का कार्य नम था। व्यास जी इन अत्याचारों से तनिक भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने ओजस्वी भाषण दिया।

सरदार साहब तो व्यासजी के पल पल के साथी थे। उनका कहना है कि 'व्यासजी आदोलन के दिनों में कई बार डागा बिल्डिंग के बद कमरों से भाषण देते तथा माइक बाहर की ओर लगा दिया जाता। हजारों लोग सडकों पर खड़े हो कर भी उनका भाषण सुना करते थे। हमारे माइक तो कई जगह तोडे गये—स्टेशन पर रतन बिहारी पार्क में, डागा बिल्डिंग पर, लेकिन मैंने पार्टी से कभी भी पैसा नहीं लिया। पूरे चुनाव में व्यासजी की अनेकों सभाएं होती पर मैं नाममात्र की राशि से माइक व्यवस्था कर दिया करता था। मेरा उनसे ऐसा आत्मीय सम्बन्ध था। व्यास जी एक सच्चे नेता थे। जनहित में जिससे लडते तो खुल कर लडते थे। लुक्का छिपी नहीं करते। उन्हें काग्रेस में आने एव मिनिस्टर बनाये जाने के प्रलोभन भी दिये गये लेकिन कोई भी प्रलोभन उन्हें कभी भी डिगा नहीं सका। वे वास्तव में महान् नेता थे।'

य विचार हे एक सच्चे, सात्विक समर्थक थे। अब जरा एक कलाकार की भावनाओं से व्यासजी के व्यक्तित्व को परखा जाए तो उसमें और अधिक ताजगी मंदगति चालता तथा साहित्यिक सांस्कृतिक रुझान के दर्शन होंगे। कलाकार है सुप्रसिद्ध स्वर साधक श्री मोतीलाल रंगा, जिन्होंने अपनी रचनाओं तथा संगीत कार्यक्रमों के माध्यम से व्यासजी के संदेश को जन जन तक पहुँचाने का श्लाघनीय कार्य किया और आज भी कर रहे हैं।

श्री मोतीलाल रंगा ने व्यासजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर मुरली और माता नाम से एक हस्तलिखित संकलन तैयार किया है जिसमें उनके संस्मरण दिये गये हैं। कुछ एक उद्धरण यहां पर प्रस्तुत हैं—

एक बार व्यासजी को न मालूम क्या मेरी आवश्यकता हुई। उन्होंने श्री नारायण दास रंगा को मुझे घर से बुला लाने को कहा। मैं घर व अन्य जगहों पर भी नहीं मिला। दूसरे दिन जब मैं उनसे मिलने गया तो उन्होंने मुझे कहा—आप कहां चले जाते हैं कहीं भी नहीं मिलते ? मैंने स्पष्ट किया कि व्यासजी इस विकट जमाने में खुराक नहीं मिलने से रियाज (अभ्यास) तो होता नहीं। सोमवार को शिवजी, मंगलवार को श्री नागणेचेजी मां एवं पवनसुत हनुमानजी, बुधवार को गणेशजी गुरुवार को श्री गुरु महाराजा शुक्रवार को संगीत तथा शनिवार को माताजी हनुमान जी के जाया करता हूं। व्यास जी बोले रविवार बच गया है। मैंने कहा देखिये व्यासजी, आपकी और मेरी सिंह राशि है। आप मुझसे बड़े हैं। रविवार आपको समर्पित है। व्यासजी ने कहा—इसका मतलब हुआ कि हर रविवार को आप मुझसे मिलने आया करोगे। मैंने कहा—हाँ। मैं नियमपूर्वक हर रविवार को व्यासजी से मिलने जाने लगा। बड़े दुःख के साथ लिखना पड़ता है कि व्यासजी ने रविवार को ही इस संसार से हमेशा के लिए प्रस्थान किया लेकिन मैं अभागा हॉस्पिटल जाकर भी उनसे अंतिम समय नहीं मिल सका क्यों कि मैं उन्हें मरते देख सकने में काँप रहा था। देख नहीं सकता था।

सन् 1967 में एक बार मेरे मकान संबंधी संकट उत्पन्न हुआ। मेरे रिश्तेदारों ने नोटिस दिया कि दे दो या ले लो। मैं इस संकट में दुःखी होकर व्यासजी के पास गया। मैंने कहा—व्यासजी ! मेरे घर में मेरे चाचा लोगों ने कमरों के ताले लगा दिये हैं। संकट है। मुझे उस वक्त बहुत वर्ष पहले हाउस बिल्डिंग लोन का काम मेरा हुआ था, याद आ गया जो जिलाधीश की स्वीकृति पर निर्भर था। व्यासजी बोले—मैं जिलाधीश से बात करूंगा। व्यासजी ने मुझे उपयुक्त लोन दिला कर मेरे लिए घर दिलाया जबकि व्यासजी दस वर्ष एम एल ए रह कर भी अपना घर नहीं बसा

सके। सारी उम्र किराये के मकान में रहे। मकान मरम्मत हो जाने पर व्यासजी मेरा घर देखने पधारे-ऊपर से नीचे तक घर देख कर बड़े खुश हुए।'

साले की होली मे कांग्रेस की चुनाव सभा चल रही थी, जिसे देखने परखने सुनने समझने बीकानेर की सारी जनता वहा उपस्थित थी। चारो ओर टोपधारी पुलिस गश्त लगा रही थी। मोहनलाल सुखाडिया, तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कहा-ऐसे सकड़ो मुरलीधर सुखाडिया से टकराकर खत्म हो जायेंगे। लोग मुस्कराकर कहने लगे-यह एक डिक्टेटर है। इस आबोहवा मे मेरा मानस भी कुछ बदला। याद आई व्यास जी की बात। (वे मुझसे सहयोग चाहते थे) सहयोग। सहयोग।। सहयोग।।। विह्वल स्थिति। घर जाकर बंद कमरे मे कलम उठाई। गीत को स्वरूप देने। 15 मिनटो म गुरु महाराजा की कृपा से डिक्टेटर के भावो के अनुरूप ही गीत तयार हो गया। जसे पहले से बना हुआ हो। नीचे टपकने मात्र की देर हो। दौडा दौडा पहुचा व्यास जी के पास। वे बोले-यह ठीक है लेकिन इसे गायेगा कौन? इस पर चुप्पी साधना ही ठीक समझा। मेरे पास कोई गायक नही था और मैं ठहरा सरकारी कर्मचारी। निराश मुद्रा म बठा हुआ ही था कि मेरा लडका स्व झवरलाल आ गया। मैंने उस गीत की प्रेक्टिस करवाई। उसने पहली बार यह गीत भुजिया बाजार की सभा म गाया। डा हरिप्रसाद के पुत्र स्व प्रद्युम्नकुमार तथा जयहिन्द प्रकाश ने वाद्ययत्रो पर सगति की। चुनाव सभा म अपार जन समुदाय था। दोरे व्यासजी जिन्दाबाद के नारे जम कर लग रहे थे। गुरु महाराज की कृपा से गीत हिट हो गया। जनता साथ साथ गाने लगी। हर अन्तरे पर करतल ध्वनि होने लगी। गीत जनता की जबान पर चढ गया—

डिक्टेटर का कट्टर दुश्मन है यह बीकानेर

सारा बीकानेर सत्य की रहा है। माला फेर। डिक्टेटर सच्चे नेता की पहचान यही है कि वह अपने साथ भावी नेतृत्व को भी पनपाता रहता है। वह आत्म केन्द्रित नही होता-किशोरो और युवको की एक पीढी का तयार करता है। स्व मुरलीधर व्यास म यह विशेषता थी। वे प्रत्येक व्यक्ति के छद्म गुणो को पहचानकर उसे आम लोगो के सामने आगे लाने की चेष्टा किया करते थे। उनके चुम्बकीय प्रभाव म किशोर भी आए और युवक भी। साधारण आर्थिक स्थिति के किशोर और युवको म से एक है श्री विशन मतवाला। श्री विशन मतवाला आपत कालीन स्थिति के दौरान 19 महीनो तक बीकानेर की जेल म बदी रहे थे। उन्होने साहस और जीवट की दीक्षा व्यासजी से ही ली थी। श्री मतवाला का कहना है– आदरणीय श्री मुरलीधर जी व्यास मेरे सार्वजनिक जीवन के अग्रणी रहे है। उनके जीवन को देख कर उनसे प्रेरणा लेकर मैंने अपना सार्वजनिक जीवन बनाया। मैंने स्व

मुरलीधर जी व्यास के साथ पहली बार सन् 1966 वे जेल यात्रा की। दाती बाजार मे धारा 144 को हमने तोडा तथा गिरफ्तार कर लिए गए। ठिठुरती सर्दी म हम पहले पुलिस लाइ स ले जाया गया फिर रात्रि को लगभग 2 3 बजे जेल म डाल दिया गया। आन्दोलन के दौरान बहुत सारे लोग जेल गए थे जिनम स्व मुरलाधर व्यास, भीम पाडिया, हनुमान दास आचाय माणिकचद सुराणा मास्टर सु दर दास स्व डा जगन्नाथ (जग्गू) तथा मेरा नाम सम्मिलित है। इस आन्दोलन के दौरान सिटी उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास अश्रुगस छाडी गई। अदालत के अहाते म लाठी चाज किया गया तथा सारे स्कूल कॉलेज बन्द रहे।

'दूध-निकासी आदोलन' के समय कई महिलाए भी जेल गई जिनम चादा देवा, गुलाब देवा मन्नजी व्यास की धम पत्नी वशीधर जी व्यास की धम पत्नी श्रीमती राधा बाई तथा मुरलीधर जी की लडकी शान्ति भी थी। पुलिस चुपचाप महिलाओ को रिहा करना चाहती थी लेकिन व्यासजी का जबरदस्ती जेल म डाल कर बाद म रिहाई करने को आमादा थी। व्यासजी ने उन्ह डाटा मुझे जबरदस्ती जेल म डाल कर महिलाओ के साथ अभद्र व्यवहार कर के उन्ह अपमानित करना चाहते हो। मैं ऐसा नही होने दूगा। पहले महिलाओ को जेल के भीतर भेजो फिर मैं बात करूगा। महिलाओ के छोडे जाने पर उन्ह मालाए पहनाई गई।

जब मुझे मजिस्ट्रेट के सामन पेश किया गया ता मजिस्ट्रट न पूछा तुमन धारा 144 तोडी? मैंने कहा-हा बार बार तोडी और बाहर निकला तो फिर तोडूगा। यह सारा जोश खरोश और साहस व्यास जी की ही देन थी।

व्यासजी ने जिन परिपक्व चितनशील युवको को तयार किया उनम दो नाम सहज ही सामन आते हैं। एक हैं श्री बुलाकी दास बावरा तथा दूसरे हैं श्री लालचन्द भावुक। दोनो कवि हैं ओजस्वी वक्ता हैं तथा शिक्षक समाज म प्रतिष्ठित हैं। श्री बावरा जन विद्यालय के समय स ही व्यासजी की सभाओ म कविताए बोला करते थे जुलूसो म जाते सभाओ की व्यवस्था करते तथा चुनाव के समय लोकप्रिय गीत बना कर सभाओ म गाया करते थे। उनका गीत 'मतवाली दुल्हन' आज भी जन जन की जुबान पर है। श्री भावुक अत्यन्त ओजस्वी वक्ता तथा प्रखर कवि हैं। उन्होंने कई सघर्षों म किशोरावस्था से ही व्यासजी का साथ देना शुरू कर दिया था। व्यासजी की सभाओ म वे कविताए बोलते तथा भाषण दिया करते थे। चुनाव के दिनो म व्यासजी के लिए प्रचार करने, जनमत को प्रभावित करने तथा कई यात्राओ म उनके साथ रहने का सौभाग्य श्री भावुक को प्राप्त है। सरकारी सेवा म रहते हुए भी श्री भावुक ने सदव साहस का वरण किया। श्री भावुक आज भी कमचारी आन्दोलनो तथा अन्य सघर्ष की घडियो म सदा आगे रहते हैं। यही स्थिति श्री बावरा की भी है।

कवि श्री अब्दुल वहीद कमल का कहना है कि आदरणीय व्यासजी की जिंदगी के मुख्तलिफ पहलुओं पर बहुत कुछ कहा जा सकता है और कहा जाता रहेगा। यह है भी एक हकीकत कि उनकी शख्सियत, खासतौर पर सियासी शख्सियत का जामा इतना वसीह है कि उस पर जितना भी कहा जाय कम है। उनके नजदीकी और दूर के लोग इस सच्चाई से वाकिफ वावस्ता है कि व्यासजी की शख्सियत सही मान में सैक्यूलेरिज्म की हामी जुल्म के खिलाफ, मजलूम और मेहनतकश की बहुत बडी हिमायती थी। ऐसी शख्सियत का, जिसकी मुल्क की जंगआजादी मे लेकर किसी सियासी मामला में मुल्क के किसी बड़े लीडर से कम देन नहीं रही है जिसकी आवाज का बुलन्दी राजस्थान की असैम्बली में ही नहीं, बल्कि मरकजी हकूमत के कानों तक को चाका देती थी और मरकज की नेहरू सरकार से लेकर प्रोविंस की सुखाडिया सरकार तक में एक मुखालिफ पार्टी के लीडर की हैसियत से जनाब व्यासजी को जो दर्जा हासिल था वह सियासतदां को खूबी जानता है।'

व्यासजी के जीवन का इतिहास अनेक घटनाओं को समेटे हुए है। अनेक व्यक्ति उनसे प्रभावित हुए तथा पूरे प्राणप्रण से उनके अनुयायी—एक प्रकार से अंध समर्थक तक बन गये। आज भी ऐसे हजारों व्यक्ति—व्यापारी, सरकारी कर्मचारी, मजदूर, ठेले वाले श्रमिक संघों के सदस्य पुरुष और महिलाएँ हैं जो बात बात में व्यासजी का गुणगान करते नहीं चूकते। उनके लिए मुरलीधरजी एक पूर्णतया आदर्श पुरुष, एक निस्पृह समाजसेवी एवं एक ऐसे सशक्त जननेता थे जिनका विकल्प आज तक उन्हें नहीं मिला।

व्यासजी के प्रमुख समर्थकों में श्री रजनीदास हर्ष का नाम महत्वपूर्ण है। श्री हर्ष ने उनके नेतृत्व में आन्दोलनों में भाग लिया सम्मेलनों का आयोजन किया तथा कर्मठ युवकों का एक समूह तैयार किया। 'द्रौपदी की आवाज' के सम्पादक के रूप में श्री हर्ष का योगदान सदैव याद रहेगा। व्यासजी जैसे नेता के सान्निध्य में रहने से उन्हें भारत के महान समाजवादी नेताओं के सम्पर्क में आने का भी अवसर प्राप्त हुआ। श्री हर्ष स्वयं एक अच्छे लेखक है। जब माया पत्रिका ने मुरलीधर जी का नामोल्लेख किये बिना अपना एक लम्बा लेख छापा तो श्री हर्ष ने उसका अत्यन्त पुरजोर प्रतिवाद किया। 'माया' के सम्पादक का कहना था कि भविष्य में यदि ऐसी कोई सामग्री मुद्रित होगी तो उस समय इस तथ्य पर पूरा ध्यान रखा जाएगा।

व्यासजी के समर्थकों में श्री गिरधर चन्द सुराणा एवं श्री सुखदेवजी मुनीम का नाम अग्रगण्य है। इन लोगों ने विरोधी शक्तियों की परवाह नहीं करते हुए सदैव व्यासजी का साथ दिया तथा उनके द्वारा संचालित आन्दोलनों में पूर्ण सहयोग दिया। व्यासजी

के चुम्बकीय व्यक्तित्व से ये हमेशा प्रभावित तथा अनुप्राणित रहे तथा आज भी हैं।

बीकानेर में भारत सेवक समाज को प्रारम्भिक वर्षों में गतिशील बनाने वाले तथा समाज सुधार के अनेक आयाम स्थापित करने वालों में श्री लूणकरण जी पुरोहित का नाम अग्रगण्य है। श्री पुरोहित भी व्यासजी के प्रमुख समर्थकों में रहे हैं। उन्होंने सामाजिक जीवन में जो मानक स्थापित किये व आज भी भारत सेवक समाज के उन दिनों के संचालकों तथा सदस्यों में चर्चित हैं। व्यासजी के संस्मरण सुनाते हुए श्री पुरोहित भावविभोर हो जाते हैं तथा ऐसे प्रेरणास्पद ढंग से सारी घटनाओं का वर्णन करते हैं कि उस समय का चित्र आँखों के सामने आ जाता है। सब जानते हैं कि व्यासजी का बहुआयामी व्यक्तित्व राष्ट्रीय धरातल से गाँव शहर तक छाया हुआ था। उन्होंने एक ऐसी पीढ़ी का नेतृत्व किया जो आज भी जीवन के विविध क्षेत्रों में पूरी सिद्धान्तप्रियता तथा संघर्षशीलता से अपना वर्चस्व स्थापित किये हुए है।

इस अध्याय में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से लेकर किसान मजदूर तथा छात्रवर्ग तक के विचार संकलित किये गये हैं। सैकड़ों ने अपनी बात कही पर हजारों हजारों के विचार इन बातों के समर्थन में अनकहे रह गये हैं। हर पीढ़ी अपने लिए एक आदर्श पुरुष चाहती है जिससे संकट की घड़ियों में भी प्रेरणा ली जा सके। आज के समझौतापरक सिद्धान्तहीन तथा स्वार्थी युग में उन महापुरुषों की पीढ़ी सिमट कर रह गई है जो जन की पीड़ा को मिटाने के लिए अपने आप को कुर्बान करने को तैयार रहें जो जनहित में समर्पित हों तथा किसी भी परिस्थिति में अथवा किसी भी लोभ के कारण विचलित नहीं हों। ऐसे शिखर पुरुष, ऐसे सलाका पुरुष, ऐसे आदर्श पुरुष कम अवश्य होते हैं। लेकिन जब भी सामने आते हैं जमाना उनके साथ चलने लगता है। व्यासजी उनमें से एक थे।

व्यासजी की मृत्यु के बाद बीकानेर तथा राजस्थान में उनके नाम पर कई आयोजन हुए हैं। बीकानेर नगर में उनकी दो मूर्तियाँ हैं—एक स्टेशन के पास आदमकद प्रतिमा तथा दूसरी सुथारों की बड़ी गुवाड़ में मूर्ति। एक का अनावरण लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने किया तो दूसरी का लोकप्रिय महाराजा डा. करणीसिंह ने। उनके नाम पर ट्रस्ट स्थापित हुआ सम्मेलन आदि किये गये तथा कलकत्ता में भी कार्यक्रम हुए—उन सबका विवरण आगामी अध्याय में है।

लोकनेता स्व श्री मुरलीधर व्यास पी बी एम हास्पिटल क एक कक्ष म।
क्रूरतम लाठिया की मार स आहत।

लोकनेता श्री मुरलीधर व्यास का पार्थिव शरीर एवं पास में बैठे हैं व्यासजी के परिजन एवं अनुयायी श्री विष्णुदत्त नू एवं श्री मगनलाल आचार्य।

नेता स्व. श्री मुरलीधर व्यास की महा प्रयाण यात्रा का एक विशाल जुलूस बीकानेर के सिंह द्वार कोटगेट के आर पार।

महाप्रयाण का एक दृश्य।
अपार जन समुदाय अपने नेता को कंधा देकर अश्रुपूरित विदाई दे रहा है।

चिर निद्रालीन लोकनेता श्री मुरलीधर व्यास का अंतिम दर्शन

लाकनेता स्व श्री मुरलीधर व्यास की अतिम यात्रा। महाप्रयाण के पदचाप ।

लोकनता स्व श्री मुरलीधर व्याम की अतिम धूम यात्रा। पचभूत म विलीन काया भस्मीभूत हुई। अगणित जन समुदाय की अश्रुपूरित आँखें नम हाकर गम म घर गइ—जब तक सूरज चाँद रहेगा—मुरली तेरा नाम रहेगा।

लोकनेता स्व श्री मुरलीधर यास की स्मति म आयोजित कायक्रमा के बारे म जानकारी देते हुए श्री बालच द साड। तत्कालीन पुलिस उप महानिरीक्षक श्री भागीरथ राय विश्नाई एडवाकेट श्री पुनमचद खडगावत श्री प्रमबहादुर सक्सना श्री कमल मुकीम एव श्री नारायणदास यास दत्त चित्त हाकर सुन रह हैं।

नोकनता स्व श्री मुरलीधरजा व्यास की पुण्य स्मति म आयाजित सभा म मुख्य अतिथि डा करणीसिहजी भूतपूव महाराजा बाकानर का स्वागत कर रह हैं माल्यापण स

लाकनता स्व श्री मुरलीधर व्यास की स्मृति स्वरूप मुकीम-बोथरा चौक, बीकानेर म
आयाजित थली भेंट सभा के माक्षी हैं डॉ करणीसिंहजी, गाकुलप्रसाद पुरोहित
गोपाल जोशी, मानीलाल रगा, भवानी शकर व्यास, बालचन्द सांड ।
श्री लहरचन्द मुकीम श्रद्धाजलि देते हुए ।

लोकनता स्व श्री मुरलीधर व्यास की स्मृति में थली भेंट सभा क मच के एक दश्याकन मे
श्री नारायणदास रगा श्री लहरचन्द मुकीम डा करणीसिंहजी श्री बालचन्द साड
श्रीशुभू पटवा श्री गणेश रगा, श्री मातीलाल रगा श्री भवानी शकर व्यास
विनाद एव श्री राजेन्द्र कुमार साड आदि स्मृतियां की लहरा म आत्मविभोर

बीकानेर स्टेशन पर स्थित स्व. श्री मुरलीधर व्यास की आदमकद मूर्ति की
स्थापना हेतु नेपाल के भू.पू. प्रधानमंत्री श्री मातृकाप्रसाद कोयराला
भूमि-पूजन करते हुए।

बीकानेर म स्व श्री मुरलीधर व्यास की प्रतिमा प्रतिस्थापन के म दम् म पधार नेपाल क भू पू प्रधानमंत्री श्री मातृका प्रसाद कोयराला दम्पति क साथ मच पर सर्व श्री भानुप्रतापसिंह (भू पू मंत्री नपाल) भवरलाल काठारी सत्यनारायण पारीक, तालाराम दुग्गड एव अन्य नागरिकगण

स्टेशन के पास स्व व्यासजी के प्रतिमा स्थल पर शिलान्यास कायक्रम का एक दृश्य। चित्र म मुख्य अतिथि श्री एम पी कायराला परिवार, श्री भानुप्रतापसिंह (भू पू मंत्री नपाल) एव श्री भँवरलाल कोठारी क सान्निध्य म कायक्रम का सचालन करत हुए श्री भवानीशंकर व्यास। आत्मविभार हाकर गीत प्रस्तुत करत हुए श्री शिवदयाल व्यास बुई महाराज'।

लोकनायक स्व. श्री जयप्रकाश नारायण बीकानेर में लोकनेता श्री मुरलीधर व्यास की मूर्ति अनावरण के बाद जुलूस में जनता का अभिवादन स्वीकारते हुए आगे बढ़ रहे हैं। जीप में आगे की ओर बैठे हैं प्रमुख सर्वोदयी नेता श्री गोकुल भाई भट्ट एवं श्री सिद्धराज ढड्ढा। श्री आर. के. दास गुप्ता पास में खड़े हैं।

व्यासजी की मूर्ति के अनावरण के अवसर पर लोकनायक श्री जयप्रकाश नारायण के आगमन पर बीकानेर स्टेशन के बाहर उमड़ता हुआ जन-समुदाय।

बीकानेर रेल्वे स्टेशन के बाहर स्थित जननेता स्व. मुरलीधर व्यास की आदमकद मूर्ति का एक दृश्य। मूर्तिकार श्री ईसरजी सुथार द्वारा माल्यार्पण।

स्व श्री मुरलीधरजी व्यास की प्रतिमा

डा करणीसिहजी द्वारा लोकनेता स्व श्री मुरलीधर व्यास की मूर्ति को माल्यापण।

काल को चीरती हुई एक दिव्य स्मृति-रेखा

राजनीतिक जीवन अनेकों उतार चढ़ावों से युक्त होता है। बुलन्दी के दिन आते हैं तो गर्दिश के दिन भी पीछा नहीं छोड़ते। जनता की स्मृति इतनी लघु होती है कि गर्दिश में आये हुए नेताओं को विस्मृत करते देर नहीं लगती। बुलन्दियों के जो शिखर केवल राजनीतिक जोड़तोड़ के बल पर दमदमाये थे वे देखते ही देखते ध्वस्त हो जाते हैं। कई नेताओं का तो कोई नामलेवा भी नहीं रहता। हाँ, त्याग और तपस्या, सेवा और साधना, संघर्ष और चेतना के बल पर जो आगे बढ़ते हैं वे नेता अमर हो जाते हैं। न तो उन्हें राजनीतिक बुलन्दी लुभाती है और न गर्दिश के दिन उनके उज्ज्वल नाम के आगे धब्बा ही ला सकते हैं। स्व. मुरलीधर व्यास ऐसी उज्ज्वल और त्याग परम्परा के अंग थे। यही कारण है कि न तो जनता ने उनको अपने जीवन काल में भुलाया और न मृत्यु के बाद के 18 वर्षों में ही आज तक भुला पाई है।

बीकानेर नगर में उनकी दो भव्य मूर्तियाँ हैं—एक आदमकद मूर्ति स्टेशन के बाहर है तो दूसरी सुथारों की बड़ी गुवाड़ में है। नगर निवासी प्रतिवर्ष उनके दो दिवस मनाते हैं—30 मई को स्मृति दिवस तथा 4 जुलाई को जयन्ती उत्सव। समाज सुधार के काम हों या चुनावी दंगल के दिन—मुरलीधर व्यास आज भी लोगों की चेतना में छाये हुए हैं।

व्यासजी की मृत्यु के एक वर्ष के भीतर दो महत्वपूर्ण घटनाएँ हुईं। 23 जनवरी 1972 को सुथारों की बड़ी गुवाड़ में उनकी भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि महाराजा डॉ. करणीसिंह ने जब जनता के श्रद्धा भाजन नेता की मूर्ति का अनावरण किया तो सारा वातावरण व्यासजी की जय जयकार से गूंज उठा। सुभाष जयन्ती का दिन और व्यासजी की प्रतिमा का अनावरण—दोनों ऐसी बातें थीं जो सिद्धान्तों और आदर्शों के लिए उत्सर्ग करने वाले नेताओं की स्मृति को जीवन्त बना रही थीं। सभा में लगभग सभी विचार धाराओं और दलों के नेताओं ने व्यासजी को अपनी श्रद्धांजलियाँ दीं। कवियों ने उनकी स्मृति में कविता पाठ किया तथा श्रद्धालुओं ने मेरे व्यासजी जिन्दाबाद के नारों के साथ अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति की। श्रद्धांजलि देने वाले नेताओं में प्रमुख थे सर्व श्री पण्डित प्रेम नारायण वैद्य, बाबूलाल व्यास, शिवकिशन आचार्य, नन्दलाल, जनार्दन व्यास, भंवरलाल कोठारी

किशन भा, बुलाकीदास वोहरा और नारायणदास रंगा आदि। काव्यांजलि देने वाले कवियों में बुलाकीदास बावरा', भवानीशंकर व्यास विनोद', लालचंद भावुक भंवरलाल जोय अम्बिकादत्त गोस्वामी आदि के नाम उल्लेखनीय है। कार्यक्रम का संचालन श्री बुलाकीदास जोशी ने किया। प्रतिमा को माल्यार्पण करने एव पुष्पांजलि देने वालों का उत्साह देखते ही बनता था। दो तीन हजार व्यक्तियों के कंठों से निकलने वाली जय जयकार ध्वनि वातावरण को एक मादक एव अविस्मरणीय स्वरूप दे रही थी। महाराजा डा करणीसिंह जी तो इतने अभिभूत थे कि उनके शब्दों में विषाद और आन्तरिक भावनाओं की मिलीजुली ध्वनियाँ मुखरित हो रही थी। व्यासजी के निधन को उ होंने पूरे राजस्थान के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। दूसरी महत्वपूर्ण घटना 9 फरवरी 1972 को हुई। कलकत्ता के प्रवासी राजस्थानी भाइयों और व्यासजी के शिष्यों ने श्रद्धा के अनुष्ठान के रूप में बीस हजार रुपयों की धनराशि एकत्रित की थी। व्यासजी के परिवार के लिए एक कोष का निर्माण किया जा रहा था। सबकी इच्छा थी कि इस अवसर पर महाराजा डा करणीसिंह जी पधारें और बीस हजार रुपयों की यह राशि व्यासजी के परिवार हेतु अपने कर कमलों से प्रदान करें। मुकीम बोथरा के मोहल्ले में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा प्रारंभ होने से लगभग दो घण्टे पहले ही वाहनों के आवागमन को रोक दिया गया था। सड़क के दोनों ओर जहां तक नजर जाती थी, लोगों की अपार भीड़ थी। विशाल जन समुदाय और जय जयकार के गगन भेदी नारे श्रद्धा का एक उमड़ता हुआ सैलाब मुख्य अतिथि को माल्यार्पण करने वालों की एक अपूर्व होड़ और उसके बीच में व्यासजी के चित्र के सामने पुष्पांजलि के मार्मिक दृश्य सभी लोग जैसे एक अविस्मरणीय दृश्य पटल के गवाह बने हुए थे।

व्यासजी को श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख थे—महाराजा डा करणीसिंह जी, सर्व श्री रतनलाल पुरोहित (जोधपुरवाले) विधायक गोकुलप्रसाद पुरोहित गोपाल जोशी, गोविन्दलाल वैद्य सत्यनारायण पारीक माणकचंद सुराना, भंवरलाल कोठारी शिवकिसन आचार्य कजासा' सत्यनारायण पुरोहित नारायणदास रंगा मक्खन जोशी भंवरलाल चोरडिया शुभू पटवा बुलाकीदास बोहरा और विष्णुदत्त टू पहलवान आदि। ट्रस्ट की तरफ से बीस हजार रुपयों की थैली श्री बालचन्द सांड एव श्री लहरचन्द मुकीम ने अर्पित की तथा महाराजा डा करणीसिंह जी ने उसे ग्रहण करते हुए व्यासजी के परिवार के लिए बनाये गये कोष हेतु प्रदान कर दी। इस अवसर पर दो प्रमुख श्रमिक नेताओं के भी भाषण हुए। काव्य के माध्यम से श्रद्धांजलि देने वालों में सर्व श्री बुलाकीदास बावरा लालचन्द भावुक एवं भंवरलाल जोय प्रमुख थे। स्वर-साधक मोतीलाल रंगा उनके सुपुत्र भंवरलाल रंगा एवं साथी बुई महाराज ने जब अपने भावप्रवण गीत प्रस्तुत किये तो हजारों कंठों ने उनके साथ संगति की।

भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री मातृकाप्रसाद कोयराला एवं भूतपूर्व मंत्री श्री भानुप्रतापसिंह किसी विवाह समारोह में भाग लेने बीकानेर आये हुए थे। स्मारक निर्माण समिति के सदस्यों ने श्री कोयराला से आग्रह किया कि वे मूर्ति स्थल का विधिवत् शिलान्यास करें। समारोह में कोयराला दम्पति और भानुप्रतापसिंह दम्पति के अतिरिक्त प्रमुख उद्योगपति श्री तोलारामजी दुगड़ (नेपाल वाले) भी उपस्थित थे। मंत्रोच्चारण एवं भूमि पूजन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्थानीय प्रतिनिधि दैनिक (सप्ताक) के अनुसार समारोह में सैकड़ा नर नारियों ने उपस्थित होकर व्यासजी के प्रति श्रद्धा और प्रेम का परिचय दिया। इस अवसर पर श्री एम पी कोयराला ने लोकनायक मुरलीधर व्यास स्मारक समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए व्यासजी की लोक सेवा की भावना की सराहना की। समिति के अध्यक्ष श्री भवरलाल कोठारी ने उपस्थित जन समुदाय के सामने समिति द्वारा किये गये कार्यों का विस्तार से ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए व्यासजी की लोकप्रियता और महानता को निर्विवाद बताया। व्यासजी के भक्त श्री मोतीलाल रंगा ने समारोह में अपने बहुचर्चित गीत सुनाये जो जनता ने बहुत पसंद किये। कवि बुलाकीदास बावरा ने कविता पाठ किया। शिला न्यास से पूर्व समिति के सचिव श्री हीरालाल आचार्य ने अपने विचार रखते हुए इस समारोह को दलगत राजनीति से ऊपर एक लोकमंच की संज्ञा दी। समाजवादी नेता सत्यनारायण पारीक ने अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी महानुभावों को धन्यवाद दिया। संयोजन श्री भवानीशंकर व्यास विनोद ने किया।

सभा में भाषण देने वालों में सर्वश्री मातृकाप्रसाद कोयराला (भूतपूर्व प्रधानमंत्री, नेपाल), श्री भानुप्रतापसिंह (भूतपूर्व मंत्री नेपाल) श्री भवरलाल कोठारी श्री सत्यनारायण पारीक श्री हीरालाल आचार्य तथा श्री नारायणदास रंगा आदि प्रमुख थे। बुई महाराज के मार्मिक भावप्रवण गीतों को सुनकर श्रोतागण अभिभूत हुए बिना नहीं रहे।

लोकप्रिय पाक्षिक पत्र सप्ताहान्त ने अपने राजस्थान दिवस विशेषांक में समारोह का सटीक विवरण प्रस्तुत किया। पत्र के अनुसार स्टेशन के सामने जहाँ प्रतिमा अवस्थित होगी एक विशाल समारोह हुआ। नेपाल के भू पू प्रधानमंत्री कोयराला ने कहा कि इस महान नेता की प्रतिमा लगाना बीकानेर की राजनीतिक चेतना के प्रति अमिट श्रद्धा का कार्य है। श्री व्यासजी राजस्थान में समाजवादी दल के प्रमुख नेता थे तथा एक दशक तक प्रदेश की विधानसभा में विरोधी दल के प्रमुख नेता रहे थे। स्थानीय साप्ताहिक के अनुसार सभा में नगर के प्रसिद्ध सामाजिक, राजनीतिक तथा मजदूर संगठनों के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। पत्र ने

कायरालाजी को उद्धृत करते हुए लिखा कि व्यासजी उन लोगो मे से एक थे जो समाज को कुछ देते हैं, लेते नही। समारोह मे घोषणा की गई कि व्यासजी की प्रतिमा के अनावरण के लिए लोकनायक श्री जयप्रकाश नारायण से अनुरोध किया जाएगा।

स्थानीय एव बाहर के प्रमुख पत्रो के माध्यम से इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार हुआ। प्राय सभी ने मुरलीधरजी के अनन्य शिष्य श्री बालचन्द साड के प्रयत्नो की सराहना की जो व्यासजी के अन्य समर्थको के साथ मिलकर इस जन-नेता की स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने मे सक्रिय रहे हैं।

मार्च 1974 मे ही एक विचार रह रह कर कौंधने लगा था कि व्यासजी जैसे तपोनिष्ठ व्यक्ति के जीवन वृत्त को प्रकाशित करवाया जाए ताकि आने वाली पीढियो के सामने एक मानक आदर्श प्रस्तुत किया जा सके। 20 मार्च 1974 को जब सप्ताहान्त कार्यालय की एक मित्र गोष्ठी मे इस विचार को संस्थाबद्ध स्वरूप दिया गया उस समय एक धुंधली सी रूपरेखा सामने था। विचार यह था कि लोकनायक मुरलीधर व्यास स्मृति ग्रन्थ के प्रकाशन हेतु एक व्यवस्था समिति गठित की जाये जो ग्रंथ सम्बन्धी प्रबन्धकीय दायित्वो का निर्वहन करे। कुछ समय बाद जब समिति गठित की गई तो उसमे निम्नांकित सदस्य सम्मिलित किये गये सर्वश्री बालचंद सांड, महरचन्द मुकीम, भवरलाल कोठारी, चांदमल अम्भाणी, झवरलाल बोथरा, मोहनलाल पुरोहित, नारायणदास रंगा, रिखबदास भमाली, हिम्मत भाई मानीलाल मालू तथा धनराज कोठारी।

व्यासजी के मूर्ति-स्थल के शिलान्यास के समय से ही लोगो की इच्छा थी कि मूर्ति का अनावरण लोकनायक श्री जयप्रकाश नारायण के कर कमलो द्वारा करवाया जाए। इस सम्बन्ध मे जयप्रकाशजी से जब अनुरोध भी किया गया तो वे तत्काल तैयार हो गये लेकिन तिथि फिर भी निश्चित नही हो पा रही थी। 25 अक्टूबर 1974 को एकाएक यह सूचना मिली कि बाबू जयप्रकाश नारायण 27 अक्टूबर 1974 को बीकानेर आने वाले हैं। दो दिन मे ही अनथक प्रयासो से मूर्ति स्थल पर मूर्ति को अवस्थित कर लिया। 27 अक्टूबर को प्रात दिल्ली मेल से जयप्रकाशजी बीकानेर पधारे। स्टेशन पर उनका भावभीना स्वागत किया गया। बीकानेर मे उनका प्रथम सार्वजनिक कार्यक्रम स्व मुरलीधर व्यास की प्रतिमा के अनावरण का ही था। अनावरण के समय जयप्रकाशजी ने कोई भाषण नही दिया, सिर्फ इतना भर कहा कि शाम को स्टेडियम मे होने वाली सभा मे वे मुरलीधर व्यास के बारे मे अपने विचार

प्रकट करेंगे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण को एक भव्य जुलूस एवं जय जयकार के नारों के साथ नगर में ले जाया गया।

दिन के समय चिलचिलाती धूप की पर्वाह न करते हुए हजारों नागरिक स्टेडियम मैदान में एकत्रित हुए। सभा की अध्यक्षता की सुप्रसिद्ध दर्शनवेत्ता एवं तात्विक चिंतक डा छगन मोहता ने। स्व मुरलीधर व्यास को श्रद्धांजलि देते समय श्री जयप्रकाश नारायण भाव विभोर हो गये—बोले वे मुझसे बहुत छोटे थे—होना तो यह चाहिए था कि वे मेरी प्रतिमा का अनावरण करते लेकिन नियति को यही मंजूर था कि उनकी प्रतिमा का अनावरण आज मैं करूं। वे त्याग और संघर्ष की मूर्ति थे। कोई भी लालच उन्हें डिगा नहीं सकता था। वे सच्चे गांधी थे और राजनीतिक भ्रष्टाचार का विरोध करने में सदैव आगे रहते थे। ऐसे नेता दुर्लभ होते हैं और उनका स्थान जनता के दिलों में होता है। जिस समय जयप्रकाशजी ये उद्गार प्रकट कर रहे थे रह रह कर नारे सुनाई देते थे—लोकनायक जयप्रकाश नारायण—जिन्दाबाद स्वर्गीय मजदूर नेता मुरलीधर व्यास—अमर रहे। लगभग एक घण्टे से भी अधिक समय तक जयप्रकाशजी ने देश की हालत से लोगों को अवगत किया। उनके भाषण का तेवर क्रांतिकारी था—आने वाले दिनों की पद चाप साफ सुनाई देती थी उस भाषण में।

स्वर्गीय व्यासजी की मृत्यु के उपरान्त उनकी स्मृति में समय समय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। कुछ कार्यक्रम तो इतने स्मरणीय थे कि समय का अन्तराल भी उनके प्रभाव को मिटा नहीं सकता। ऐसा ही एक भव्य आयोजन 1 दिसम्बर 1974 को महावीर जैन स्कूल 18 सुकियास लेन कलकत्ता में सम्पन्न हुआ। यह अपने आप में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तो था ही, पर उपस्थित वक्ताओं के भाषणों ने उसे एक स्मृति सभा का रूप भी दे दिया। कलकत्ता के नियमित हिन्दी दैनिक विश्वमित्र एवं सन्मार्ग में कार्यक्रम की पूर्व सूचना प्रकाशित हुई तथा दूसरे दिन समाचार-पत्रों में कवि सम्मेलन एवं स्मृति सभा का सचित्र विवरण प्रकाशित किया गया। खचाखच भरे हुए हाल में एक तरफ मुरलीधरजी का चित्र सज्जित था। श्रद्धा पुष्पों से सुरभित और दमकते हुए चेहरे का एक भव्य चित्र और सामने बैठे थे सैकड़ों प्रशंसक श्रोता के रूप में। प्रारम्भ में श्री शिवबदास भसाली एवं भवानीशंकर व्यास विनोद ने व्यासजी के जीवनवृत्त का वर्णन करते हुए उनकी स्मृति में आयोजित कई समारोहों का परिचय दिया तथा व्यासजी के व्यक्तित्व पर प्रकाशित होने वाले ग्रंथ की रूपरेखा प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि श्री आत्मप्रकाश शुक्ल, श्री रामावतार शशि आदि के साथ श्री भवानीशंकर व्यास विनोद ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध

